रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

www.sonvarshavani.com

रांची ● वर्ष -03 ● अंक - 23 ● सोमवार, 4 मार्च 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## दमन और दीव से चुनाव लड़ सकती हैं प्रियंका !

### सस्पेंश के बीच कांग्रेस नेता केतन पटेल का है बड़ा दावा

**दमन और दीव (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी आगामी लोकसभा चुनाव दमन और दीव से लड़ सकती हैं। केंद्र शासित प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष केतन पटेल ने रविवार को इसकी जानकारी दी। केतन ने कहा- प्रियंका गांधी यहां से संभावित उम्मीदवार हो सकती हैं, क्योंकि पार्टी आलाकमान ने



उन्हें इसके लिए डेटा इकट्ठा करने के लिए कहा है। मैं इस प्रस्ताव का स्वागत करता हूं। केतन ने बताया, प्रियंका के आने से पूरा दक्षिण गुजरात जो हमेशा कांग्रेस के साथ रहा है और सौराष्ट्र जो दीव से सटा हुआ है, उसे यहां फायदा होगा। पार्टी जो डेटा कलेक्ट कर रही है उसमें जमीन हकीकत जैसे बिंदु शामिल हैं। इस दौरान मतदाताओं की पसंद और उम्मीदवारों के पिछले प्रदर्शन को देखा जाएगा। कांग्रेस की तरफ से फिलहाल लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की एक भी लिस्ट जारी नहीं की गई है। हालांकि प्रियंका गांधी के दमन और दीव के अलावा यूपी के रायबरेली से भी चुनाव लड़ने की चर्चा है। रायबरेली से मौजूदा सांसद सोनिया गांधी ने इस बार राज्यसभा के लिए नामांकन भरा है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी सोनिया की सीट से परिवार के किसी सदस्य को ही टिकट दे सकती है।

## पवन सिंह का इनकार, आसनसोल से नहीं लड़ेंगे चुनाव

### बीजेपी ने कल ही बनाया था उम्मीदवार, टीएमसी का तंज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के स्टार पवन सिंह ने आसनसोल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने एक्स कर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने अपने




संदेश में लिखा, भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। पवन सिंह के चुनाव लड़ने से इनकार करने पर तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पवन सिंह के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा, यह पश्चिम बंगाल के लोगों की अदम्य भावना और शक्ति है। भाजपा के द्वारा कल ही 195 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की गई थी, जिसमें पवन सिंह का भी नाम शामिल था। बीजेपी ने उन्होंने पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से उम्मीदवार बनाया था, जहां से टीएमसी से शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं।

## शहबाज शरीफ के हाथ होगी पाक की कमान

### लगातार दूसरी बार बने प्रधानमंत्री, इमरान को बड़ा झटका

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** शहबाज शरीफ को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है। प्रधानमंत्री के चुनाव के लिए पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में वोटिंग हुई। नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने वोटों का रिकॉर्ड पेश किया। अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए कहा कि शहबाज शरीफ 201 वोट पाकर दूसरी



बार प्रधानमंत्री चुने गए हैं। तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शहबाज शरीफ साल 2022 में पहली बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री के तौर पर उनका पहला कार्यकाल सिर्फ 16 महीने तक का ही रहा। अगस्त 2023 में अपनी सरकार का कार्यकाल पूरा होने पर शाहबाज शरीफ ने दावा किया था कि उन्होंने पाकिस्तान को डिफॉल्ट से बचाया। उन्होंने कहा कि जिन परिस्थितियों में उन्हें अर्थव्यवस्था मिली। उन्होंने 16 महीनों में जितना संभव हो सके उतना प्रयार किया है। अब एक बार फिर 9 फरवरी 2024 को चुनाव के नतीजों और नई नेशनल असेंबली के गठन के बाद उन्हें दूसरी बार पाकिस्तान का प्रधानमंत्री चुना गया है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शाहबाज शरीफ का जन्म 195 0 में लाहौर में हुआ था। शहबाज शरीफ को 1985 में लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का अध्यक्ष भी चुना गया था।

# चार धाम यात्रा पर अब पड़ेगी महंगाई की मार

### केदारनाथ हेली सेवा का 5 फीसदी बढ़ेगा किराया

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड चार धाम यात्रा 2024 पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों को महंगाई का सामना करना पड़ेगा। बदरीनाथ, गंगेत्री-यमुनोत्री समेत चारों धामों में यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल से भारी संख्या में तीर्थ यात्री दर्शन करने को आते हैं। आगामी यात्रा सीजन में केदारनाथ धाम हेली सेवा किराया पिछले साल के मुकाबले बढ़ेगा। केदारनाथ हेली सेवा के किराये में पांच फीसदी तक बढ़ोतरी होगी। इस बार भी टिकट बुकिंग आईआरसीटीसी वेबसाइट के जरिए ही होगी। केदारनाथ सहित चारों धामों के कपाट खुलने की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। इसी के साथ उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के पास देशभर से हेली टिकट बुकिंग की पूछताछ आने लगी है। यूकाडा पिछले साल ही धाम के लिए तीन साल तक सेवा देने के लिए ऑपरेटर और किराया तय कर चुका है। तय शर्त के अनुसार ऑपरेटर बेसिक किराए में प्रतिवर्ष पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी कर पाएंगे, इस तरह इस बार



मौजूदा किराए में पांच प्रतिशत की ही बढ़ोतरी हो पाएगी। पिछले साल हेली सेवाओं का एक तरफ का किराया सिरसी से 2749, फाटा से 2750 और गुप्तकाशी से 3870 रुपये तय किया गया था। इस बार भी केदारनाथ में नौ ऑपरेटर ही सेवाएं देंगे। इसमें एक मात्र बदलाव ट्रांसभारत के रूप में हुआ है, जिसने केस्ट्रल एविएशन की जगह ली है। गत वर्ष यात्रा शुरू होने से ठीक पहले केदारनाथ धाम में हेलीकॉप्टर रोटर की चपेट में आने से यूकाडा के वित्त नियंत्रक की मौत हो गई थी। इसके बाद यूकाडा ने संबंधित हेली कंपनी केस्ट्रल पर रोक लगा दी है।

# यात्रियों की टेंशन खत्म! अब मिलेगी बड़ी सुविधा

### देश भर में दौड़ेंगी अमृत भारत ट्रेनें, 1 हजार से अधिक का हो रहा निर्माण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत आने वाले वर्षों में नई पीढ़ी की करीब 1,000 अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण करेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को खुद यह बात कही। उन्होंने बताया कि 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम पहले ही करना



शुरू कर दिया है और देश द्वारा पहला निर्यात अगले पांच वर्षों में किए जाने की उम्मीद है। नरेंद्र मोदी नीत सरकार के पिछले 10 वर्षों में रेलवे की ओर से की गई परिवर्तनकारी पहलों पर उन्होंने बयान दिया। दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल भी तैयार है।

### विश्व स्तरीय है अमृत भारत ट्रेन की डिजाइनः वैष्णव

मंत्री ने कहा कि हमने अमृत भारत ट्रेन डिजाइन की है, जो एक विश्व स्तरीय ट्रेन है। इसके जरिए केवल 454 रुपये के खर्च पर 1,000 किलोमीटर की यात्रा की जा सकती है। वैष्णव ने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में कम से कम 1,000 नई पीढ़ी की अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण करेगा और 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। उन्होंने रेलवे के कुल वार्षिक व्यय का ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि पेंशन, वेतन, ऊर्जा खर्च और पट्टा-ब्याज भुगतान पर व्यय क्रमशः 55,000 करोड़ रुपये, 97,000 करोड़ रुपये, 40,000 करोड़ रुपये और 32,000 करोड़ रुपये है।

### आज रेलवे स्टेशन 10 साल पहले की तुलना में बहुत अलग

रेल मंत्री ने कहा कि अन्य 12,000 करोड़ रुपये रखरखाव पर खर्च होते हैं और सभी मिलकर लगभग 2.40 लाख करोड़ रुपये होते हैं। वैष्णव ने कहा, हम इन सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम हैं क्योंकि टीम प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बहुत कड़ी मेहनत कर रही है। आज रेलवे स्टेशन 10 साल पहले की तुलना में बहुत अलग हैं। स्टेशन और ट्रेनें साफ-सुथरी हैं और हर ट्रेन में जैव-टॉयलेट है। रेल मंत्री के मुताबिक, नई तकनीक के आने से वंदे भारत जैसी ट्रेनें युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हो गई हैं।

## दंगों में नुकसान पर धामी सरकार का होगा सख्त ऐक्शन

### वसूली के लिए उत्तराखंड में बनेगा सख्त कानून

**देहरादून (एजेंसी)।** दंगा, हड़ताल और विरोध-प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक और निजी सम्पत्ति को होने वाले नुकसान की भरपाई का कानून सोमवार को प्रस्तावित कैबिनेट बैठक में आ रहा है। पुष्कर सिंह धामी सरकार



उत्तराखंड में अध्यादेश के जरिए लागू कर सकती है। इस कानून के तहत सम्पत्ति को हुए नुकसान की भरपाई घटना के दिन वाले बाजार मूल्य के आधार पर उपद्रवियों से की जाएगी। विरोध-प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक और निजी सम्पत्ति को निशाने पर लेने की प्रवृत्ति पर लगाम कसने के लिए गृह विभाग ने वसूली कानून तैयार कर लिया है।

## भारत में पाक से दोगुनी बेरोजगारी, मोदी ने छोटे व्यवसाय खत्म किए

- एमपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा दिन, ग्वालियर में राहुल का बड़ा वार

**ग्वालियर (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने कहा, आज देश में पिछले 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। यह पाकिस्तान की तुलना में दोगुनी है। हमारे पास बांग्लादेश-भूटान से भी अधिक बेरोजगार युवा हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी लागू करके छोटे व्यवसायों को खत्म कर दिया है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल ने यह बात भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को ग्वालियर में कही। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा, अंबानी के यहां बेटे की शादी हो रही है। वहां दुनियाभर के लोग आ रहे हैं। यहां आप लोग भूखे मर रहे हैं। इससे पहले राहुल ने ग्वालियर के देवास गार्डन में अग्निवीरों और पूर्व सैनिकों से संवाद किया। मोहना में रोड शो किया। यात्रा के शेड्यूल में बदलाव



के मुताबिक राहुल पहले दिल्ली और फिर वहां से बिहार की राजधानी पटना पहुंचे हैं। वे पटना में इंडिया गठबंधन की रैली में शामिल होंगे। बीजेपी सरकार ने बड़े-बड़े अरबपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ कर दिया।

## किसान 6 मार्च को दिल्ली जाएंगे, 10 को ट्रेन रोकेंगे

- पंधेर बोले-देशभर से किसान आएंगे, पंजाब वाले शंभू-खनौरी बॉर्डर पर ही बैठेंगे

**अंबाला (एजेंसी)।** पंजाब-हरियाणा के शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसान 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे। 10 मार्च को दोपहर 12 से 4 बजे तक देशभर में ट्रेनें भी रोकी जाएंगी। ये



ऐलान किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने रविवार (3 मार्च) को बठिंडा में शुभकरण सिंह की अंतिम अरदास के दौरान मंच से किया। पंधेर ने कहा कि हरियाणा-पंजाब के किसान खनौरी-शंभू बॉर्डर पर ही आंदोलन चलाएंगे, जबकि देश के बाकी हिस्सों से किसान उस दिन दिल्ली पहुंचेंगे। दूसरे राज्यों के किसान जैसे हो दिल्ली पहुंचें।

## बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाए जाने पर जल्द होगा निर्णयः चम्पाई सोरेन

**लातेहार।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन रविवार को सड़क मार्ग से गढ़वा जाने के दौरान लातेहार पहुंचे। लातेहार परिसदन में उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाए जाने के सवाल पर कहा कि आज तो वह इस विषय पर कुछ नहीं बता पाएंगे लेकिन प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रोजगार के संबंध में कहा कि झारखंड सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए तत्पर है। लातेहार में संचालित विभिन्न कोयलरी में भी स्थानीय लोगों को रोजगार मिले, इस पर फोकस किया जाएगा। लातेहार जिले में सरकारी डिग्री कॉलेज की कमी और साइंस की पढ़ाई नहीं होने



के मामले में उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जिले में बेहतर काम करने के लिए सरकार प्रयासरत है। जल्द ही यहां बेहतर शिक्षा की व्यवस्था होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे ने मुख्यमंत्री को लातेहार जिले की समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के साथ पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।


## भारतीय नौसेना के जहाज से जम्मू का नौसैनिक लापता

**कोच्चि (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना के जहाज से एक नौसैनिक पिछले 6 दिन से लापता है। नौसैनिक की पहचान सी मैन रैंक के साहिल वर्मा के रूप में की गई है। वे 27 फरवरी से लापता हैं। 19 साल के साहिल जम्मू के रहने वाले हैं। वे 2022 में भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। भारतीय नौसेना के पश्चिमी नौसेना कमान ने शनिवार (2 मार्च) को घटना की जानकारी दी। नौसेना ने बताया कि साहिल की तलाश के लिए जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। नौसेना ने नौसेना बोर्ड ऑफ इंक्वायरी को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, साहिल जिस शिप से लापता हुए हैं, वह 25 फरवरी को कोच्चि से रवाना हुआ था। साहिल को आखिरी बार 25 फरवरी को शिप पर देखा गया था। उनके लापता होने की परिस्थितियां अभी तक स्पष्ट नहीं हैं। साहिल के लापता होने की जानकारी उनके परिवार को 29 फरवरी को दी गई।

## अमेरिका के टेक्सास में लगी सबसे भीषण आग

### छह दिनों से जल रहा है जंगल, दो लोगों की मौत

**स्टिन्नेट (एजेंसी)।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में अग्निशामकों को राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग को पैनहैंडल शहर के बड़े हिस्से में फैलने से रोकने के लिए शनिवार को बढ़ते तापमान और तेज हवाओं जैसी कठिन मौसमी



परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। 'स्मोकहाउस क्रीक आग' को टेक्सास के इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग माना जा रहा है। जंगल में आग सोमवार को लगी लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह कैसे लगी। इसके बाद यह टेक्सास के कैनेडियन शहर के आसपास फैल गई। बुधवार तक आग पैनहैंडल में बड़े पैमाने पर खेतों तक फैल गई थी और बृहस्पतिवार तक यह राज्य की सबसे भीषण आग में तब्दील हो गई। आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे अग्निशामकों की टीम के प्रवक्ता जेसन नेडलो ने बताया कि दमकलकर्मियों का लक्ष्य उत्तरी और पूर्वी सीमा पर आग पर काबू पाना है क्योंकि दक्षिण-पश्चिम से चल रही तेज हवाओं से आग की लपटों के कई एकड़ जमीन में फैलने का खतरा है।

### लो आ गई खुशखबरी

## इंतजार खत्म, 6 मार्च से नदी के नीचे दौड़ेगी मेट्रो

### देश की पहली ऐसी मेट्रो ट्रेन का पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ

**कोलकाता (एजेंसी)।** जिसका इंतजार था वह दिन आ ही गया। कोलकाता के लोग काफी वक्त से नदी के नीचे चलने वाली मेट्रो ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। अब रेलवे ने इन उन सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि कोलकाता में नदी के नीचे बनी देश की पहली मेट्रो सुरंग का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह मार्च को करेंगे। वैष्णव ने



न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा कि कोलकाता मेट्रो का काम 1970 के दशक में शुरू हुआ था, लेकिन मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति उससे पहले के 40 वर्षों की तुलना में कहीं अधिक है। रेल मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री का ध्यान बुनियादी ढांचा बढ़ाने और देश के लिए नींव तैयार करने पर है, जो 2047 तक एक विकसित राष्ट्र होगा। कोलकाता मेट्रो का काम कई चरणों में आगे बढ़ा है। मौजूदा चरण में शहर के पूर्व-पश्चिम मेट्रो गलियारे के लिए नदी के नीचे सुरंग बनाई गई है। इससे पहले खबर आई थी कि एस्प्लेनेड से हुगली नदी के बीचों बीच टनल के जरिए हावड़ा मैदान तक मेट्रो का ट्रायल रन किया जा चुका है। नदी के नीचे बनी मेट्रो सुरंग काम जोर-शोर से चल रहा था। नदी के नीचे मेट्रो के शुरू हो जाने से ईस्ट-वेस्ट मेट्रो हावड़ा मैदान से हुगली नदी में बने टनल के जरिए साल्ट लेक सेक्टर पांच पहुंचा जा सकता है। इसकी कुल लंबाई लगभग 16.5 किमी है। इसमें से 10.8 किलोमीटर जमीन के अंदर से गुजरेगा। शेष 5.75 किमी का प्रोजेक्ट जमीन के ऊपर तैयार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सात आईएएस अधिकारियों का तबादला, वंदना दादेल फिर बनी कैबिनेट सचिव




**रांची।** राज्य सरकार ने सात आईएएस अफसरों का तबादला किया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने शनिवार देर रात अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार वन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल को एक बार फिर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग का प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जबकि कोल्हान प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार को स्थानांतरित करते हुए महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है। चतरा के उपायुक्त अबु इमरान स्थानांतरित करते हुए झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इमरान को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ झारखंड राज्य आरोग्य समिति रांची काकार्यपालक निदेशक काअतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। इसी प्रकार जामताड़ा के उपायुक्त शशि भूषण मेहरा को वित्त विभाग का अपर सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अपर सचिव कुमुद सहाय को जामताड़ा का उपायुक्त, वित्त विभाग के संयुक्त सचिव घोलप रमेश गोरख को चतरा डीसी , झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी को पशुपालन विभाग का निदेशक, पशुपालन विभाग के निदेशक आदित्य रंजन को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मध्यान भोजन प्राधिकार झारखंड के निदेशक और झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

### टाटानगर से अयोध्या के लिए चार को रवाना होगी तीसरी आस्था स्पेशल ट्रेन



**रांची।** टाटानगर से अयोध्या के लिए सोमवार को आस्था स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन तीसरी आस्था स्पेशल ट्रेन है। यात्रियों की भीड़ व लंबी वेटिंग को देखते हुए रेल प्रशासन ने यह अस्थायी व्यवस्था की है। रेलवे ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। 22 कोच वाली यह ट्रेन सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर टाटानगर से रवाना होगी, जो चांडिल, पुरुलिया, बोकारो स्टील सिटी, राजाबेड़ा, गोमो, कोडरमा, गया, डेहरी ओन सोन, साहसाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, वाराणसी, जौनपुर होते हुए अगली सुबह तीन बज कर 20 मिनट पर अयोध्या धाम पहुंचेगी। वापसी के लिए डाउन ट्रेन छह मार्च की सुबह आठ बजे अयोध्या से रवाना होगी। यह ट्रेन रात 11 बजे टाटानगर पहुंचेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने ट्रेन संख्या 18109 टाटानगर एनएससीबी इतवारी एक्सप्रेस पांच मार्च और ट्रेन संख्या 18110 एनएससीबी इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन सात मार्च को रद्द किया है। रेलवे के इस फैसले से इन ट्रेनों से सफर करनेवाले गरीब रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसकी जानकारी देते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने बताया कि नागपुर मंडल में विकास कार्यों के कारण इन ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। इसके साथ रेलवे ने टाटानगर से चलकर यशवंतपुर को जाने वाली ट्रेन संख्या 18111 यशवंतपुर साप्ताहिक में अतिरिक्त कोच लगाने की जानकारी दी है।

### उग्रवादियों ने चालक को धमकाया, जांच में जुटी पुलिस



**रांची।** पीएलएफआई उग्रवादियों के जरिये एक चालक को अगवा कर धमकाने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। इससे इलाके में दहशत का माहौल है। हालांकि उग्रवादियों ने चालक को छोड़ दिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार को देर शाम चालक टेकलाल महतो बाथरूम करने गया था। इसी दौरान क्रेशर में चार- पांच लोग वहां पहुंचे और चालक से पूछा कि किसका गाड़ी चलाते हो। उसने बताया कि वह भाड़ा का गाड़ी चलाता है वह क्रशर मालिक का गाड़ी नहीं चलाता है। इसके बाद उग्रवादियों ने कहा अपने भी देख लो और दोस्त लोग को भी समझा देना नहीं तो अंजाम बुरा होगा। थाना प्रभारी ने बताया कि सिर्फ उससे चार-पांच लोगों ने पूछताछ किया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पिठौरिया थाना के सना स्टोन डिपॉजिट क्रेशर में शुक्रवार की देर रात पीएलएफआई उग्रवादियों ने क्रशर में खड़े तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजी को फूंक दिया था।

### नगड़ी प्रखंड के जन वितरण प्रणाली डीलर के खिलाफ कार्रवाई



**रांची।** नगड़ी प्रखंड के जन वितरण प्रणाली दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने रविवार को सपारोम पंचायत के राशन डीलर सरन तिर्की का लाइसेंस (अनुज्ञप्ति संख्या-02/96) निलंबित कर दिया है। जन वितरण प्रणाली दुकानदार शरण तिर्की के खिलाफ कार्डधारी से राशन कार्ड प्रिंट कराने के नाम पर पैसे वसूली की शिकायत मिली थी। साथ ही राशन कार्डधारियों को डिजिटल वेइंग मशीन की जगह तराजू से तौलकर खाद्यान्न देने का काम डीलर द्वारा किया जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत की ओर से औचक निरीक्षण किया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी और पणन पदाधिकारी उत्तम कुमार की ओर से जांच के क्रम में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद डीलर का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया।

### झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा 10 को

**रांची।** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा 10 मार्च को आयोजित की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने रविवार को बताया कि 10 मार्च को धुर्वा गोलचक्कर स्थिति मैदान में झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों की आम सभा बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी होमगार्ड जवानों से यह अपील की है कि 10 मार्च को समय 10 बजे धुर्वा गोल चक्कर स्थित मैदान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे ।

### रेलवे ट्रैक से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** तुपुदाना-बालसीरिंग रेलवे ट्रैक में रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति (44) का शव पुलिस ने बरामद किया है। अबतक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक काले रंग टीशर्ट पहने हुए था। ग्रामीणों की ओर से आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए अपराधियों ने रेलवे ट्रैक में शव को फेंका दिया होगा। घटना की सूचना मिलते ही तुपूदाना ओपी थाना प्रभारी मीरा सिंह के निर्देश पर पुलिस बल के जवान घटनास्थल पहुंचे। साथ ही जीआरपीएफ हटिया पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस की ओर से आस-पास के लोगों को बुलाकार मृतक का पहचान कराया गया लेकिन किसी ने मृतक की शिनाख्त नहीं की। धुर्वा थानेदार राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लेकिन सर का पूरा हिस्सा क्षत विक्षित होने के कारण अबतक शव की पहचान नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्ट्या मामला रेल से कटकर मौत का प्रतीत होता है।

# राज्य सरकार ने समाज के हर वर्ग को दुखी किया : सुदेश महतो

**रांची**

आजसू पार्टी के नेता सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य में वर्तमान हालात अच्छे नहीं हैं। इससे समाज का हर वर्ग दुखी और निराश है। साथ ही गलत नीति निर्धारण से प्रगति का पथ भी अवरुद्ध हुआ है। सुदेश कुमार महतो रविवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के रांची महानगर अध्यक्ष सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में आप के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थामा पार्टी का दामन। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य और राज्य की राजनीति को नई दिशा देने के लिए आप सभी का आजसू पार्टी में स्वागत है। राज्य में सकारात्मक



राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए इच्छाशक्ति का होना आवश्यक है। हम सभी को मिलकर प्रदेश को फिर से अविराम गति से तरक्की के पथ पर लेकर जाना है। प्रदेश की अच्छाइयों पर जोर देना होगा। उन्होंने बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए सीधे तौर पर सत्ता को जिम्मेदार बताया। साथ ही कहा कि राज्य को कैसा देखना चाहते हैं यह हमारी सोच में होना चाहिए। आप सभी प्रदेश के दुःख और सुख से जुड़ाव रखने वाले नेता हैं। आजसू के मंच से आप सभी जनता के हक अधिकार की आवाज उठाने का काम करें। मौके पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सतेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड के विकास के उद्देश्य से आजसू पार्टी में शामिल हुआ हूं। झारखंड राज्य के समस्त समस्याओं को दूर करने का प्लेटफार्म आजसू है। आजसू युवाओं, मूलवासियों के कल्याण करने वाली पार्टी है। पूरी प्रतिबद्धता के साथ झारखंड के नवनिर्माण करेंगे। 2024 में हमारी सरकार बनेगी। मिलन समारोह में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, महासचिव मुकुंद चंद्र मेहता, पार्टी केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत, राजेन्द्र मेहता, तरुण गुप्ता, मोसिन खान, रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, वीणा देवी, एस अली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## विश्व जन्मजात जन्म दोष दिवस पर रिम्स में कार्यक्रम



**रांची**

विश्व जन्मजात जन्म दोष दिवस के अवसर पर रविवार को रिम्स शिशु शल्य विभाग और स्पाइना बिफिडा फाउंडेशन की ओर से सीएमई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिम्स निदेशक व न्यूरोसर्जन डॉ राजकुमार ने जन्मजात दोषों को कदाचार से संबंधित बताया और कहा जिस तरह कुरुपता होने से शिशु अपंग होकर ठीक से विकसित नहीं हो पाता, उसी तरह अगर सरकारी अस्पताल रिम्स के डॉक्टर कदाचार करेंगे तो रिम्स भी अपंग होगा और उसका विकास संभव नहीं है। इसके अलावा कार्यक्रम को मुम्बई से आए डॉ संतोष कर्माकर के साथ-साथ रिम्स और अन्य निजी अस्पतालों के शिशु शल्य चिकित्सक, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञऔर शिशु रोग विशेषज्ञ ने भाग लिया।

## भाजपा की साजिश से हेमंत सोरेन काल कोठरी में बंद: मुस्ताक आलम



**रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 17 वें दिन रविवार को झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में उपवास रखा। मौके पर मुस्ताक आलम ने कहा कि एक आंदोलनकारी का बेटा हेमंत सोरेन रात-दिन लोगों की सेवा में लगा रहा लेकिन भाजपा की साजिश के चलते काल कोठरी में बंद हैं।

मुस्ताक ने कहा कि हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रिय को देखते हुए भाजपा ने पहले उन्हें अपने में शामिल करने का ऑफर दिया लेकिन हमारे हेमंत सोरेन ने राज्य के जनादेश का सम्मान करते हुए उनके साथ जाने से मना कर दिया। तब केंद्र सरकार ने ईडी, सीबीआई का सहारा लेकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम शुरू किया लेकिन हेमंत सोरेन जेल जाना पसंद किए पर उनके साथ जाना पसंद नहीं किए।

उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरु साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए झारखंड भी तैयार : बाबूलाल मरांडी





**रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में युवा इंटक नेता नेता, यूथ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष कुमार रवि चौबे को और उनके सैकड़ों समर्थकों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। बाबूलाल मरांडी ने सभी को बधाई दी और कहा कि पूरे देश के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए झारखंड भी तैयार है। मरांडी ने कहा कि लोग लगातार भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। जनता का भरोसा मोदी पर बढ़ता ही जा रहा रहा। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प सत्ता के लिए नहीं, बल्कि गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी वर्गों की सेवा के लिए है। मरांडी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में वंचित वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़े हैं। आज 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। जनता के समर्थन से 400 पार का संकल्प पूरा होगा। झारखंड में 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत पार्ट 2 की सरकार हेमंत सरकार के तर्ज पर ही आगे बढ़ रही। इससे विकास की उम्मीद बेमानी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित झारखंड भी जरूरी है। लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड में भी भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का संकल्प लें।

**भाजपा पार्टी नहीं परिवार : अमर कुमार बाउरी**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं परिवार है। रवि चौबे के पार्टी में आने से पार्टी और मजबूत होगी। युवाओं के बीच पार्टी का जनाधार और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य आज मोदी के हाथों में सुरक्षित है। हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को और मजबूती के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। कुमार रवि चौबे ने कहा कि भाजपा ही ऐसी एकमात्र पार्टी है, जिसकी स्पष्ट नीति है। विकास का संकल्प और नीयत है। विश्व प्रसिद्ध नेता हैं। उन्होंने कहा मैं पार्टी के कार्यक्रमों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी के संकल्प को पूरा करने में पूरी ताकत लगा दूंगा।

# टिकट कंफर्म होने पर विधायक पहुंचे हजारीबाग

**हजारीबाग**

सदर विधायक मनीष जायसवाल को भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने भरोसा जताते हुए शनिवार को इसकी विधिवत घोषणा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से की। इधर, विधायक जायसवाल को भाजपा का पार्टी से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाए जाने पर पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह और उमंग देखने को मिला। टिकट का घोषणा होते ही विधायक मनीष जायसवाल अपने परिवार वालों के साथ खुशियां मनाने लगे और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चहुंओर भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक सड़कों पर आतिशबाजी करके, एक-दूजे को मिठाई खिलाकर और रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनाने में जुट गए। टिकट की घोषणा होने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद



उम्मीदवार बने मनीष जायसवाल रविवार को राजधानी रांची से रामगढ़ के पतरातु होते हुए हजारीबाग लौटें तो जगह-जगह उनका भव्य स्वागत हुआ। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़, मांडू और हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में करीबी दो दर्जन से अधिक जगहों पर उनका अभूतपूर्व स्वागत हुआ। लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बनाने के बाद पहली बार अपने विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित आवास पहुंचे। मनीष जायसवाल अपने परिवार पहुंचें तो सबसे पहले अपने पिता ब्रजकिशोर जायसवाल का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात उन्होंने अपने समर्थकों के साथ जश्न मनाया। मनीष जायसवाल ने कहा कि पिछले कई वर्षों से मैंने हजारीबाग और रामगढ़ जिले की लोगों की सेवा एक नेता नहीं, बल्कि एक बेटा के रूप में किया है। उन्होंने कहा कि अब पीएम मोदी के विकसित भारत के तर्ज पर जनता का आशीर्वाद मिला तो सांसद बनकर विकसित हजारीबाग बनाऊंगा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनहित के मामले को लोकसभा के स्तर पर पुरजोर तरीके से उठाऊंगा।

## झुमरीतिलैया में सीटू का जिला सम्मेलन संपन्न

**कोडरमा**

मजदूर आंदोलन का अगुआ संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का प्रथम जिला सम्मेलन कॉमरेड वासुदेव आचार्य नगर, साहु भवन, झुमरीतिलैया में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के आह्वान के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रेम प्रकाश, महेन्द्र तुरी और वर्षा रानी की तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने किया। सर्वप्रथम निर्माण यूनियन के वयोवृद्ध सदस्य महेन्द्र तुरी ने सीटू का लाल झंडा फहराया और उपस्थित लोगों ने शहीद बेदी पर माल्यार्पण किया गया, जहां मजदूरों के खून से रंगा लाल झंडा को लाल सलाम, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे आदि गगनभेदी नारे लगाए जा रहे थे। स्वागत समिति के अध्यक्ष असीम सरकार ने स्वागत भाषण किया। सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन करते हुए सीटू के राज्य महासचिव विश्वजीत देव ने कहा कि हिन्दुस्तान को भारत का मजदूर और किसान ने बनाया है लेकिन आज उसी पर सरकार की नीतियों से हमला हो रहा है। देश का मजदूर इसे बर्दाश्त नहीं करेगा और इस मजदूर किसान विरोधी सरकार को आगामी चुनाव में सत्ता से बाहर कर देगा।



राज्य कोषाध्यक्ष अनिर्वान बोस ने कहा कि चन्द्रयान 3 का लॉन्चिंग पैड बनाने वाली झारखंड की मदर इंडस्ट्री एचईसी के मजदूरों को पिछले 19 महीनों से वेतन नहीं मिला है। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड में बदलकर मजदूरों को गुलाम बनाया जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सार्वजनिक उपक्रमों का बहुत बड़ा योगदान है लेकिन भाजपा नीत मोदी सरकार के द्वारा निजीकरण के रास्ते इसे लगातार खत्म किया जा रहा है। नोटबंदी और जीएसटी लाकर भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया गया है। कीमतों में भारी वृद्धि के कारण महंगाई से आमलोगों का जीना मुश्किल हो गया है। सम्मेलन को आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शशि कुमार पांडेय, बीजीवीएस के जिलाध्यक्ष रामरतन अवध्या ने भी सम्बोधित किया। सम्मेलन में जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने राजनीतिक एवं सांगठनिक प्रतिवेदन रखा, जिसपर विभिन्न यूनियन से दस प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिसका प्रतिवेदन सर्वसम्मति से पारित किया गया। अंत में सर्वसम्मति से सीटू की 21 सदस्यीय जिला कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें प्रेम प्रकाश अध्यक्ष, रमेश प्रजापति महासचिव, सुनील कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र पासवान एवं मो रफीक उपाध्यक्ष, महेन्द्र तुरी, शोभा प्रसाद, वर्षा रानी एवं राजमोहन सचिव के अलावा दिलीप कुमार सिन्हा, उर्मिला देवी, बेबी कुमारी, नागेश्वर दास, शम्भु पासवान, सोनू कुमार थापा, सरस कुमार बब्लू, विजय कुमार शर्मा, संध्या पांडेय, पवन कुमार कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

## गांजा और नशीला टेबलेट के साथ एक गिरफ्तार

**रांची**

पंडरा ओपी पुलिस ने आईटीआई बस स्टैंड के गुमटी में छापेमारी कर 13 किलो गांजा सहित अन्य सामान बरामद किया है। मामले में एक आरोपित अजीत कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास सेकुल 13 किलो गांजा, 1414 पीस चिलम, 13 हजार 750 रुपये नकद, रोल 55 पीस, 60 डब्बा नशीला टेबलेट और वजन नापने का मशीन बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने संवाददाता सम्मेलन में रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि



पंडरा ओपी क्षेत्र के आईटीआई बस स्टैंड के पास भारी मात्रा में गांजा बिक्री किया जा रहा है। सूचना के बाद डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की । चाय और बिस्कुट की गुमटी में गांजा और अन्य नयीले टेबलेट सहित अन्य सामान बरामद किया गया।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पलामू में तैनात होंगी सीआरपीएफ की दो कंपनियां

**पलामू**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पलामू में एक बार फिर सीआरपीएफ की दो कंपनियां तैनात की जायेंगी। लोकसभा चुनाव से पहले सीआरपीएफ के नेतृत्व में झारखंड-बिहार सीमा पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी, टीएसपीसी और जेजेएमपी के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जायेगा। गृह मंत्रालय और राजस्थान सरकार के सहयोग से पलामू को सीआरपीएफ की दो कंपनी उपलब्ध करायी जा रही हैं। झारखंड के अन्य जिलों को भी लोकसभा चुनाव से पहले अर्धसैनिक बलों की एक-एक



कंपनी उपलब्ध करायी जानी है। साल 2023 के शुरुआती महीनों में पलामू से सीआरपीएफ को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गयी। पलामू में तैनात सीआरपीएफ की 134 बटालियन को सारंडा इलाके में तैनात कर दिया गया है। सीआरपीएफ का मुख्यालय पलामू में है लेकिन इसकी सभी कंपनियां सारंडा इलाके में तैनात हैं, जिसकी वजह से माओवादी खुद को मजबूत करने के फिराक में हैं। सीआरपीएफ के हटने के बाद नक्सल विरोधी अभियान भी कमजोर हुआ है। नितेश यादव का दस्ता एक इलाके को लगातार अपना ठिकाना बनाये हुए है। सीआरपीएफ हटने के बाद नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों को सफलता नहीं मिली है। पूर्व माओवादी सुरेंद्र यादव ने बताया कि निश्चित रूप से सीआरपीएफ के क्लोज होने के बाद नक्सली खुद को मजबूत करने के फिराक में हैं। जिस इलाके को दस्ता ने अपना ठिकाना बनाया है, वह इलाका माओवादियों का पुराना गढ़ है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

**कोडरमा**

कोडरमा कोवाड रोड पर ग्राम दशारो स्थित शिव मंदिर के पास रविवार को सड़क हादसे में दो मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों में एक की मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गयी तथा दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। मृत युवक की पहचान ग्राम दशारो निवासी कालेश्वर सिंह (44 ) और घायल की पहचान मो सलीम अंसारी (25) के रूप में की गयी है। युवक कालेश्वर सिंह की घटनास्थल पर मौत हो गयी वहीं घायल मोहम्मद सलीम को कोडरमा सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टेट बार काउंसिल ने तीन सदस्यीय चुनाव समिति का किया गठन




**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल द्वारा गठित तीन सदस्यीय चुनाव समिति ने जिला बार एसोसिएशन डालटनगंज पलामू के संचालन के लिये तदर्थ कमेटी का गठन कर दिया है। इस संबंध में चुनाव समिति के सदस्य अधिवक्ता शशिभूषण दुबे ने बताया कि बैठक में चुनाव संपन्न होने तक बार एसोसिएशन के आय-व्यय सहित समस्त कार्यों के लिये पांच सदस्यीय तदर्थ कमेटी का गठन किया जा चुका है। तदर्थ कमेटी में अधिवक्ता अजय कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, मो. जावेद अख्तर खान पप्पू, शशिधर पांडेय और राहुल सत्यार्थी के नाम शामिल हैं। बताते चलें की स्टेट बार एसोसिएशन ने लंबित चुनाव को पूर्ण करने के लिए तीन सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया है। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र तिवारी, शौकत अली और शशिभूषण दुबे के नाम शामिल हैं। 2 मार्च को हुई बैठक में चुनाव समिति एक्शन में आ चुकी है और चुनाव निष्पादन होने तक तदर्थ कमेटी का गठन कर दिया है। एक बार पुनः सभी प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान में जुट चुके हैं।

### लोकहित अधिकार पार्टी खूंटी जिला इकाई की तोरपा में बैठक



**खूंटी।** लोकहित अधिकार पार्टी खूंटी जिला इकाई की बैठक रविवार को महात्मा गांधी धर्मशाला तोरपा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कुमार ब्रज किशोर ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी सभी शोषित, वंचित तथा पीड़ित लोगों के लिए निःशुल्क शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और आरक्षण पर बराबर का अधिकार की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि जो भी सरकार सत्ता में रही है, उनकी नजर में खूंटी समेत सात जिलों के आरक्षण रोस्टर में पिछड़ा वर्ग को शून्य समझती रही है। बैठक में लोकसभा प्रभारी काशी नाथ सांगा, नरेन्द्र साहू, बिनोद शर्मा, जितनु महतो, फेकुकांत नाग, धनेशवर साहू, विक्रम महतो, संदीप, मोहन साहू, संजय ठाकुर, ललिता देवी, बांगी नायक सरिता देवी, सीमा देवी, पम्मी देवी आदि उपस्थित थे।

### सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना हमारा कर्तव्य : मंत्री रामेश्वर उरांव




**लोहरदगा।** मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कुडू प्रखंड अंतर्गत विधायक निधि से नवनिर्मित ऊपरी कक्ष राजी पड़हा भवन का उद्घाटन किया गया। पाहन पुजार ने पारंपरिक पूजा पद्धति कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। उरांव ने कहा कि यह हमारी पहचान है, जिन्हें पुरखों ने हमें उपहार स्वरूप दिया है। आधुनिक युग में हमें अपनी पूजा, पद्धति, संस्कृति, धरोहर एवं आदर्शों को हृदय में संजोएं रखने की जरूरत है ताकि भावी पीढ़ी का भी धार्मिक सांस्कृतिक उत्थान हो सके। इसी क्रम में आज विधायक निधि से कुडु प्रखंड में राजी पड़हा भवन में कक्ष का निर्माण किया गया है। साथ ही कहा कि वर्तमान युग में आदिवासियत बचाने की जरूरत है। पहला जमीन, दूसरा भाषा और तीसरा संस्कृति। हमें गर्व से कहना चाहिए कि हम आदिवासी हैं।

### धनबाद में हत्या से गुस्साए लोगों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन



**धनबाद।** झरिया के तारा बागान नीचे धौड़ा में शनिवार शाम एक युवक की गला रेत कर हुई हत्या से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने रविवार को झरिया के ऊपर कुली मुख्य मार्ग पर शव को रख सड़क जाम कर दिया और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन में मौजूद महिलाएं शव के साथ सड़क पर बैठ गई। उनके साथ मौजूद कई युवक सड़क पर उतरकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे, जिससे काफी देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। इसके बाद मौके पर पहुंची झरिया थाना की पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझा कर शांत कराया। पुलिस के आश्वासन के बाद लोगों ने सड़क जाम हटाया। उल्लेखनीय है कि बीते शनिवार की शाम झरिया थाना क्षेत्र के तारा बागान नीचे धौड़ा में 30 वर्षीय युवक मो. अकबर अली की अज्ञात अपराधियों ने गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी थी। गुस्साए लोगों ने झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग जाम कर वाहनों में तोड़फोड़ की थी। पुलिस के समझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका था। पुलिस छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस जल्द ही इस हत्याकांड का उद्भेदन कर सकती है।

### अर्जुन मुंडा को दूसरी बार खूंटी से लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष



**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा को आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए दूसरी बार खूंटी संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। जैसे ही प्रत्याशियों के नामों की सूची केंद्र से प्रकाशित हुई और कार्यकर्ताओं को अर्जुन मुंडा को भाजपा प्रत्याशी बनाने की जानकारी मिली, लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा सहित कई कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही अर्जुन मुंडा को बधाई दी। सांसद के जिला प्रतिनिधि और दक्षिणी पूर्वी रेलवे जोन के सदस्य मनोज कुमार ने कहा कि अबकी बार मोदी सरकार 400 पार का लक्ष्य पूरा होगा। भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री जगन्नाथ मुण्डा, महेश प्रसाद चौधरी, संतोष जायसवाल, अनूप साहू आदि शामिल हैं।

### डेहकेला शक्ति केंद्र में युवा मोर्चा ने किया नमो चैपाल का आयोजन

**खूंटी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मोर्चा के गोविन्दपुर मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता की अगुवाई में डेहकेला शक्ति केंद्र में नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया चौपाल के माध्यम से युवा मतदाताओं के बीच केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। विनय गुप्ता ने कहा कि सभी युवा बहुत ऊर्जावान हैं, अपनी ऊर्जा का उपयोग कर केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में करें। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 5 वर्षों में राज्य की ठगबंधन सरकार किसी प्रकार की विकास योजना को सही से धरातल में नही उतार पाई। इस सरकार ने राज्य के सभी वर्गों को छलने का काम किया है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह ने कहा कि चार मार्च को राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, बिजली बिल में बढ़ोतरी, जेएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# हथियार के साथ गिरफ्तार आरोपितों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है पुलिस

**पाकुड़**



नगर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हथियार के साथ गिरफ्तार चार अपराधियों को पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों की माने तो पुलिस अपराधियों से पूछताछ के लिए कोर्ट से पांच दिनों का रिमांड मांगा था। परंतु कोर्ट ने अपराधियों से पूछताछ के लिए पुलिस को 24 घंटें का समय दिया है । रिमांड अवधि पूरी होने पर पुनः अपराधियों को जेल भेज दिया जाएगा। सूत्रों की माने तो कोयला व पत्थर माफियाओं से रंगदारी मांगने के मामले को लेकर पुलिस अपराधियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पूछताछ के क्रम में कोयला व पत्थर कारोबारियों से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस को कई अहम जानकारी हाथ लगी है। गिरफ्तार अपराधियों के मोबाइल से भी कई अहम सुराग पुलिस के हाथ लगा है। पुलिस अपराधियों तक पहुंचाने के लिए टेक्निकल सेल का मदद ले रही है। हालांकि इस मामले में पुलिस मीडिया को कुछ बताने से परहेज कर रही है। सूत्र बताते है कि इस मामले में संलिप्त कुछ और भी अपराधियों की पुलिस जल्द गिरफ्तार करेगी। पुलिस फरार अपराधियों तक पहुंचने के लिए अपनी जाल बिछाई है। बतादें की नगर थाना क्षेत्र के तलवाडांगा नन्दीपाड़ा बस्ती में पुलिस टीम ने गुरुवार को छापेमारी कर एक देशी बंदूक व 9 जिंदा कारतूस के साथ चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के तलवाडांगा नन्दीपाड़ा निवासी देवराज सरकार उर्फ निमवा उर्फ निमाई, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुमारपुर निवासी विमान राजवंशी उर्फ बिट्टू राजवंशी, लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के तालझारी निवासी कन्हाई कुमार साहा व गौरी शंकर साहा उर्फ गौरव को गिरफ्तार किया है।

**रंगदारी मामले में बड़े गिरोह का हाथ-** पुलिस रिमांड पर लिए गए अपराधियों से बारी-बारी से नगर थाना में पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस ने घंटों पूछताछ किया है। सूत्रों की माने तो रंगदारी मामले में बड़े गिरोह का हाथ है। पंकज लाला व रोशन कुमार यादव अपनी पैर जमाने के लिए कुछ स्थानीय लोगों को साथ मे लेकर एक गिरोह तैयार किया है। इस गिरोह का मुख्य उद्देश्य शहर व ग्रामीण क्षेत्र में हथियार के बल पर आतंक फैला कर रंगदारी वसूलना था। पर पुलिस ने उसके इस मंसूबे पर पानी फेर दिया है। पुलिस की कार्रवाई ने अपराधियों का मनोबल तोड़ दिया है। इस कांड में पंकज व रोशन नाम कुख्यात अपराधी का भी नाम सामने आया है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस उसके संभावित ठिकानों में छापेमारी कर रही है।

# राहुल ने रक्तदान कर बचाया वृद्ध की जान




**पाकुड़**

सत्य सनातन संस्था के सक्रिय सदस्य व शहरकोल निवासी राहुल चौरसिया ने रविवार को रक्तदान कर एक वृद्ध का जान बचाया है। संस्था के अध्यक्ष रंजित कुमार चौबे ने कहा कि संस्था के सक्रिय सदस्य व शहरकोल निवासी राहुल कुमार चौरसिया छोटी अलीगंज निवासी 67 वर्षीय वृद्ध बलराम यादव को रक्तदान कर जान बचाया है। उन्होंने कहा की मरीज को किड़नी की बीमारी है। उसकी रात में काफी तबियत खराब हो गया। परिजन ने आनन - फानन में मरीज को सोनाजोड़ी सदर अस्पताल में भर्ती किया था। जहां चिकित्सकों ने रक्त चढ़ाने का सलाह दिया। परिजन ने रक्त के लिए संस्था से संपर्क किया। संस्था ने रक्त के लिए राहुल चौरसिया से संपर्क किया। राहुल ने रक्त की महत्व समझते हुए पुराना अस्पताल स्थित अधिकोष में पहुंच कर अपना रक्तदान किया। रक्त मिलने के बाद मरीज के पुत्र विश्वजीत यादव ने रक्तदाता और संस्था को धन्यवाद दिया। मौके पर रंजित यादव, कर्मचारी नवीन कुमार , पियूष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## परिभ्रमण में रांची भेजे गए किसान




**पाकुड़**

आत्मा के द्वारा रविवार की देर शाम सभी प्रखंड से किसानों का चयन कर कुल 50 किसानों को बस से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला 2024 में परिभ्रमण हेतु भेजा गया। किसानों एवं कृषि उद्यमियों को उन्नत कृषि, पशुपालन, वानिकी, कृषि आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों से संबंधित उपयुक्त तकनीकों की नवीनतम जानकारी देने के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची द्वारा एग्रोटेक किसान मेला का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रांगण में किया गया है। जिसमें सभी किसान को कृषि से नवीनतम तकनीक से संबंधित जानकारी प्राप्त करेंगे। टीम लीडर के रूप में अभिजीत कुमार शील, सहायक तकनीकी प्रबंधक आदि किसान मौजूद है।

# तालाब का माफी कराकर प्रशासन अतिक्रमण मुक्त करे: रुचिर तिवारी

**मेदिनीनगर**



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष रामराज तिवारी, नौजवान संघ की उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी ने नगर निगम के बारालोटा सूदना और अबादगंज क्षेत्र का भरण किया। इस दौरान लोगों ने तालाब अतिक्रमण का मामला उठाया। जिसका अवलोकन करने के बाद जिला सचिव रुचिर तिवारी ने बताया कि अबादगंज मिशन स्कूल के बगल में तालाब का अतिक्रमण लगभग कर दिया गया है। उसमें ईठ पत्थर और टुकड़े से भरावट कर दिया गया है। थोड़े दूर में तालाब नजर आ रहा है और यह अतिक्रमण के लंबे समय से चल रहा है। वही इस तालाब अतिक्रमण पर भाजपा के विधायक और सांसद भी चुप हैं। जबकि शहर में घटता जल स्तर पर आवाजें बुलंद करनी चाहिए। यह तालाब अतिक्रमण किया जा रहा है। जल स्रोतों का अतिक्रमण किया जाता है तो इस पर सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधि खामोश रहते हैं जिसका जीता जागता उदाहरण यह अबादजगंज का भरा हुआ तालाब है। जबकि माननीय हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा गया है कि किसी भी कीमत पर जल स्रोतों का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए लेकिन यहां खुलेआम तालाब को भरकर अतिक्रमण कर लिया गया और इस पर जनप्रतिनिधि एवं जिले के पदाधिकारी खामोश हैं। अबादगंज इलाका पहले से ही ड्राई जोन रहा है और इस प्रकार यह भी तालाब भर दिया गया तो निगमवासियों को पीने का पानी मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। टेंडर मैनेज और नक्शा बनाने के नाम पर अवैध वसूली का काम छोड़कर निगम के पदाधिकारी जल स्रोतों को बचाने पर भी ध्यान दें। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद नगर आयुक्त से मांग करती है कि अभिलंब अबादगंज मिशन स्कूल के बगल में स्थित तालाब का माफी कराकर अतिक्रमण मुक्त करें।

## गढ़वा जिला को मिला कई योजनाओं की सौगात

**पलामू**



गढ़वा जिला के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। कुल पांच महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन एवं महापुरुषों के प्रतिमाओं का अनावरण तथा माल्यार्पण समेत शहीदों को सम्मान दिया गया। वही गढ़वा जिला आगमन पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। नए समाहरणालय भवन में एवं बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में पूजा अर्चना करते हुए अन्तर्राज्यी बस स्टैंड, फुटबॉल स्टेडियम एवं नवनिर्मित टाउन हॉल का भी उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने गढ़वा जिले में नव निर्मित समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा पार्क, अंतर-राज्यीय बस अड्डा और बहुद्देशीय नीलाम्बर- पीताम्बर सांस्कृतिक भवन लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समाहरणालय भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बिरसा मुंडा पार्क में भगवान बिरसा मुंडा और नीलांबर- पीतांबर सांस्कृतिक भवन के प्रांगण में अमर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की नव स्थापित प्रतिमा का भी किया अनावरण। मुख्यमंत्री ने रंका मोड़ पर बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि। मुख्य कार्यक्रम स्थल स्थानीय टाउन हॉल के मंच से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। मंत्रीगण, विधायकगण एवं उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य द्वारा वीर शहीद नीलांबर पीताम्बर के परिजनों हरिचरण सिंह व हरिहर सिंह को शॉल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि आज ऐतिहासिक दिन में गढ़वा जिले को पांच महत्वपूर्ण सौगात मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य की सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज गढ़वा जिले में लगभग 85 करोड़ रुपये की लागत से पांच महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन कर जिलेवासियों को समर्पित किया गया है। जिलेवासी इस शुभ घड़ी के गवाह बने हैं। उन्होंने इसी प्रकार गढ़वा समेत सम्पूर्ण राज्य में उत्तरोत्तर विकास का कार्य करने की बात कही। उक्त मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा बताया गया कि जिले में एक साथ 5-5 महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन होना ऐतिहासिक है। आम नागरिकों के लिए जहां अन्तर्राज्यी बस स्टैंड, बिरसा मुंडा पार्क जैसे सौगात दीये गयें, वहीं खेल प्रेमियों के लिए फुटबॉल स्टेडियम की सौगात दी गई है। प्रशासन, सरकारी कर्मियों एवं आमजनों के लिए जहां नए समाहरणालय भवन का उद्घाटन किया गया, वहीं बहुद्देश्यीय सांस्कृतिक नगर भवन (टाउन हॉल) का उद्घाटन कर जिलेवासियों को मिला।


## शहर में पार्किंग स्टैंड बनने से जाम में मिलेगी मुक्ति:प्रशिक्षु डीएसपी



**पाकुड़**

नगर परिषद द्वारा स्थापित पार्किंग स्टैंड का रविवार को शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह नगर थाना प्रभारी अजय आर्यन एवं नगर परिषद के प्रशासक कमल मिश्रा ने संयुक्त रूप से नगर थाना के समीप पार्किंग स्टैंड का फीता काट कर उद्घाटन किया। नगर परिषद के प्रशासक ने बताया कि शहर में जाम की समस्या से समाधान हेतु पार्किंग स्टैंड स्थापित किया गया है। जो अनुमंडल कोर्ट परिसर, नगर थाना के समीप एवं तीन बंगला में है। जहां लोग अपने वाहनों को पार्क कर पायेंगे। इससे जाम और चोरी से आम जनों को राहत मिलेगी। मासिक शुल्क 200 रुपए एवं प्रति 3 घंटा 5 रुपए मात्र प्रति वाहन लिया जाएगा। प्रशिक्षु डीएसपी अजय आर्यन ने बताया कि सभी लोगों को मार्केटिंग करने के दरमियान अपने वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही लगाए। इससे आपकी वाहन सुरक्षित रहेगी। साथ ही सड़क में चलने वालों को भी दिक्कतें नहीं आएगी। आए दिन कोर्ट कैंपस में दो पहिया वाहनों के कारण सभी को परेशानी होती है। अब पार्किंग चालू हो जाने से कोर्ट परिसर सहित शहर के चौक चौराहा पर भीड़भाड़ एवं जाम जैसी स्थिति नहीं होगी। मौके पर नगर परिषद के मनीष मिश्रा, संवेदक सहित अन्य मौजूद थे।

## मंत्री के निर्देश पर गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर



**पाकुड़**

हिरणपुर प्रखंड के तोड़ाई पंचायत अंतर्गत विपतपुर में दो दिन पूर्व 100 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विभाग को दिया गया। उसके साथ ही सूबे के मंत्री आलमगीर आलम को हिरणपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोवर आलम ने फोन पर दिया। उसके तुरंत बाद मंत्री ने विभाग को नया ट्रांसफार्मर लगाने का आदेश दिया। साथ ही 100 के बजाए गांव में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का आदेश दिया। गांव में ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में ख़ुशी है। ग्रामीणों ने मंत्री आलमगीर आलम को धन्यवाद दिया है।

# लोकसभा चुनावः झारखंड के खूंटी संसदीय क्षेत्र में एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर

**खूंटी**



भारतीय जनता पार्टी ने खूंटी (सुरक्षित) संसदीय सीट से जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ यह साफ हो गया कि इस बार भी चुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होगा। अन्य सभी राजनीतिक दल सिर्फ वोटकटवा साबित होंगे। मुंडा जनजातीय बहुल खूंटी को वैसे तो भाजपा की परंपरागत सीट माना जाता है, जहां से पद्मभूषण कड़िया मुंडा आठ बार सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा कड़े मुकाबले में झामुमो समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार काली चरण मुंडा को महज 1445 वोटों के अंतर पराजित कर संसद पहुंचे थे। वर्ष 1962 और 1967 के लोकसभा चुनाव में में झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह मुंडा और 1971 में इसी पार्टी के निरल एनेम होरो (एनई होरो) ने यहां से जीत हासिल की थी। वर्ष 1977 में हुए संसदीय चुनाव में जनता पार्टी के कड़िया मुंडा ने जीत हासिल की थी लेकिन 1980 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के एनई होरो ने उन्हें परास्त कर दिया। वर्ष 1984 में कांग्रेस के साइमन तिग्गा ने जीत हासिल की थी। वर्ष 1989, 1991, 1996, 1998, में 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के कड़िया मुंडा ने लगातार पांच बार जीत हासिल की। वर्ष 2004 और 2009 में भी कड़िया मुंडा यहां से सांसद चुने गये थे। वर्ष 2019 यहां से चुन गये और एक बार फिर वे चुनावी मैदान में हैं। एक ओर जहां भाजपा ने खूंटी से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है, वहीं कांग्रेस ने अपना पत्ता नहीं खोला है। कुछ दिन पहले तक माना जा रहा था कि इस बार भी काली चरण मुंडा पर ही कांग्रेस अपना दांव खेलेगी। वर्ष 2019 के चुनाव में काली चरण मुंडा अर्जुन मुंडा से महज 1445 वोटों से हार गय थे। दो बार के विधायक रह चुके काली चरण मुंडा खूंटी के भाजपा विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा के सगे भाई हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार रही दयामनी बारला ने कुछ दिन पहले ही कांग्रेस का दामन थामा है। खूंटी सहित अन्य क्षेत्रों में विस्थापन विरोधी नेता के रूप में पहचान बनाने वाली दयामनी बारला 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में अपनी जमानत तक नहीं बचा पाई थी। दयामनी बारला को खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस का टिकट मिलने की अटकलों को उस समय बल मिला जब राहुल गांधी ने अपने खूंटी दौरे के क्रम में कांग्रेस के किसी स्थानीय नेता से न मिलकर गुमला जाने के दौरान रास्ते में सुदूर गांव भालूटोली में रुककर दयमनी बारला से आधे घंटे तक बातचीत की थी। हालांकि, खूंटी के कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी के स्वागत की पुरजोर तैयारी की थी लेकिन राहुल से न काली चरण मुंडा मिल पाये और न ही कोई अन्य नेता। राजनीति के जानकार बताते हैं कि दयामनी बारला ईसाई समुदाय से आती हैं और आदिवासियों के बीच उनकी पकड़ अच्छी है। इसलिए टिकट को लेकर दयामनी बारला की उम्मीदवारी को कम कर नहीं आंका सकता।

## महंगाई के खिलाफ पांच मार्च को जनसभा करेगा मूलवासी मजदूर संघ



**खूंटी**

स्थानीय कचहरी मैदान में असंगठित कामगार मोटिया मजदूर किसान संघ की रविवार को हुई बैठक में सयूम अंसारी को दूसरी बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि खूंटी के नगर पंचायत क्षेत्र में शुद्ध पानी की व्यवस्था अब तक नहीं हो पाना खूंटी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ ने मांग की कि जल्द से जल्द शहरी जलापूर्ति शुरू की जाए। बैठक में ई-रिक्शा संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी ने कहा कि संघ का नाम बदलकर अब मूलवासी मजदूर संघ खूंटी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पांच मार्च को महंगाई के खिलाफ कचहरी मैदान में जनसभा का आयोजन किया जाएगा और नौ मार्च को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में पवन कुमार महतो, देवेंद्र महतो, गोपाल महतो, विनोद राम, मुकेश राम, लगनू महतो, सोम लोहार, बुधराम मुंडा, सलीम अंसारी, शफीक अंसारी, संजय मांझी, भागीरथ गौझू, रवि मुंडा आदि उपस्थित थे।

### प्रत्याशी की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी का माहौल

# मनीष जायसवाल का रामगढ़, मांडू और हजारीबाग में भव्य स्वागत





**हजारीबाग**

हजारीबाग से लगातार दो बार के बीजेपी सदर विधायक मनीष जायसवाल को भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का उम्मीदवार घोषित किया है। बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने भरोसा जताते हुए शनिवार को इसकी विधिवत घोषणा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से की। इधर विधायक को बीजेपी का पार्टी से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाए जाने पर पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह और उमंग देखने को मिला। इधर टिकट की घोषणा होते ही विधायक मनीष जयसवाल अपने परिवार वालों के साथ खुशियां मनाने लगे और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चहुंओर भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक सड़कों पर आतिशबाजी कर, एक- दूजे को मिठाई खिलाकर और रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनाने में जुट गए। टिकट की घोषणा होने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी के सांसद उम्मीदवार बने मनीष जायसवाल रविवार को राजधानी रांची से रामगढ़ के पतरातु होते हुए हजारीबाग लौटे तो जगह जगह उनका भव्य स्वागत हुआ। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़, मांडू और हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में करीब दो दर्जन से अधिक जगहों पर उनका अभूतपूर्व स्वागत हुआ। लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बनाने के बाद पहली बार अपने विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित आवास पहुंचे मनीष अपने घर पहुंचे ,तो सबसे पहले अपने पिता ब्रजकिशोर जायसवाल का पांव छूकर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात उन्होंने अपने समर्थकों के साथ जश्न मनाया ।





**रांची से रामगढ़** - मांडू विधानसभा होते हुए हजारीबाग पहुंचते ही उनका स्वागत ढोल-ताशा, गाजे- बजे के साथ फूल माला पहनाकर और नाचते झूमते हुए किया। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने कई बार अपने चहेते नेता को कंधे पर उठा लिया और उनके समर्थन में नारा लगाते हुए फूल-मालाओं से लाद दिया। फिर हजारीबाग के पुराना बस स्टैंड के समीप धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और गाड़ीखाना चौक पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें मनीष जायसवाल ने नमन किया। इधर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का उम्मीदवार बनाए जाने पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि विगत कई वर्षों से जिस तत्परता और सक्रियता से मैंने लोगों की सेवा समर्पित भाव से की और क्षेत्र का विकास किया, इसकी सूचना भाजपा शीर्ष नेतृत्व को भी है। उन्होंने कहा कि पुनः एक बार भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर विश्वास जताकर जिस आशा और उम्मीद के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का उम्मीदवार बनाया है, निश्चित रूप से मैं उस पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा की पिछले कई वर्षों से मैंने हजारीबाग और रामगढ़ जिले की लोगों की सेवा एक नेता नहीं, बल्कि एक बेटा के रूप में की है। उन्होंने कहा कि अब पीएम मोदी के विकसित भारत के तर्ज पर जनता का आशीर्वाद मिला, तो सांसद बनकर विकसित हजारीबाग बनाऊंगा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनहित के मामले को लोकसभा के स्तर पर पुरजोर तरीके से उठाऊंगा ।

- **बोले भाजपा उम्मीदवार, मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर विश्वास जताने के लिए बीजेपी शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद**
- **नौ सालों तक मैंने हजारीबाग वासियों का नेता नहीं, एक बेटा की हैसियत से की है सेवा, अब पीएम मोदी के विकसित भारत के तर्ज पर बनाऊंगा विकसित हजारीबाग**
- **टिकट कंफर्म होने पर पहुंचे हजारीबाग तो निकला शानदार अभिनंदन जुलूस, पिता के पांव छू लिया आशीर्वाद, फिर समर्थकों संग मनाई खुशियां**

# महाशिवरात्रि पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की निकली कलश यात्रा







महाआरती के बाद कराया गया मेडिटेशन





## ओकनी बड़ा शिवमंदिर में प्रदर्शनी के माध्यम से कराए जा रहे द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन

**हजारीबाग।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्माकुमारी प्रजापिता ईश्वरीय विवि की कलश यात्रा तीन मार्च की सुबह 10 बजे से सरकारी बस स्टैंड के निकट सम्राट होटल स्थित विश्वविद्यालय परिसर से निकली। यह कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए ओकनी बड़ा शिव मंदिर प्रांगण में पहुंची। यहां चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से श्रद्धालुओं को द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जा रहे हैं।मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी ने बताया कि यह कार्यक्रम 11 मार्च तक चलेगा। इस दौरान कई आध्यात्मिक कार्यक्रम भी हो रहे हैं। सुबह नौ बजे और संध्या पांच बजे महाआरती हुई और फिर तुरंत बाद मेडिटेशन अर्थात् उल्लास से जीने की कला का ज्ञान सिखाया गया। साथ ही ध्यान लगाने के गुर भी लोग जाने। इस नौ दिवसीय कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों के अलावा ओकनी वार्ड-19 के पार्षद विश्वनाथ विश्वकर्मा, सुनील कुमार सिन्हा, यशवंत सिन्हा पप्पू, अरविंद जायसवाल, सेवानिवृत्त शिक्षिका वीणा देवी, दीपू गोप, सोमेंद्र कुमार सोनू, बबलू विश्वकर्मा, इंद्रदेव विश्वकर्मा, राम किशुन साव समेत मुहल्ले वासी सहयोग कर रहे हैं।





# हिंदुस्तानी एकता दल ने पहली बार लगाया रक्तदान शिविर

**संवाददाता। हजारीबाग**

हिंदुस्तानी एकता दल ने तीन मार्च को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सहयोग से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन हिंदुस्तान अपना दल के अध्यक्ष संतोष सोनी, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा, कोषाध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा, महामंत्री संतोष सिंह, संगठन मंत्री अमन कुमार पासवान, सचिन पंकज कुमार राणा, विनय कुमार पासवान, सूरज कुमार दास, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने संयुक्त रूप से किया गया। शिविर का शुभारंभ उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा एवं महामंत्री संतोष सिंह ने रक्तदान कर किया। तत्पश्चात नितिन विश्वकर्मा, अमन कुमार पासवान, प्रेम कुमार वर्मा, अनिल कुमार, कार्यकारिणी सदस्य राजा कुमार वर्णवाल, रजवंती कुमारी, सतीश राणा, मोहम्मद जाहिद अंसारी, तबरेज आलम, मोहम्मद सैफ अंसारी आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया। साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। हिंदुस्तानी एकता दल के अध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि हमारा दल लोगों को संविधान के अनुसार अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य करती है एवं अनेक सामाजिक कार्य करती है। महामंत्री संतोष सिंह ने कहा कि यह हमारा पहला रक्तदान शिविर है। भविष्य में भी हम लोग लोगों को जागरूक करके रक्तदान शिविर लगाएंगे। शिविर को सफल बनाने में हिंदुस्तानी अपना दल के अध्यक्ष संतोष सोनी, महामंत्री संतोष सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा, कोषाध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा, संगठन मंत्री अमन कुमार पासवान, सचिव पंकज कुमार राणा, विनय कुमार पासवान, सूरज कुमार दास, कार्यकारिणी सदस्य राजा कुमार वर्णवाल, विनय कुमार, सूरज कुमार दास, कार्यकारिणी सदस्य राजा कुमार वर्मा, रजवंती कुमारी, सतीश राणा, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, पिलावल विकास मंच के संस्थापक एम हक भारती, इंजामुल हक ,मेडिकल कॉलेज के मुख्य टेक्नीशियन आर खैरी ,शीला कुमारी आदि का विशेष सहयोग रहा।



# कोई भी मतदाता मतदान करने से न रहे शेष, यही है इस लोकसभा चुनाव-2024 का उद्देश्य

**संवाददाता। हजारीबाग**

IamVerifiedVoter कैंपेन का हिस्सा बनें। 4 मार्च की प्रातः 10 बजे से सभी मतदाता अपने अपने मतदान केन्द्रों में जाकर मतदाता सूची या वोटर इनफॉरमेशन स्लिप के साथ सेल्फी/फोटो लेकर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करें साथ अपनी तस्वीर को @ceojharkhand में टैग भी करें।

**अभियान से ऐसे जुड़ें-** IamVerifiedVoter अभियान का प्रारम्भ संपूर्ण राज्य में सभी मतदान केन्द्रों पर दिनांक- 04.03.2024 को प्रातः 10.00 बजे से किया जायेगा। इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक मतदाता से यह अपील है कि वे अपने मतदान केन्द्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन Voter Helpline App या Voters Service Portal (https://voters.eci.gov.in/) के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लें कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि के लिए आवेदन दे सकते हैं या Voter Helpline App डाउनलोड कर सकते हैं। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति संबंधित मतदान केन्द्र के बी०एल०ओ० तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/ निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध रहती है। सभी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची अथवा ऑनलाईन नाम जाँच करने के उपरान्त संतुष्ट होने पर मतदाता सूची/Voter Information Slip की प्रति के साथ सेल्फी/फोटो लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म यथा Facebook/Twitter/ Instagram आदि पर हैशटैग #IamVerifiedVoter का उपयोग करते हुए पोस्ट कर सकते है साथ @ceojharkhand को भी टैग भी कर सकते हैं।




## मौजा कोर्रा में सरकारी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को प्रशासन ने कराया अतिक्रमण मुक्त



**हजारीबाग**

सरकारी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण के कारण राजस्व के हनन पर उपायुक्त ने गंभीरता से अवैधकर्ताओं पर कारवाई के निर्देश दिए है। इसी क्रम में तीन मार्च को उपायुक्त के निर्देश पर मौजा कोर्रा खाता नंबर 174 प्लॉट संख्या 66 की गैर मजरूआ खास खाते की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को जिला प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण मुक्त कराया। इस कारवाई के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार व अंचलाधिकारी सदर मयंक भूषण मौजूद रहे। सीओ सदर ने बताया कि उक्त सरकारी जमीन पर चहारदीवारी निर्माण का कार्य किया जा रहा था। निर्माण कार्य कराने वाले व्यक्ति द्वारा उपरोक्त जमीन को रैयती बताया, इस पर सीओ ने इस संबंध में किसी प्रकार का दावा होने पर 48 घंटे के अंदर अपने कागजात को अंचल या अनुमंडल कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

- **अवैधकर्ताओ पर जिला प्रशासन करेगा सख्त कारवाई : उपायुक्त**
- **नियमित तौर पर कारवाई कर भू माफियाओं पर नकेल कसने के निर्देश**

# विस्थापित प्रभावितों को अनदेखी नही है मंजूर: सुरजीत नागवाला

### राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के बैनर तले केरेडारी बीजीआर यूनिट के विस्थापित प्रभावित लोगों ने ट्रांसपोर्टिंग के खिलाफ खोला मोर्चा

**संवाददाता। हजारीबाग**

केरेडारी कोल माइंस में बीजीआर माइनिंग में ट्रांसपोर्टिंग का कार्य शुरू होने को ले कर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। इस मामले को ले कर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के बैनर तले ग्रामीणों की एक बैठक बसरिया इंटक ऑफिस में हुई। इसमें प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने कहा कि ट्रांसपोर्टिंग और माइनिंग से पूरे क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ेगा,और जान माल का भी नुकसान होगा ,ऐसी स्थिति में सभी विस्थापित और प्रभावित को रोजगार से जोड़े, सभी को विस्थापन का लाभ मिले, सभी रैयत और विस्थापितों को पेंशन का लाभ मिले, सुरक्षा मानकों की पूर्ति हो, लेबर लॉ और माइनिंग लॉ की पूर्ति हो।तभी ट्रांसपोर्टिंग चलेगा ,और ऐसा नहीं हुआ तो ट्रांसपोर्टिंग नही चलने देंगे।जिला सचिव अमित दुबे ने कहा कि ग्रामीणों को बरगला कर कंपनी ट्रांसपोर्टिंग करना चाहता है ,जिसे नही होने देंगे,हम सभी एक जूट है। इस बैठक में मुख्यरूप से जिला महाससिव जगदीश साव,जिला सचिव अमित दुबे,उदय वर्मा, बीजीआर यूनिट अध्यक्ष परमेश्वर कुमार,महेश पासवान,सुबोध कुमार,रंजीत साव,लोकेश कुमार,वासुदेव प्रजापति,महेश प्रजापति , सागर कुमार,प्रेम साव,अजय कुमार समेत सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।



## इनरव्हील क्लब ऑफ युवा ने बांटे 50 से अधिक रेडियो



**हजारीबाग**

हजारीबाग।इनरव्हील क्लब ऑफ युवा की तरफ से रविवार को बिरहोर बस्ती में रेडियो का वितरण किया गया। आपको बताते चले की 50 से भी अधिक रेडियो का वितरण किया गया। अध्यक्ष सुधा वर्मा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह कार्य किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र को लोगों को यह पता चले वोट कब है और वोट डालने कब जाना है। चूंकि आज के दौर में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है और उनका वोट छूटे नहीं, यह भी उन्हें ध्यान रखना होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुधा वर्मा, अन्नू अग्रवाल, अंजू ताँबी, प्रीति बग्गा, गुरमीत, रेणु वर्णवाल, पूजा अग्रवाल आदि शामिल रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी के पूर्व लड़की गायब

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी के दस दिन पूर्व लड़की फरार होने का मामला सामने आया है। खोजबीन करने पर जब लड़की का कोई सुराग नहीं मिला तो लड़की के पिता ने थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। दिए गए आवेदन में लड़की के पिता ने बताया है कि लड़की अपने मां और बहन के साथ नंबर लगाने के लिए एक निजी क्लीनिक में गई हुई थी। जहां नंबर लगाने के लिए लड़की की मां और बहन क्लीनिक की अंदर चली गई है और वह बाहर में थी। जब दोनों नंबर लगाकर वापस आया तो देखा की लड़की वहां नहीं थी। काफी खोज भी किया लेकिन कहीं लड़की का पता नहीं चला। लड़की के पिता ने लड़की की सुरक्षित बारामदी को लेकर थानाध्यक्ष से गुहार लगाया है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष प्रियरंजन ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे कि कार्रवाई की जा रही है।

### नशे में हंगामा कर रहे चार शराबी गिरफ्तार

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** बाथ थाना अंतर्गत ऊंचागांव में आपके नशे में ड्यूटी कर शराबी को हंगामा करते देख बाथ थाना उठाकर थाना लाया। जहां चारो का मेडिकल कराए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार शराबी सन्नी,सुधीर, चिंटू, विकास को न्यायालय भेजा गया है। रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ ने विभिन्न आरोपों में 9 यात्री को गिरफ्तार किया। आरपीएफ ने बताया कि चार यात्री ट्रेन के लगेज बोगी में बैठकर अनाधिकृत सफर कर रहा था। जिसे गिरफ्तार कर पीआर मुक्त करते हुए रेलवे न्यायालय में उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं गंदगी फैलाने के आरोप में पकड़े गए चार यात्री को कॉमर्शियल से फाइन करा कर पोस्ट पर से मुक्त किया गया।

### फतुहा में अपराधियों ने युवक को मारी गोली, मौत

**पटना, एजेंसी।** पटना के फतुहा में फोरलेन आरओबी से पहले सड़क किनारे एक 25 वर्षीय युवक को गोली मार दी गई। इससे उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। खून से लथपथ हालत में युवक की लाश मिली है। इसे पुलिस ने एनएमसीएच भेजवा दिया है, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।शनिवार की देर रात गोली मारी गई है। सभी अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। यह घटना फतुहा दनियावां स्टेट हाइवे फोर लेन आरओबी के ठीक पहले की है। घटना की सूचना फतुहा थाने को स्थानीय लोगों ने दिया। सूचना मिलते ही पहले तो 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद फतुहा थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज भी मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेज दिया है। पुलिस छानबीन में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी को भी खंगाला जा रहा है, ताकि अपराधियों का पता लगाया जा सके।

### चाचा ने भतीजे को मारी गोली, हालत गंभीर, जमीन विवाद को लेकर हुई फायरिंग

**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद जमीनी विवाद में चाचा ने भतीजे को गोली मार कर दिया। घटना शनिवार की देर रात्रि मखदुमपुर थाना क्षेत्र के तरहुआ वाला विगहा गांव की है। घायल युवक तरहुआ विगहा निवासी गणेश महतो का पुत्र धर्मराज कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार गणेश महतो का अपने भाइयों से जमीनी विवाद चल रहा है। एक भाई मकान बना रहा था, दीवार बनता देख भतीजा धर्मराज अपने चाचा को रोकने गया। पहले तो दोनों में कहासुनी हुई। फिर फायरिंग होने लगी। गोलबारी में भतीजे के पेट में गोली लग गई। घायल युवक को रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गोलीबारी की घटना जमीनी विवाद के कारण हुई है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति घर छोड़कर फरार हो गया है।

# महाशिवरात्रि पर 300 साल बाद बन रहा दुर्लभ योग



## शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि और चर्तुग्रही योग में होगी पूजा; जानें शुभ मुहूर्त

**पटना, एजेंसी।** फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस साल शिवरात्रि 8 मार्च को मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर इस बार 300 साल बाद खास त्रिकोण योग बन रहा है।

यह शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और चर्तुग्रही योग का दुर्लभ संयोग है। इसके साथ ही शुक्रवार दिन होने के कारण शुक्र प्रदोष व्रत का संयोग बन रहा है। इस दुर्लभ योग और शुभ अवसर पर भगवान शंकर की पूजा करने से भक्तों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

### निशिता काल महाशिवरात्रि का आठवां काल है

ज्योतिषाचार्य मोहन ने बताया कि इस दिन कुंभ राशि पर शनि मूल त्रिकोण में बैठे हैं। इसके साथ सूर्य, चंद्रमा और शुक्र भी विराजमान है। इसके चलते चतुग्रही योग बन रहा है। महाशिवरात्रि के लिए निशिता काल पूजा का मुहूर्त चतुर्दशी तिथि में होना आवश्यक है। रात्रि का आठवां काल निशिता काल कहलाता है। रात्रि 9:58 बजे से 12:31 मिनट तक निशिता काल रहेगा। महाशिवरात्रि के दिन शहद से शिवलिंग का अभिषेक करना शुभ होता है। गन्ने के रस से शिव का अभिषेक करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

**शिवरात्रि पूजा का शुभ मुहूर्त**

पहला प्रहर- 8 मार्च को शाम 6:25 बजे से रात 9:28 बजे तक

दूसरा प्रहर- रात 9:28 से 12:31 बजे तक

तीसरा प्रहर- रात 12:31 बजे से 3:34 बजे तक

अंतिम प्रहर- सुबह 3:34 बजे से सुबह 6:37 बजे तक

# मुजफ्फरपुर में चलती बस में आग, 54 लोग बाल-बाल बचे

## महागठबंधन की रैली में शामिल होने पटना आ रहे थे समर्थक, शॉर्ट सर्किट से हादसा



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में चलती बस आग लग गई थी। इस बस में 54 लोग सवार थे। जो महागठबंधन की रैली में शामिल होने के लिए बस से पटना आ रहे थे। रात करीब 9 बजे बस पश्चिम चंपारण से खुली थी। रात 11 बजे मुजफ्फरपुर के मोतीपुर थाना क्षेत्र के नारियार पहुंची। तभी बस में शॉर्ट-सर्किट के कारण चिंगारी निकलने लगी, लेकिन इसकी भनक चालक को नहीं लगी। वो वाहन चलाता रहा। कुछ देर बाद चिंगारी आग की लपटों में बदल गई। घुआं निकलने लगा। धुआं देख सभी डर गए। आनन-फानन में बस पर सवार सभी समर्थक नीचे उतरे। जिसके बाद चालक ने बस को सड़क किनारे लगा दिया।

**दमकल की गाड़ी आने से पहले बस पूरी तरह जली :** समर्थकों और स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की, पर कोई फायदा नहीं हुआ। आग की लपटें और तेज होती गई। स्थानीय लोगों ने मोतीपुर थाना की पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। जब दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक बस पूरी तरह से जल गई। घटना में किसी को नुकसान नहीं हुआ। सभी समर्थक सुरक्षित हैं।

### किसी को नुकसान नहीं हुआ

मोतीपुर थाना अध्यक्ष राजन कुमार पांडेय ने बताया कि पटना में रैली में शामिल होने के लिए एक बस जा रही थी। जिसमें 54 समर्थक बैठे हुए थे। अचानक बस में आग लग गई। जिस कारण बस पूरी तरह जल कर राख हो गई। किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हादसे के बाद राजद समर्थकों को दूसरी बस से पटना के लिए रवाना किया गया।

# किशनगंज में शौचालय की टंकी में डूबने से 3 बच्चियों की मौत

## अचानक टूटा टंकी का ढक्कन, तीनों गिरे



**किशनगंज, एजेंसी।** बिहार के किशनगंज में शनिवार रात शौचालय की टंकी में डूबने से तीन मासूम बच्चियों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि तीनों खेल रही थी। इस दौरान टंकी का ढक्कन टूट गया। इस वजह से तीनों बच्चियां टंकी में गिर गईं। मरने वाले में दो सगी बहनें और एक पड़ोसी की बच्ची शामिल हैं। घटना जिले के बहादुरगंज नगर के बाराडांगा गांव की है। दरअसल तीनों बच्चियां शनिवार देर शाम घर के बाहर ही खेल रही थीं। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी वे घर नहीं आई तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान बच्चियों की शव टंकी में मिलने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में तीनों के शव निकाले। वहीं, किशनगंज एसडीपीओ गौतम कुमार, बहादुरगंज थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन, नव कार्यपालक पदाधिकारी मो.रहमान, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि वसीकुर रहमान अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रशासन मामले की जांच में जुट गए है।

**मृतक बच्चों की पहचान :** मृतक बच्चों की पहचान बाराडंगा के ही रहनेवाले अजमल आलम के बेटी छोटी प्रवीण (10) और अकबर आलम के दो बेटियां आयात परवीन(7) और सीमा प्रवीण(4) के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों बच्चियों के शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, बच्चों के शव मिलने के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चों की मौत की खबर सुन पूरे गांव में मातम का माहौल है।

**क्या कहती पुलिस :** बहादुरगंज थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बहादुरगंज थाना की पुलिस और एसडीपीओ भी पहुंचे शौचालय का ढक्कन टूटकर गिरने से बच्चों की मौत होने का मामला सामने आया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### शिव की आराधना में उमड़े लोग

**भागलपुर, एजेंसी।** भगवान शिव की आराधना के लिए रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवरात्रि के पूर्व बाबा बूढ़ानाथ भक्त मंडल की ओर से गोशला से निशान शोभायात्रा निकाली गयी है। शोभायात्रा अभी कोतवाली चौक के पास पहुंची है। जो स्टेशन चौक, वेरायटी चौक, खलीफाबाग चौक होते हुए बूढ़ानाथ मंदिर पहुंचेगी।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से बहन की मौत, भाई जख्मी

## स्टेट हाईवे से होते दोनों पैदल लौट रहे थे घर, आक्रोशितों ने की मुआवजे की मांग

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में भीषण सड़क हादसा हुआ है। स्कॉर्पियो ने सड़क पर पैदल चल रहे भाई-बहन को कुचल दिया। दोनों अपने घर लौट रहे थे। हादसा में मौके पर ही 18 वर्षीय बहन की मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय भाई की हालत काफी नाजुक है। बच्चे को स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों ने लख्ब्॥ पूर्णिया में एडमिट कराया है। घटना के नगर थाना क्षेत्र के पूर्णिया-धमदाहा स्टेट हाईवे की है।

### पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ

भाई-बहन की पहचान के नगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत वार्ड-13 निवासी सदरे आलम की बेटी मुन्नी खातून (18) और मो. एतवारी (12) के रूप में हुई है। हादसे के बाद से घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची के नगर थाने की पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। आक्रोशित परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े थे।

### रात 10 बजे निकले थे दोनों

परिजनों ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे दोनों भाई-बहन के नगर के काझा बड़ी नहर पुल से होते हुए घर लौट रहे थे। 100 मीटर दूर पूर्णिया-धमदाहा स्टेट हाइवे पर एक कार रौंदती हुई निकल गई। घटना में 18 वर्षीय बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय भाई की हालत काफी गंभीर बनी हुई है।



हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। आक्रोशित परिजन शव के साथ एसएच पर बैठ गए। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही के नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद किसी तरह परिजनों का गुस्सा शांत कराया। आक्रोशित परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है।



# दूल्हे की गाड़ी नहर में गिरी, शीशा तोड़कर निकाला गया

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में बारात जा रही दूल्हे की गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई। गाड़ी में सवार दूल्हे सहित पांच लोग को शीशा तोड़ कर बाहर निकाला गया। दूल्हे की गाड़ी अनियंत्रित हो कर नहर में जा गिरी। ग्रामीणों के सहयोग से सभी को बाहर निकाला गया। सभी को हल्की छोटे आई हैं। घटना केसरिया थाना क्षेत्र के राजपुर-कोटवा रोड की है। घटना के संबंध ने गाड़ी चला रहे ड्राइवर अनमोल कुमार ने बताया कि मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज स्थित बालथी गांव से बारात लेकर कोटवा थाना क्षेत्र के चितरीया जा रहा थे। गाड़ी में दूल्हा समेत पांच लोग सवार थे। इसी दौरान केसरिया थाना क्षेत्र के राजपुर कोटवा रोड में हाजीपुर टर्निंग के समीप मोटरसाइकिल सवार को बचाने के दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई।

**दूसरी गाड़ी से शादी करने गया दूल्हा :** नहर में गाड़ी पलटने के बाद पानी के तेज बहाव में कार बहने लगी और कार में सवार लोग शोर मचाने लगे। तब तक पीछे से आ रही बारात की अन्य गाड़ियां भी पहुंची। सभी ने शोर मचा कर स्थानीय ग्रामीण से मदद मांगी, फिर सभी ने मिल कर पानी में बह रहे कार को काफी मशक्कत के बाद रोका। फिर शीशा तोड़कर दूल्हा समेत गाड़ी में सवार पांचों लोगों को बाहर निकाला। फिर दूल्हा को दूसरी गाड़ी से लड़की वालों के यहां भेजा गया।

# पटना, बेगूसराय समेत कई जगह बारिश, 26 जिलों में यलो अलर्ट

**पटना, एजेंसी।** बिहार में पिछले एक हफ्ते से मौसम लगातार सामान्य बना हुआ था। आज इसमें बदलाव देखने को मिलेगा। पटना, लखीसराय, बेगूसराय, सासाराम, भोजपुर में अहले सुबह से बारिश हो रही है। राजधानी के बोरिंग रोड, कंकड़बाग, पाटलिपुत्रा इलाके में अभी बूंदाबांदी हो रही है। बेतिया और भागलपुर में हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 26 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। कुछ जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवा को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार आज पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, नवादा, शेखपुरा, नालंदा, गया, जहानाबाद, पटना, अरवल, औरंगाबाद, भोजपुरी, रोहतास, बक्सर और कैमूर में बारिश, मेघगर्जन के साथ वज्रपात का भी पूर्वानुमान है। वहीं, इसके साथ ही भभुआ, रोहतास, औरंगाबाद और गया में ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। इस दौरान राज्य के दक्षिण-पश्चिम एवं दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेगी।

**क्यों हो रहा मौसम में बदलाव :** विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ अब चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य अफगानिस्तान और निकटवर्ती क्षेत्रों में समुद्र तल से औसत 3.1 किमी से 12.6 किमी के बीच



स्थित है। साथ ही एक ट्रफ रेखा इस चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर अरब सागर की तरफ गुजर रही है। इसके साथ ही एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से औसत 1.5 किमी ऊपर उत्तर पाकिस्तान और उससे सटे पंजाब पर स्थित है। एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण मेघालय और उसके आसपास समुद्र तल से औसत 3.1 किमी पर स्थित है। जिसके कारण से बारिश, मेघगर्जन, ओलावृष्टि, वज्रपात के लिए चेतावनी जारी कर दी गई है।

**मौसम विभाग की ओर से किसानों को सलाह :** विभाग ने किसानों के लिए को सलाह दी है कि अपने कटे और खुले स्थान में रखे हुए खरीफ एवं रबी फसल को सुरक्षित स्थान पर भण्डारण करने की व्यवस्था कर ले, ताकि पानी/नमी से फसल का बचाव हो सके। साथ ही रबी फसल के लिए ओलावृष्टि से बचाव के लिए उपरोक्त जिलों के लिए उपाय कर ले।

**कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमान :** पिछले 24 घंटे के दौरान मधुबनी जिला सबसे गरम रहा। जहां का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस किया गया है। इसके अलावा गया का 29 डिग्री, नवादा 30 डिग्री, पटना 28.4 डिग्री, औरंगाबाद 28 दिसंबर 9 डिग्री शेखपुरा 31.5 डिग्री, खगड़िया 31.4 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान भी 26 डिग्री से लेकर 32 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा है।

**कहां कितना दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान :** पिछले 24 घंटे के दौरान बांका सबसे ठंडा रहा, यहां का न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा गया का 11.2 डिग्री, नवादा 12 डिग्री, शेखपुरा 12.6 डिग्री, पटना 16.9 डिग्री, वैशाली 14.6 डिग्री मुजफ्फरपुर 16.7 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लेकर 18 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

### ब्रजेश मेहरोत्रा बने बिहार के नये मुख्य सचिव, चैतन्य प्रसाद को विकास आयुक्त का जिम्मा

**पटना, एजेंसी।** नीतीश सरकार ने ब्रजेश मेहरोत्रा को बिहार का नया मुख्य सचिव बनाया है. शनिवार की शाम इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी. इससे पहले मुख्य सचिव के पद पर तैनात आमिर सुबहानी ने वीआरएस ले लिया था. उसके बाद ब्रजेश मेहरोत्रा को ये जिम्मेवारी सौंपी गयी है. ब्रजेश मेहरोत्रा 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. वे फिलहाल राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के साथ साथ संसदीय कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर तैनात थे. राज्य सरकार ने उन्हें 4 मार्च 2024 से बिहार का मुख्य सचिव बनाया है. इसके अलावा विकास आयुक्त के पद पर चैतन्य प्रसाद की तैनाती की गयी है. चैतन्य प्रसाद फिलहाल जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं. राज्य सरकार ने उन्हें विकास आयुक्त बनाने के साथ साथ जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया है. बता दें कि बिहार सरकार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने वीआरएस ले लिया हैं. 30 अप्रैल को वे रिटायर्ड होने वाले थे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके वीआरएस के आवेदन पर अपनी मंजूरी दे दी है. सरकारी सूत्रों के मुताबिक आमिर सुबहानी को बिहार विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष बनाया जा सकता है. हालांकि उनके बीपीएससी अध्यक्ष बनने की भी चर्चा हो रही है. अतुल प्रसाद के सेवानिवृत होने के बाद बीपीएससी के अध्यक्ष का पद खाली है और उसे अतिरिक्त प्रभार के सहारे चलाया जा रहा है. वहीं विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने भी वीआरएस ले लिया था.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## भावनाओं की राजनीति

कर्नाटक सरकार एक ऐसा कानून लाने जा रही है, जिसके मुताबिक कंपनियों को नोटिस बोर्ड पर प्रमुखता से अपने कन्नडिगा कर्मचारियों की संख्या प्रदर्शित करनी होगी। इस खबर ने कई हलकों में ठीक ही चिंता पैदा की है। प्रस्तावित कानून की गंभीरता तो अपनी जगह है ही, ध्यान देने लायक बात यह भी है कि इसकी जानकारी सबसे पहले विधानसभा में एक और बिल पर चर्चा के दौरान सामने आई। वह बिल जो 15 फरवरी को पारित किया जा चुका है, व्यवसायों के लिए 60 फीसदी साइनबोर्ड कन्नड भाषा में रखना अनिवार्य बनाता है। दूसरी बात यह भी बताई गई है कि सरकार 'कन्नडा कवालू' नाम का एक मोबाइल ऐप लॉन्च करने वाली है, जो नागरिकों के लिए भाषाई भेदभाव की शिकायत करना आसान बनाएगा। इन तमाम कदमों को समग्रता में देखें तो साफ है कि ये भाषाई भावनाओं पर आधारित संकीर्ण राजनीति को बढ़ावा देने वाले हैं। इस तरह की राजनीति किसी पार्टी को खास इलाके में थोड़े समय के लिए लोकप्रियता भले दे दे, लंबे समय में किसी का भला नहीं कर पाती। महाराष्ट्र से लेकर असम तक अतीत के अनुभवों से इसकी पुष्टि होती है। निश्चित रूप से लगभग हर प्रदेश और क्षेत्र में स्थानीय युवाओं की बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है। लेकिन इसका हल क्षेत्र और भाषा के आधार पर स्थानीय भावनाओं को भड़काने में नहीं है, न ही देश के दूसरे हिस्से से आ रहे लोगों के खिलाफ माहौल बनाने में है। बल्कि, इससे बाहर से निवेश और टैलंट आने का सिलसिला बंद होने का खतरा है, जिससे उस राज्य की विकास संभावनाएं ही नहीं, रोजगार के मौके भी प्रभावित हो सकते हैं। यह बात सही है कि हाल के वर्षों में बेरोजगारी के मुद्दे को स्थानीय संदर्भों में देखने की प्रवृत्ति तेज हुई है। कई राज्य सरकारों ने स्थानीय युवाओं के लिए प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में रिजर्वेशन की घोषणा की थी। मिसाल के तौर पर हरियाणा (75 फीसदी), महाराष्ट्र (80 फीसदी तक), आंध्र प्रदेश (75 फीसदी) और मध्य प्रदेश (70 फीसदी) के नाम लिए जा सकते हैं। लेकिन किसी तुलना में जाने से पहले दो बातों पर गौर करने की जरूरत है। पहली तो यह कि स्थानीय आरक्षण से जुड़े इन ज्यादातर मामलों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा चुकी है। ये मामले चल रहे हैं और हो सकता है सुप्रीम कोर्ट इन्हें खारिज कर दे। दूसरी बात यह कि कर्नाटक में मामला स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के मौके मुहैया कराने भर का नहीं लगता। जिस तरह से ये कदम उठाए और प्रचारित किए जा रहे हैं, उससे भाषाई भावनाओं के भड़कने का साफ खतरा है। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार इन खतरों को लेकर सचेत होगी और हालात को उस तरफ नहीं जाने देगी।

## आंदोलन और उदारता

किसान आंदोलन के नेताओं के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू न करने का हरियाणा सरकार का फैसला सुखद और स्वागतयोग्य है। यह सर्वविदित है कि ज्यादातर आंदोलनकारी पंजाब से आए हैं और दिल्ली से लगती हरियाणा की सीमा पर जमे हुए हैं। अत- मुख्य रूप से आंदोलनकारियों को अनुशासन में रखने की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार पर ही है। जाहिर है, पुलिस प्रशासन परंपरा के अनुरूप कड़ाई के पक्ष में है और हिंसक तत्वों को काबू में करने के लिए कड़े कानूनों का इस्तेमाल चाहता है। अक्सर दलील दी जाती है कि किसी भी तरह की अराजकता या हिंसा को रोकने के लिए ही राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जैसे कड़े प्रावधान संविधान में किए गए हैं, अत- इनके इस्तेमाल में कोई बुराई नहीं है। हालांकि, प्रशासन को यह एहसास होना चाहिए कि अब पहले का दौर नहीं है। संसाधनों से मजबूत किसानों पर ज्यादा कड़ाई से समाधान को कदापि बल नहीं मिलेगा। अत- राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को फिलहाल हाशिये पर करना यथोचित फैसला है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने अगर किसानों के दर्द को समझते हुए यह फैसला लिया है, तो उनकी प्रशंसा होनी चाहिए। इस फैसले से हरियाणा सरकार का नैतिक बल बढ़ेगा और समाधान की दिशा में पहल करने के लिए वह ज्यादा सक्षम होगी। गौर करने की बात है कि किसान आंदोलन में अब तक करीब पांच किसानों की मौत हुई है और ऐसी स्थिति में भी किसान नेताओं पर सख्ती बरतने का फैसला प्रशंसनीय नहीं था। खैर, पुलिस प्रशासन के स्तर पर गुरुवार की तल्खी शुक्रवार को नरम पड़ गई। अब अधिकारियों ने कहा है कि हरियाणा पुलिस प्रदर्शनकारियों और उनके नेताओं से शांति बनाए रखने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील करती है। यह जरूरी अपील है।

## यूक्रेन में दो साल से युद्ध देखती दुनिया

**(विवेक काटजू, पूर्व राजदूत)**

यूक्रेन-रूस युद्ध को दो साल पूरे हो रहे हैं। 24 फरवरी, 2022 को रूस की सेना यूक्रेन में दाखिल हुई थी और राजधानी कीव की ओर उसने कूच करना शुरू किया था। मॉस्को को उम्मीद थी कि उसकी सेना यूक्रेन के अधिकाधिक हिस्से पर तेजी से कब्जा जमा लेगी, और अगर कीव तक वह न भी पहुंच सकी, तो यूक्रेन पर जरूर दबाव बना देगी। उसका यह भी मानना था कि रूसी सेना को देखकर कीव की जनता घबरा जाएगी, जिसके कारण जेलेंस्की सरकार का तख्ता-पलट होगा और रूस-समर्थक सत्ता यूक्रेन पर आसीन हो जाएगी। मगर रूस अपने मकसद में सफल नहीं हो सका, जिसके कई कारण रहे। मॉस्को की उम्मीद के विपरीत यूक्रेन की जनता रूसी हमले के खिलाफ उठ खड़ी हुई, और यूक्रेन की सेना ने भी हिम्मत व जोश के साथ रूसी फौज का मुकाबला किया। इसके साथ-साथ अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देश रूसी हमले के खिलाफ मुखर हो गए। यूरोप के मुख्य देशों ने खुलेआम कहा कि रूस की कार्रवाई से यूरोप की सामरिक स्थिति बदल गई है, इसलिए उन्होंने यूक्रेन को राजनीतिक मदद के साथ-साथ आर्थिक व सैन्य सहायता देनी शुरू कर दी। कुछ यूरोपीय इतिहासकारों और विश्लेषकों का मानना है कि रूस का आक्रमण शीत-युद्ध का आखिरी अध्याय है। उल्लेखनीय है, शीत-युद्ध के अंतिम वर्षों में तत्कालीन सोवियत संघ को पश्चिम, विशेषकर कुछ अमेरिकी नेताओं ने आश्वस्त किया था कि जर्मनी के एकीकरण की वजह से सोवियत संघ कभी सामरिक दबाव में नहीं आएगा। सोवियत नेतृत्व ने इस आश्वासन का यह अर्थ निकाला कि नाटो का विस्तार नहीं किया जाएगा और मध्य यूरोप के देश, जो सोवियत संघ के जमाने में वारसा संधि (नाटो के जवाब में सोवियत संघ के नेतृत्व में पूर्वी यूरोप के देशों के गठबंधन द्वारा की गई संधि) के सदस्य थे, नाटो में शामिल नहीं किए जाएंगे। मगर ऐसा नहीं हुआ। 1991 में सोवियत संघ का पतन

> *मॉस्को की नाराजगी उस वक्त विशेष तौर पर दिखी, जब यूक्रेन से रूस समर्थक सरकार की विदाई हुई और एक 'स्वतंत्र सरकार' का गठन हुआ। इसके बाद ही व्लादिमीर पुतिन ने एक लाल रेखा खींची और स्पष्ट कहा कि रूस कभी भी यूक्रेन को न नाटो और न यूरोपीय संघ में शामिल होते देख सकता है। फिर भी, यूकेन के नेतृत्व और पश्चिम के बड़े देशों से ये आवाजें उठने लगीं कि यूकेन एक संप्रभुता संपन्न देश है*

हुआ और आखिरी तीन दशकों में रूस इसका उत्तराधिकारी देश बना। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिम पर इल्जाम लगाया कि रूस द्वारा बार-बार दी गई चेतावनियों के बावजूद नाटो का पांच बार विस्तार हुआ और जो आश्वासन सोवियत नेतृत्व को दिए गए थे, उसको बार-बार नजरंदाज किया गया, जिससे रूस की सामरिक स्थिति पर दबाव पड़ा है। मॉस्को की नाराजगी उस वक्त विशेष तौर पर दिखी, जब यूक्रेन से रूस समर्थक सरकार की विदाई हुई और एक 'स्वतंत्र सरकार' का गठन हुआ। इसके बाद ही व्लादिमीर पुतिन ने एक लाल रेखा खींची और स्पष्ट कहा कि रूस कभी भी यूक्रेन को न नाटो और न यूरोपीय संघ में शामिल होते देख सकता है। फिर भी, यूक्रेन के नेतृत्व और पश्चिम के बड़े देशों से ये आवाजें उठने लगीं कि यूकेन एक संप्रभुता संपन्न देश है और अपनी सामरिक सुरक्षा के लिए वह हर कदम स्वेच्छापूर्वक उठा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में यह कहा जा सकता है कि रूस को युद्ध के लिए उकसाया गया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में वीटो का अधिकार रखने वाले किसी स्थायी सदस्य द्वारा युद्ध की शुरुआत करना किसी भी सूरत में वाजिब नहीं था। विश्व में शांति व सुरक्षा कायम रखना ही सुरक्षा परिषद् का पहला कर्तव्य है, जबकि रूस ने खुद दुनिया की शांति में सेंध लगा दी। बहरहाल, पिछले दो वर्षों की इस जंग में रूस का यूक्रेन पर दबाव बनाने का मकसद पूरा नहीं हो सका है। हां, रूस से सटे यूक्रेन के पूर्वी हिस्से और दक्षिण के कुछ इलाकों में उसने खुद को मजबूत जरूर बना लिया है। पिछले साल यूक्रेन ने बहुत जोर-शोर से पलटवार करना शुरू किया था, लेकिन उसे कोई खास सफलता नहीं मिल सकी है। अब तो यूक्रेनी फौज का मनोबल भी कुछ ढीला पड़ता दिखने लगा है। यह माना जाने लगा है कि दोनों देशों के बीच में जो नई सीमा बन गई है, उसमें अब शायद ही कोई बदलाव हो सकता है, जब तक कि कुछ अप्रत्याशित घटना नहीं हो जाती। नाटो और यूरोपीय संघ के सदस्य देश बेशक रूस को वापस लौट जाने की सार्वजनिक मांग कर रहे हैं और मॉस्को से भिड़ने के लिए कीव को आर्थिक व सैन्य मदद दे रहे हैं, लेकिन खुद अमेरिका की स्थिति बिगड़ती दिख रही है। वहां मौजूदा बाइडन सरकार का रुख यूक्रेन के प्रति जरूर नरम है, लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों की इच्छाशक्ति वहां की संसद में जाहिर होने लगी है। इस साल वहां चुनाव भी होने वाले हैं, और लगता यही है कि जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप ही आमने-सामने होंगे। यदि कानूनी रूप से ट्रंप चुनाव प्रक्रिया से बाहर नहीं हुए, तो मुमकिन है कि वह फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति बनेंगे और उनकी यूक्रेन के प्रति उदासीनता जगजाहिर है। इस युद्ध के शुरू होने से पूरी दुनिया में ऊर्जा और खाद्यान्न की स्थिति पर बुरा असर पड़ा, लेकिन पिछले साल के अंतिम महीनों में ऐसी व्यवस्था कर ली गई, जिससे वैश्विक स्थिति संभल गई। इसका एक और बड़ा असर यह हुआ कि रूस पर अमेरिकी और यूरोपीय प्रतिबंधों के कारण मॉस्को व बीजिंग में नजदीकी बढ़ गई। हालांकि, इस दोस्ती का चीन ने फायदा तो उठाया, लेकिन रूस की सहायता करते हुए भी उसने पश्चिम द्वारा खींची गई लाल रेखा का उल्लंघन नहीं किया। यह जंग हमारे लिए भी एक बड़ी चुनौती बनकर आई थी। हालांकि, मोदी सरकार ने सबसे पहले यूक्रेन से अपने नागरिकों, खासकर वहां पढ़ रहे छात्रों को बाहर निकालकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसके बाद, अमेरिकी चेतावनियों के बावजूद उसने रूस से न सिर्फ अपने ऊर्जा संबंध बनाए रखे, बल्कि इसे आगे भी बढ़ाया। इतना ही नहीं, रूस के साथ अपने सामरिक व रक्षा संबंध को भी हमारी सरकार ने कमजोर नहीं होने दिया। इसका हमें लाभ मिला है। इस दूरदर्शिता के कारण भारत सरकार ने रक्षा-आपूर्ति के अन्य स्रोतों को ढूंढ़ने की प्रक्रिया भी तेज कर दी है, जिसके प्रयास काफी पहले से किए जा रहे थे। अभी तो इस जंग का कोई छोर नहीं दिख रहा है। रूस कब्जा जमाए यूक्रेन के कुछ हिस्सों को वापस लौटाने के लिए तैयार नहीं है। इस तरह यहां 'फ्रोजन क्फ्लिलक्ट' जैसी परिस्थिति बन गई है, यानी आने वाले दिनों में बेशक यहां गोलियां चलनी बंद हो जाएं, लेकिन तनातनी बदस्तूर कायम रहेगी। इन सबसे यूरोप और पूरी दुनिया की सामरिक व आर्थिक परिस्थितियों पर स्वाभाविक ही प्रभाव पड़ रहा है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## संदेशखाली का संदेश समझिए

**(शशि शेखर)**

कल तक गुमनामी के अंधेरे में गुम पश्चिम बंगाल का गांव संदेशखाली इस समय देश-दुनिया में सुर्खियां बटोर रहा है। वहां जो हुआ, बुरा हुआ, लेकिन यह सिर्फ अपराध और दंड का मामला नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने सफलतापूर्वक इसे देश के दो सबसे बड़े धर्मों के बीच का मामला बनाते हुए अपने चुनावी अभियान की आधारशिला रख दी है। भगवा दल हर चुनाव से पहले ऐसे कुछ मुद्दे रोशनी में लाने में कामयाब रहता है, जो उसके लिए लाभकारी साबित होते हैं। कभी कांग्रेस और ममता बनर्जी को इसमें महारत हासिल थी। बात पश्चिम बंगाल की है, इसलिए पहले ममता बनर्जी की चर्चा। आपको याद होगा कि सन् 2007 में रतन टाटा नैनो कार की फैक्टरी वहां लगाना चाहते थे। उनका सपना था कि देश का आम आदमी भी कार में चले, इसीलिए उस कार की कीमत एक लाख रुपये रखी गई थी। कभी संजय गांधी ने भी इसी सपने के साथ मारुति की बुनियाद रखी थी। न संजय इसमें सफल रहे और न रतन टाटा। अगर कोई कामयाब हुआ, तो वह थीं ममता बनर्जी। ममता ने उन दिनों 'मां, माटी और मानुस' के नारे के साथ आंदोलन छेड़ दिया था। वह आंदोलन शुरुआत से इतना उग्र रहा कि रतन टाटा के पैर उखड़ गए। नरेंद्र मोदी उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। उन्होंने आनन-फानन में सभी सुविधाएं मुहैया करा नैनो की फैक्टरी साणंद में स्थानांतरित करवा वाहवाही लूट ली थी। तब कौन जानता था कि यही तेजी महज छह साल में उन्हें देश का प्रधानमंत्री बना देगी? हालांकि, इसका तात्कालिक लाभ तृणमूल कांग्रेस को मिला था। ममता बनर्जी वाम दलों की 34 साल पुरानी सरकार को उखाड़ने में कामयाब रही थीं। जिन वंचित, शोषित और सर्वहारा के नाम पर वाम दल वहां हुकूमत कर रहे थे, उन्हीं लोगों ने उन्हें उखाड़ फेंका। बुद्धदेव भट्टाचार्य को सोवियत संघ के मिखाइल गोर्बाचेव की तरह अपनी पार्टी के पतन का गुनहगार बनने पर मजबूर होना पड़ा। तब से अब तक ममता बनर्जी राइटर्स बिल्डिंग पर काबिज हैं। मुद्दों को पहचानकर उन्हें जनप्रिय नारों में तब्दील करने की यह अदा मूलत- कांग्रेस की उपज थी। सन् 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी ने उड़ीसा (अब ओडिशा) के कालाहांडी से नारा दिया था- 'वे कहते हैं इंदिरा हटाओ, मैं कहती हूं गरीबी हटाओ।' कालाहांडी उन दिनों भुखमरी और दरिद्रता का स्मारक हुआ करता था। नतीजतन, यह प्रतीक और नारा, दोनों कामयाब रहे। इंदिरा गांधी को उस चुनाव में लोकसभा की 352 सीटें हासिल हुई थीं। याद रहे, उन दिनों का विपक्ष आज की तरह विश्वसनीयता के संकट से नहीं जूझ रहा था। कामराज, जेपी, राममनोहर लोहिया, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज इंदिरा गांधी के मुकाबिल थे। वे लड़ना जानते थे, पर इंदिरा गांधी की शख्सियत, समय को पहचानने की क्षमता और उसके अनुरूप समर-नीति बनाने के सामर्थ्य के समक्ष वे बेबस साबित हुए। यह बात अलग है कि इंदिरा गांधी बाद में रास्ता भटक गईं और उन्हें आपातकाल लागू करना पड़ा। उनके विरुद्ध जयप्रकाश नारायण ने जब संपूर्ण-क्रांति का आह्वान किया, तो एक और नारा उठा, 'इंदिरा हटाओ, देश बचाओ'। जनता पहले से गम और गुस्से में थी। इन शब्दों में उसे अपनी भावना की झलक मिली और इंदिरा गांधी सत्ता-बदर हो गईं। सत्ता पाने के बाद संपूर्ण-क्रांति के कर्णधार आपस में लड़ पड़े और उनका शीराजा भी दो साल में बिखर गया। भारतीय विपक्ष का मौजूदा संकट उन्हीं दिनों की देन है। अगले चुनाव 1980 में हुए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5299

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5298

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5299

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | 8 | | 9 | | |
| | | | 10 | 11 | | | |
| | | 12 | | | | 13 | |
| 14 | 15 | | 16 | | 17 | | |
| | 18 | 19 | | | 20 | 21 | |
| 22 | | | | 23 | | | |
| 24 | | | 25 | | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. सरकार समर्थित परिवर नियोजन का आरंभ करने वाला पहला देश यह है (3)
4. 10 दिसंबर 1868 को दुनिया की पहली ट्रेफिक लाइट यहां के ब्रिटिश हाउस ऑफ पालियामेंट के सामने सड़क पर लगाई गई थी (3)
7. प्रदर्शनी, मेला बाजार (4)
9. खुशबू, सुगंध, महक (3)
10. दंड देना, सजा देना (3)
12. जिसका कोई अंत न हो, असीम, अक्षय (3)
13. सुंदर व कोमल बिछौना व बिस्तर, शय्या (2)
14. एक श्लोक का चतुर्थांश, ओहदा (2)
16. असुर, माता (3)
18. सफर, ट्रिप, ट्रेवल (2)
20. जंगल, अरण्य, कानन (2)
22. गृह, आवासिता, अधिवास, निवास स्थान (3)
23. नटखट कृत्य, ऊधम, उत्पात (4)
24. तड़क-भड़क, ठाट-बाट (2)
25. गाजर की तरह एक प्रकार का कंद, शिखामूल (4)

**ऊपर से नीचे**
1. रावण का पूर्व जन्म में यह नाम था (5)
2. पार्वती, लक्ष्मी (2)
3. छिछली, कड़ाही, को यह भी कहते है (2)
4. लांगल, अंकुड़ा, आहार वितरण (3)
5. एक बार में फूंक लगने का समय, कश (2)
6. दीवार आदि में छेद करके चोरी करने वाला (5)
8. विद्रोह जनक को पुरोहित का नाम (4)
11. फतह हासिल करना (3)
15. यह दक्षिण भारतीय फिल्म नायकन की हिंदी रीमेक फिल्म थी नायक थे विनोद खन्ना, दयालु (4)
17. राजपुत्र, राजकुंवर (4)
19. दुख, आंतकानुभूति, मनोघात (2)
21. कोमल, नाजुक, मृदुल (3)
22. उम्मीद, शुभ संभावना (2)
23. भाला, शूल (3)

### वर्ग पहेली 5298 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मो | रा | र | जी | दे | सा | ई | |
| ती | ज | | त | व | | शा | ना |
| ला | न | त | | दा | मि | नी | |
| ल | | र | | स | ल | | द |
| ने | क | ना | मी | | न | सी | ब |
| ह | ल | | जा | | सा | ल | ना |
| रू | प | मा | न | | र | न | |
| | ना | ल | | पा | | | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन परेशानी और समस्या वाला रहेगा और आज आपको अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी से विवाद हो सकते हैं। शाम के वक्त आपको सामाजिक संबंधों से लाभ होगा। नई योजना की तरफ ध्यान दें, अचानक लाभ हो सकता है। परिवार में सभी के साथ मेलजोल बढ़ेगा।

### वृष
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके धन कोष में वृद्धि होगी। आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु मौसम परिवर्तन का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

### कर्क
आज का दिन परेशानी और समस्या वाला हो सकता है। आज ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी के साथ आपकी अनबन होने से नुकसान हो सकता है। आज का दिन मिश्रित फलकारक है और बेहतर होगा कि आप अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। नए संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ लंबी यात्रा पर जा सकते हैं।

### सिंह
आज लाभ होगा और आज आपको ग्रोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध में किसी प्रकार की अस्थिरता से आपको परेशानी हो सकती है। काम करने में मन नहीं लगेगा। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग और घर गृहस्थी के उपयोग की वस्तुएं खरीदी जा सकती हैं।

### मिथुन
आज लाभ का दिन है और आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपने काम पर फोकस करें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपने सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे।

### कन्या
आज लाभ का दिन है और आज आपके पद व अधिकार में वृद्धि होगी। समस्याओं का अंत होगा और मानसिक रूप से अशांति दूर होगी। कहीं दूर यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। ऑफिस के काम में आपका मन कम लगेगा। कारोबार के मामले में लाभ होगा।

### तुला
आज आर्थिक लाभ होगा। आज नौकरी और कारोबार में आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आज आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं और नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता, आप मेहनत करके हर काम में सफलता पा सकते हैं। रात्रि का समय मित्रों, परिजनों के साथ खुशी में बीतेगा।

### वृश्चिक
आज आर्थिक लाभ होगा और धन सम्मान के मामले में सफलता मिलेगी। स्वजनों से सुख मिलेगा और पारिवारिक कार्यों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

### मकर
आज लाभ होगा और आज आपको किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रुका हुआ धन लाभ मिलेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और हर कार्य में सफलता मिलेगी। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ मिलेगा। नए संपर्क से सितारा बुलंद होगा।

### कुंभ
आज दिन परेशानियों वाला हो सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। दांपत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्द्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा। आपको आज पुण्य कर्मों का लाभ होगा। धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

### धनु
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपको शत्रुओं से दूर रहने की सलाह है। विवाद से बचने का प्रयास करें। बिना वजह की चिंताओं से आज मन परेशान होगा। नई उपलब्धियों से आपको लाभ होगा और आपको कड़ी मेहनत करने पर सफलता मिलेगी। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें।

### मीन
आज सम्मान प्राप्त होगा और आपके मन में कुछ कर दिखाने की उधेड़बुन होगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से आपकी अच्छी साठ-गांठ रहेगी और आपको लाभ होगा। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ होगा। निराशाजनक विचारों से बचें। संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
रांची, सोमवार, 4 मार्च 2024

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper



**संक्षिप्त समाचार**

## सस्ती लिपस्टिक लेकर आया पति... पत्नी ने खड़ा किया बखेड़ा, ससुराल छोड़ पहुंच गई मायके

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में पत्नी की पसंद की लिपस्टिक लाने की बजाय पति सस्ती लिपस्टिक लेकर आया तो घर में बखेड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि पत्नी एक महीने से मायके में है। न्याय के लिए पुलिस से गुहार लगाई। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचने पर काउंसलर ने दोनों में समझौता कराया। एत्मादपुर थाना क्षेत्र की एक युवती की शादी दो साल पहले मथुरा निवासी युवक के साथ हुई थी। पति प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। पत्नी का आरोप है कि पति उसकी पसंद का मेकअप का सामान नहीं लेकर आता। हमेशा सस्ता वाला लाता है। सहेलियां उपहास करती हैं, शर्मिंदा होना पड़ता है। पति से अच्छी कंपनी की लिपस्टिक लाने के लिए कहा था लेकिन 20 रुपये वाली ले आया। पिछले एक महीने से वह मायके में है। काउंसलर सतीश खिरवार ने बताया कि शनिवार को दानों पक्षों को काउंसलिंग के लिए बुलाया। पति ने पत्नी की शर्तें मान ली। इससे समझौता हो गया।

## युवक ने इंस्टाग्राम पर युवती से की दोस्ती, उत्तराखंड ले जाकर किया दुष्कर्म

**बरेली , एजेंसी।** बदायूं के युवक ने बरेली की युवती से इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती कर ली। इसके बाद उसे शादी का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसा लिया। उसे उत्तराखंड घुमाने ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रेमनगर थाना क्षेत्र निवासी पुलिसकर्मी की बेटी की दोस्ती इंस्टाग्राम पर बदायूं निवासी प्लाईवुड का काम करने वाले जुबैर सैफी से हुई थी। जुबैर युवती को अपने साथ उत्तराखंड घुमाने ले गया। इस दौरान जुबैर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जुबैर ने रुपयों की जरूरत बताकर युवती से सोने के कड़े, झुमके और अंगूठी ले ली। फिर वह शादी की बात टालने लगा। युवती ने जब प्रेमी के परिवारवालों को यह बताया तो जुबैर के पिता सलीम, भाई खुर्रम और बहनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित युवती की तरफ से प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपी फरार हो गए हैं। प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि साक्ष्यों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षिका की संदिग्ध हालत में मौतः घर में फंदे से लटका मिला शव, एक साल पहले किया था प्रेम विवाह

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में निजी स्कूल की शिक्षिका प्रिया गंगवार (28) की उनकी ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने दहेज की खातिर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सीओ और इंस्पेक्टर भी मौके पर पहुंच गए। शव को मोर्चरी में रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी। शनिवार रात नौ बजे बारादरी थाना क्षेत्र की गणेशपुरम कॉलोनी निवासी शिक्षिका का शव उनकी ससुराल में फंदे से लटका मिला। ससुराल वाले उसे उतारकर निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया तो शव घर ले आए। पड़ोस की कॉलोनी अग्रसेननगर से प्रिया के पिता हरीश गंगवार भी मौके पर आ गए। सीओ तृतीय अनीता चौहान भी मौके पर पहुंचीं और दोनों पक्षों व पड़ोसियों से बात की। पड़ोसियों ने बताया कि प्रिया गंगवार और शिवांशु रस्तोगी ने एक साल पहले ही दोनों पक्षों की सहमति से प्रेम विवाह किया था। तब से प्रिया ससुराल में रहती थीं। वह राधा माधव स्कूल में पढ़ाती थीं। ससुराल पक्ष के लोगों का टेलरिंग का काम है।

**सास बोली- बदल गया था प्रिया का व्यवहार :** प्रिया की सास अंजलि रस्तोगी ने बताया कि शनिवार सुबह ही वह प्रिया को लेकर उसके मायके उसके बदले व्यवहार की शिकायत करने गई थीं। शाम को बहू के साथ ही घर लौट आई। अचानक प्रिया ने यह कदम क्यों उठा लिया, इस बारे में जानकारी नहीं है। वहीं मायके वालों ने दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव का रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिली तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। प्रेमनगर थाना क्षेत्र की चाहबाई निवासी ज्योति जौहरी (30) पत्नी आदित्य जौहरी शुक्रवार रात घर में ही आग से झुलस गई थीं। शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इससे पहले ज्योति के बयान दर्ज किए गए। बताते हैं कि बयान में ज्योति ने मॉर्टिन क्वाइल जलाने के दौरान पास में पड़ी तेल की शीशी गिरने और उससे आग लगने की बात कही।

# मोदी और राम लहर के नाम पर विश्वास से भरी है पार्टी, 51 में 44 मौजूदा सांसदों को दिया टिकट



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में प्रत्याशियों की पहली सूची में भाजपा ने राम लहर और मोदी की गारंटी के बूते आत्मविश्वास से लबरेज होने का संदेश दे दिया है। पार्टी ने 51 प्रत्याशियों में 44 मौजूदा सांसदों को टिकट देकर यह भी संदेश देने की कोशिश की है कि मोदी सरकार के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है।

करीब एक वर्ष पहले भाजपा ने जब लोकसभा चुनाव के लिए पहले दौर का सर्वे शुरू कराया था, तब सर्वे में पार्टी के 30-40 फीसदी मौजूदा सांसदों की रिपोर्ट नकारात्मक आई थी। सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद चुनाव में बड़ी संख्या में सांसदों के टिकट कटने की आशंका जताई जा रही थी। यही नहीं, केंद्रीय नेतृत्व की ओर से कराए गए सर्वे में भी सांसदों की जमीनी रिपोर्ट ज्यादा अच्छी नहीं थी। उसके बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मोदी की गारंटी' का नारा दिया। राशन से लेकर आवास, सड़क से सुरक्षा और रोजगार से इलाज तक मोदी की गारंटी के नाम पर उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को साधने का अभियान शुरू हुआ।

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश में चली राम लहर चली। उत्तर प्रदेश में तो खासतौर पर भाजपा के पक्ष में माहौल बनना शुरू हुआ। उधर, आरएसएस, भाजपा और संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों ने भी इस लहर को चुनाव तक बनाए रखने की योजना पर काम शुरू किया। पार्टी को तीसरे दौर के सर्वे में मोदी की गारंटी और राम लहर का घर-घर तक आभास हो गया। इसी के बूते पार्टी ने 51 में से 44 मौजूदा सांसदों को प्रत्याशी बनाने और हारी हुई चार सीटों में से तीन पर हारे हुए चेहरों पर ही दांव खेलने का जोखिम उठाया है। पार्टी ने विपक्षी दलों को संदेश देने की कोशिश की है कि विकास और विरासत को सम्मान के दम पर वह यूपी में फिर एक बार बड़ी जीत हासिल करेगी। जानकार बताते हैं कि जिन 44 सांसदों को फिर से टिकट दिया गया है , उनमें मुजफ्फरनगर, चंदौली, कन्नौज जैसी सीटें भी हैं। जहां 2019 में जीत का अंतर 6 से 15 हजार के बीच ही रहा था।

### यह भी हैं विश्वास के आधार

भाजपा ने मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का बड़ा वोट बैंक तैयार किया है। पहली सूची में अगड़े, पिछड़े और दलितों की सभी प्रमुख जातियों को प्रतिनिधित्व देकर सामाजिक संतुलन भी बनाया है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव से पहले सुभासपा और रालोद से भी गठबंधन कर लिया है।

बसपा सुप्रीमो मायावती लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं। 2019 में सपा और बसपा के मजबूत गठबंधन के बावजूद भाजपा ने 49.9 फीसदी वोट हासिल कर 80 में से 64 सीटें जीती थी। ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि त्रिकोणीय मुकाबले में वह मौके का फायदा उठा लेगी।

### लखीमपुर और गौतमबुद्धनगर से भी बड़ा संदेश

लखीमपुर खीरी से सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की स्थानीय किसान संगठन लगातार खिलाफत कर रहे थे। पार्टी ने तमाम विरोध के बाद टेनी को टिकट देकर स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए जिताऊ और काडर सबसे महत्वपूर्ण है। गौतमबुद्धनगर में मौजूदा सांसद डॉ. महेश शर्मा का गत वर्ष त्यागी समाज ने पुरजोर विरोध किया था। पार्टी ने उन्हें लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाकर ना केवल क्लीन चिट दी है, बल्कि सरकार और संगठन की ताकत के बूते मुकाबले का भी संदेश दिया है।

## थ्री डी मैप दिखाकर आशियाना दिलाने का सपना बेच दिया, केस दर्ज- तलाश में जुटी पुलिस

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर में बीसीडी प्रोजेक्ट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड नाम से तारामंडल में ऑफिस खोलकर जालसाजी का मामला सामने आया है। बेलीपार के तालनदौर में किस्त पर प्लॉट और आशियाना का सपना दिखाकर जालसाजी की गई है। लोगों को झांसे में लेने के लिए जालसाजों ने थ्रीडी मैप भी दिखाया। सभी ग्राहकों से जमीन बुक कराते समय बीस फीसदी जमा कराया गया और बाकी की रकम किस्त में देनी थी।

जमीन, मकान नहीं मिलने के बाद एक साथ 13 लोगों ने सीएम योगी के जनता दर्शन में बीते दिनों शिकायत की थी, जिसके बाद रामगढ़ताल थाने में बुद्ध विहार कॉमर्शियल निवासी अमित कुमार दुबे, अमलेश पांडेय, विशाल राय, शिवरतन मिश्रा उर्फ त्रिलोकी और हौशिला मिश्रा पर केस दर्ज किया गया है।

पीड़ितों ने तहरीर में लिखा है कि 11 अक्तूबर 2017 को कंपनी के कार्यालय में मुलाकात हुई थी। तब खुद को कंपनी का अधिकारी बताने वाला अमित कुमार दूबे, अमलेश पांडेय, विशाल राय ने उन्हें प्रास्पेक्टस दिया। शहर से निकट बेलीपार के ताल नदौर में स्थित आवासीय प्लाट का थ्रीडी मैप दिखाया और बताया कि कंपनी सभी सुविधाओं से संपन्न कॉलोनी का निर्माण कर रही है, आसान किस्तों पर प्लॉट को खरीद सकते है।

प्लॉट खरीदने का शर्त यह है कि जमीन के कुल मूल्य का 50 प्रतिशत भुगतान 12 किस्तों में अदा करना था और रजिस्ट्री करते समय 20 प्रतिशत भुगतान और करके रजिस्ट्री बैनामा कराना था। शेष 30 प्रतिशत धनराशि जरिए चेक छह किस्तों में जमा करना था, जिसे कंपनी एडवांस छह चेक उक्त वर्णित धनराशि का प्राप्त कर लेती और नियत समय पर चेक कंपनी के खाते में कैश हो जाता। जमीन नहीं मिलने पर 11 मार्च 2023 को कार्यालय पर गए तो बंद मिला।

# माफिया अतीक के बेटों उमर-अली का बनवाया बी वारंट, शिकंजा कसने की तैयारी







**प्रयागराज , एजेंसी।** उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद के जेल में बंद बेटों उमर व अली पर भी शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पुलिस ने दोनों का बी वारंट बनवाकर लखनऊ व नैनी जेल में तामील करवा दिया है। अब उन्हें कोर्ट में तलब कराकर रिमांड की अर्जी दी जाएगी।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि अब तक कि विवेचना में पुलिस को उमर व अली के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले हैं जो यह इशारा करते हैं कि इस हत्याकांड की साजिश में वह दोनों भी शामिल थे। मसलन मुख्य शूटर असद हत्याकांड से पहले कई बार लखनऊ जेल में जाकर बड़े भाई उमर व नैनी जेल में जाकर अली से मिला था। नैनी जेल में घटना के अन्य शूटर गुड्डू मुस्लिम, गुलाम व अरमान ने भी जाकर अली से मुलाकात की थी।

जेल भेजे गए शौलत हनीफ ने भी अपने बयान में बताया है कि अली व उमर को इस पूरी साजिश की जानकारी थी। जेल में जाकर मुलाकात करने पर असद को अली व उमर भी प्लानिंग समझाते थे। इन साक्ष्यों के आधार पर ही पुलिस ने दोनों का बी वारंट बनवाया है। साथ ही इसे संबंधित जेलों में तामील भी करवा दिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जल्द ही उन्हें कोर्ट में तलब कराकर रिमांड अर्जी दी जाएगी।

बता दें कि उमर लखनऊ के प्रॉपर्टी डीलर मोहित जायसवाल के अपहरण कांड में लखनऊ जेल में बंद है। जबकि अली हत्या के प्रयास, रंगदारी समेत अन्य मामलों में नैनी जेल में निरुद्ध है। उमेश पाल हत्याकांड में अब तक 10 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं जबकि छह शूटरों समेत सात मिट्टी में मिल चुके हैं। जबकि 11 के खिलाफ विवेचना जारी है। इन्हीं 11 में उमर व अली भी शामिल हैं।

## तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए अस्पताल में घुसा, कोई हताहत नहीं

**प्रयागराज , एजेंसी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के चाका ब्लाक के सामने रविवार की भोर में बड़ा हादसा होते-होते बच गया। प्रयागराज-मध्य प्रदेश हाईवे पर भोर में करीब साढ़े चार बजे तेज रफ्तार एक ट्रक अंसुतलित हो गया। डिवाइडर को तोड़ते हुए ट्रक दूसरी पटरी पर खड़ी कार को रौंदने के बाद अस्पताल में घुस गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना में ट्रक के परखच्चे उड़ गए और अस्पताल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। यह ट्रक प्रयागराज के एक विधायक का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रक सतना से आ रहा था और उस पर गेहूं लदा था।

# पूर्व सांसद रेवती रमण तोड़ सकते हैं सपा से नाता, भाजपा में जाने की अटकलें



**प्रयागराज , एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश की 80 में से 51 लोकसभा सीट से प्रत्याशियों के नाम की सूची जारी करने के बाद अब सभी निगाहें फूलपुर और इलाहाबाद लोकसभा सीट पर टिकी हुई हैं। इन दोनों ही सीटों पर भाजपा का कब्जा है। इस बीच अब फिर से इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा के वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह किसी भी दिन पार्टी से नाता तोड़ सकते हैं। उनके भाजपा में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं, कुछ लोगों ने उनके कांग्रेस से संपर्क में होने की बात कही है।

गठबंधन के बाद सपा ने इलाहाबाद लोकसभा सीट कांग्रेस को दे दी गई है। इस सीट से सपा के टिकट पर रेवती रमण सिंह लगातार दो बार सांसद रह चुके हैं। बताया जा रहा है कि वह इस सीट से अपने पुत्र उज्जवल रमण सिंह को टिकट दिए जाने की वकालत कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस के पास यह सीट जाने के बाद उन्हें काफी झटका लगा। इसे लेकर पिछले दिनों ही रेवती ने अपनी नाराजगी भी जताई। उन्होंने यह भी कह दिया कि अखिलेश किसी की नहीं सुनते। बीते ढाई वर्ष से उनकी अखिलेश से बात भी नहीं हुई।

इलाहाबाद लोकसभा सीट पर 1984 के बाद से कांग्रेस चुनाव नहीं जीत सकी है। इस सीट पर समाजवादियों का वर्चस्व रहा है। रेवती के करीबियों का कहना है कि वह अब सपा से नाता तोड़ सकते हैं। इस बीच खबर यह भी आई है कि रेवती की भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी हो चुकी है। हालांकि, जब रेवती से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी वह सपा में ही हैं। मेरी न कांग्रेस से बात हुई है और न ही भाजपा से। अपने लोगों से बातचीत कर आगे क्या करना है उस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। वहीं, उनके पुत्र उज्ज्वल रमण का कहना है कि अभी हम सपा में ही हैं। कहा कि मेरी अखिलेश यादव से बात होती रहती है।

**अब फूलपुर और इलाहाबाद सीट पर टिकी निगाहें:** भाजपा द्वारा प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता को एक बार फिर से टिकट दिए जाने के बाद अब इस बात के आसार कम ही हैं कि फूलपुर और प्रतापगढ़ से किसी वैश्य उम्मीदवार को टिकट मिले। फूलपुर सीट से वर्तमान में सांसद केशरी देवी पटेल हैं।

ऐसे में उनकी दावेदारी तो इस सीट पर है ही, इसके अलावा विधायक प्रवीण पटेल, विक्रम सिंह पटेल, कौशलेंद्र पटेल के नाम भी इन दिनों चर्चा में हैं। इसी तरह इलाहाबाद सीट से सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी के अलावा विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी का भी दावेदार के रूप में नाम लिया जा रहा है। यहां से गिरीश चंद्र त्रिपाठी, योगेश शुक्ला, रईस शुक्ला, डॉ. एलएस ओझा, डॉ. भगवत पांडेय आदि का भी नाम सोशल मीडिया में चल रहा है।

## फुल हो गई इन 10 ट्रेनों में बुकिंग, होली तक सीटें नहीं; एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग



**आगरा, एजेंसी।** होली के चलते ट्रेनों में बुकिंग फुल हो गई है। सामान्य दिनों के मुकाबले तीन गुना टिकट बुक हो रहे हैं। स्लीपर के लिए सबसे लंबी वेटिंग है। 10 से अधिक ट्रेनों में बुकिंग के लिए ज्यादा मारामारी है। ऐसे में रेलवे की विशेष ट्रेन चलाने की तैयारी है। आगरा कैंट, आगरा फोर्ट स्टेशन, राजा की मंडी समेत अन्य स्टेशनों से रोजाना 250 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। होली 25 मार्च को है। कामकाजी लोग अपने घरों में त्योहार मनाने जाएंगे। इसके चलते अब टिकट बुक कराने वालों को लंबी वेटिंग चल रही है। सबसे ज्यादा मालवा एक्सप्रेस (12919), झेलम एक्सप्रेस (11077), मंगला एक्सप्रेस (12618), गोवा एक्सप्रेस (12780), पंजाब मेल (12138), कोटा एक्सप्रेस (13238), छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (18238), मरुधर एक्सप्रेस (14864), जोधपुर-हावड़ा सुपरफास्ट (12308) और मुंबई राजधानी एक्सप्रेस (22222) में सबसे ज्यादा मारामारी है। शास्त्रीपुरम निवासी मोहित आहूजा का कहना है कि होली पर परिवार के साथ पंजाब जाना है, रिजर्वेशन के लिए लंबी वेटिंग है। रेलवे वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि होली पर 8-10 ट्रेनों में रिजर्वेशन के लिए लंबी वेटिंग है। यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन चलाने के साथ फेरे भी बढ़ाए जाएंगे।

## तेंदुए का 24 घंटे बाद भी नहीं कोई सुराग, वन विभाग ने तीन पिंजरे लगाए, दिखे तो इन नंबर पर करें कॉल

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के कंकरखेड़ा में एक दिन पहले कंकरखेडा में घनी आबादी में घुसा तेंदुआ शनिवार को भी वन विभाग की टीम के लिए चुनौती बना रहा। टीम को अभी तक उसके पंजों के निशान के अलावा कोई सुराग नहीं लगा है। टीम लगातार सर्च अभियान चला रही है। तेंदुए को पकड़ने के लिए अब केंकरखेड़ा और कैंट क्षेत्र में तीन पिंजरे लगाए गए हैं।

इसके अलावा 12 ट्रैप कैमरों को लगाकर नजर रखी जा रही है, लेकिन शनिवार को तेंदुआ किसी भी कैमरे में नजर नहीं आया। उधर कंकरखेड़ा के लोगों में दहशत है। लोग लाठी डंडे लेकर सड़कों और गलियों में पहरा दे रहे हैं।

आर्य नगर में शुक्रवार सुबह शारदा देवी के मकान में लगे सीसीटीवी में तेंदुए की फुटेज सामने आई थी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए की तलाश की थी, लेकिन तेंदुए का सुराग नहीं लग सका था। शनिवार को भी पूरे दिन तेंदुए की दहशत क्षेत्र में बनी रही। तुलसी कॉलोनी, आर्य नगर व गोविंदपुरी सहित अन्य कॉलोनी में लोगों ने हाथों में डंडा लेकर खुद ही पहरा दिया। वन विभाग की टीम ने कई घंटे तक क्षेत्र में कांबिंग की। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए आरवीसी सेंटर व सरधना रोड पर कृषि फार्म हाउस में जाल व पिंजरा लगाया। लेकिन 24 घंटे बाद भी तेंदुए हर नजर से दूर रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार तेंदुए ने क्षेत्र के कुत्तों का शिकार भी किया है। आर्य नगर में एक कुत्ते पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

**वन विभाग ने जारी किए नंबर:** वन विभाग की ओर से नंबर जारी किए गए हैं। अगर क्षेत्र के लोगों को तेंदुए के संबंध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो वह इन नंबरों पर जानकारी दे सकते हैं। लोगों से अपील की गई है कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और अगर कोई वीडियो या कोई सूचना होती है तो उसे शेयर करें।

# आयोग के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पर लगा पेपर लीक का दाग




**प्रयागराज, एजेंसी।** शासन की ओर से समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 को निरस्त किए जाने के बाद उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पर पेपर लीक का दाग लग गया है।

आरओ/एआरओ के 411 पदों के लिए 1076004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। परीक्षा के लिए प्रदेश के 58 जिलों में 2387 केंद्र बनाए गए थे। 11 फरवरी को हुई परीक्षा में 64 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए थे। आयोग की किसी भी परीक्षा के लिए पहली बार इतनी अधिक संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे और पहली बार किसी परीक्षा के लिए सबसे ज्यादा केंद्र भी बनाए गए थे। हालांकि, आयोग ने परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए इस बार कई नए कदम उठाए थे।

पहली बार परीक्षा केंद्रों में 50 फीसदी से अधिक बाहरी कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए थे। आयोग ने तो शासन को यह प्रस्ताव भी भेजा था कि राजस्थान की तर्ज पर यहां भी परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाएं, लेकिन इससे आम लोगों को होने वाली दिक्कत के मद्देनजर शासन ने इसकी अनुमति नहीं दी। आयोग की पूरी मेहनत पर पानी फिर गया, जब परीक्षा से डेढ-दो घंटे पहले पेपर व्हाट्सएप पर वायरल हो गया।

**आंदोलन तेज होने पर शासन को करना पड़ा हस्तक्षेपः** शुरुआत में आयोग मानने को तैयार था कि पेपर लीक हुआ है लेकिन कुछ दिनों बाद हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में भी पेपर लीक हो गया और शासन ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त कर दी। यह परीक्षा निरस्त होने के बाद आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा के अभ्यर्थियों ने भी परीक्षा निरस्त किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया और इस मामले में शासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। आयोग तो आंतरिक कमेटी से इसकी जांच करा ही रहा था, शासन ने भी अपने स्तर से जांच शुरू करा दी और अभ्यर्थियों से पेपर लीक से जुड़े साक्ष्य मांग लिए। आयोग की जांच पूरी होती इससे पहले शासन ने ही परीक्षा निरस्त करने का निर्णय ले लिया। फिलहाल अब तक हुई जांच में यह सामने नहीं आ सका है कि पेपर लीक की जड़ कहां है लेकिन परीक्षा निरस्त हो जाने से आयोग के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पेपर लीक के लिए याद रखी जाएगी।

**साक्ष्य देने की मियाद पूरी होने से पहले परीक्षा निरस्तः** यूपीपीएससी की ओर से अभ्यर्थियों को साक्ष्य उपलब्ध कराने की जो मियाद दी गई थी, उसके पूरा होने से पहले शासन ने परीक्षा निरस्त कर दी। अभ्यर्थियों ने आयोग के साथ शासन को भी पेपर लीक से जुड़े साक्ष्य उपलब्ध कराए थे। आयोग ने अभ्यर्थियों से दो मार्च तक साक्ष्य मांगे थे। ऐसे में माना जा रहा था कि साक्ष्य लेने की मियाद पूरी होने के बाद ही परीक्षा पर कोई निर्णय लिया जाएगा। वहीं, परीक्षा निरस्त किए जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थी बेमियादी धरने पर बैठ गए थे। शनिवार को साक्ष्य उपलब्ध कराने का अंतिम दिन था। शाम को अचानक शासन स्तर से परीक्षा निरस्त करने की घोषणा कर दी गई।

**आरओ/एआरओ प्री-2016 भी हुई थी निरस्तः** इससे पहले आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2016 में भी पेपर लीक का मामला सामने आया था। इस मामले की सीबीसीआईडी जांच कराई गई थी और एजेंसी ने इसे क्लीन चिट दे दी थी। बाद में मामला कोर्ट में चला गया। बाद में आयोग ने परीक्षा ही निरस्त कर दी। आयोग ने प्रारंभिक परीक्षा दोबारा कराई। अब यह भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। एक और परीक्षा जांच के हवाले- एक तरफ सीबीआई अप्रैल अप्रैल 2012 से मार्च 2017 के हुई आयोग की 599 परीक्षाओं की जांच कर रही हैं। वहीं, अब एसटीएफ आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 की जांच करेगी। सीबीआई को जांच के दौरान कई परीक्षाओं में धांधली के सुराग भी मिले और इन्हीं सबूतों के आधार पर सीबीआई ने पीसीएस-2015 एवं एपीएस भर्ती परीक्षा-2013 के मामले में मुकदमा भी दर्ज किया। एपीएस परीक्षा-2013 के मामले में तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक को भी नामजद किया लेकिन किसी भी मामले में सीबीआई ने अब तक कोई सीधी कार्रवाई नहीं की है। एसटीएफ आयोग की दूसरी परीक्षा की जांच करने जा रही है। इससे पूर्व एसटीएफ ने आयोग की ओर से आयोजित एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती-2018 की जांच भी की थी। इस परीक्षा में सामाजिक विज्ञान और हिंदी के पेपर प्रिंटिंग प्रेस से लीक होने के आरोप लगे थे।



# एक्टर नहीं, सिंगर बनना चाहती थी रागिनी खन्ना

एक्ट्रेस रागिनी खन्ना पिछले काफी समय से छोटे परदे से दूर हैं। तकरीबन 12 साल पहले वो फिक्शन शो ससुराल गेंदा फूल में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आई थीं। अपने चुलबुले अंदाज से रागिनी ने घर-घर में अपनी जगह बनाई थी। इसके बावजूद, बीते काफी समय से वह किसी फिक्शन शो में नजर नहीं आईं। साल 2016 में वो आखरी बार रियलिटी शो कॉमेडी नाइट्स लाइव में नजर आई थीं। इन दिनों, रागिनी अपने सोशल मीडिया पर खुद के बनाए कंटेंट पर काम कर रही हैं। इतना ही नहीं, वो अपनी मां कामिनी खन्ना के सपनों को पूरा करने की राह पर भी निकल पड़ी हैं। एक्ट्रेस की मानें तो किसी और के विजन की बजाए खुद के विजन पर काम करना काफी संतोषजनक है।

दरअसल, रागिनीं सिंगर बनना चाहती थी। अपनी मां और नानी, श्री निर्मला देवी जोकि एक पॉपुलर क्लासिकल सिंगर थी, उनकी राह पर चलने की ख्वाहिश थी। लेकिन, मुझे मम्मी से म्यूजिक डायरेक्टर्स को कॉल लगवाने में शर्म आती थी। मुझे अपनी मां या नानी से तुलना होने का बहुत डर लगता था। मैं शुरू से ही थोड़ी अंडर-कॉन्फिडेंट रही हूं। जब मैंने अपने भाई अमित को एक्टिंग के लिए ऑडिशन देते हुए देखा तो सोचा इस फील्ड में अपनी किस्मत आजमाती हूं। ऑडिशन में लोगों को पता भी नहीं चलेगा। मैं थोड़े बहुत पैसे कमा के निकल जाऊंगी। ऑडिशन देना शुरू किया। कई एड मिले। कुछ महीनों बाद, पहला टीवी शो- राधा की बेटियां ऑफर हुआ। उसके बाद, कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। लेकिन हां, सिंगिंग का शौक आज भी रखती हूं। हर दिन, रियाज करती हूं। बतौर एक्टर, सबसे चैलेंजिंग एस्पेक्ट है कि आप दूसरों के ओपिनियन और कमेंट्स से कितने अप्रभावित रहते हो।

## डेली शो में काम करना आसान नहीं

मैंने भी अपने करियर में बहुत ठोकरें खाई हैं। मैं एक दिन में आठ ऑडिशन दिया करती थी। एक हफ्ते में 50 ऑडिशन देती थी जिसमें तीन से चार में शॉर्टलिस्ट होती थी। फिर उनमें से आपको एक काम मिलता या वो भी नहीं। कभी जैसे तैसे काम मिल जाए तो उसके बाद एक अलग स्ट्रगल शुरू। डेली शो में काम करना आसान नहीं।

# एक्टिंग से कुछ अलग करना था इसीलिए प्रोड्यूसर बनी

एक्ट्रेस कृति सेनन फिल्म 'दो पत्ती' से प्रॉडक्शन के क्षेत्र में अपने कदम बढ़ा रही हैं। फिल्म प्रॉडक्शन के लिए जिस तरह उन्होंने क्रिएटिव काम किया, उससे वह काफी संतुष्ट हैं। कृति ही नहीं, इस फिल्म में काजोल भी अहम रोल अदा कर रही हैं। डायरेक्टर शशांक चतुर्वेदी की इस फिल्म की स्क्रिप्ट कनिका ढिल्लन ने लिखी है। कृति ने बताया कि वह चाहती थीं कि एक्टिंग से अलग कुछ ऐसी भूमिकाएं भी निभाएं, जिनमें उन्हें कुछ क्रिएटिव करने के लिए मिले। इसी वजह से एक प्रोड्यूसर के तौर पर उन्होंने इस फिल्म के साथ जुड़ना चाहा। उन्होंने बताया 'फिल्म 'मिमी' के बाद मुझे ऐसी भूमिकाएं चाहिए थीं जो बहुस्तरीय हों, गहन हों और उसमें मैं कुछ हटकर कर सकूं।'

कृति इस बात में विश्वास नहीं करती कि उन्हें समय मिलने पर सही मौका मिल जाएगा और न ही वह इसका लंबे समय तक इंतजार कर सकतीं। वह तो खुद में कुछ करने पर यकीन करती हैं। उन्होंने कहा कि जब आपको सही और अच्छा मौका न मिले, तो खुद से इसे बना दो। फिल्म 'दो पत्ती' ने उन्हें ऐसा ही कुछ अलग करने को मिला, जिसे करके वह काफी संतुष्ट भी हैं। कृति ने कनिका की भी प्रशंसा की और कहा कि वह फिल्म की प्लानिंग से लेकर प्राडॅक्शन तक हर स्टेज पर भागीदार बनीं। कृति को उनकी फिल्म 'मिमी' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस के रूप में नैशनल फिल्म अवॉर्ड भी दिया जा चुका है। उन्हें बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम करते हुए 9 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। फिल्म 'दो पत्ती' की शूटिंग खत्म होने के वक्त कृति ने एक खास मेसेज भी दिया था। उन्होंने कहा था, 'हर फिल्म में मेरे दिल का टुकड़ा होता है, लेकिन कुछ में मेरी आत्मा होती है।' अब प्रोड्यूसर के तौर पर उन्होंने पूरी मेहनत से काम किया है।



# आदित्य दत्त के निर्देशन में एक्शन अवतार में नजर आएंगे गुलशन देवैया



बीता साल अभिनेता गुलशन देवैया के लिए बहुत ही शानदार साल रहा। वह वेब सीरीज दहाड़, गन्स एंड गुलाब्स और दुरंगा सीजन 2 के अलावा फिल्म 8 AM मेट्रो में अलग अलग किरदारों में नजर आए। अब नए साल में भी उनकी कई फिल्में और वेब सीरीज आएंगी, जिनमें वह अलग अलग किरदार निभा रहे हैं। इन दिनों गुलशन अपनी आगामी सीरीज बैड कॉप की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभिनेता गुलशन देवैया की ये वेब सीरीज जर्मन वेब सीरीज बैड कॉप-क्रिमिनल गट की आधिकारिक रीमेक हैं। इस फिल्म को हिंदी में अस्थाई शीर्षक बैड कॉप के नाम से बनाया जा रहा है। पिछले महीने रिलीज फिल्म क्रैक-जो जीतेगा वो जिएगा के निर्देशक आदित्य दत्त इस सीरीज का निर्देशन कर रहे हैं। सीरीज की शूटिंग पिछले तीन हफ्ते से मुंबई के अलग -अलग लोकेशन पर हो रही है। इस सीरीज का प्रसारण डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा। वेब सीरीज बैड कॉप आठ एपिसोड की है। सीरीज में गुलशन देवैया के अलावा अनुराग कश्यप, हरलीन सेठी, सौरभ सचदेवा और ऐश्वर्या सुष्मिता की मुख्य भूमिकाएं हैं।



# करण जौहर के कारण दिशा पटानी बनी अभिनेत्री

सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पटानी और राशि खन्ना स्टारर योद्धा इस साल की बहुप्रतिक्षित फिल्मों में से एक है। इस हार्ड कोर एक्शन थ्रिलर फिल्म को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से योद्धा को दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। फिल्म का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है, फिलहाल फिल्म की स्टारकास्ट इसके प्रमोशन में जुटी हुई है। इस दौरान एक साक्षात्कार में फिल्म की मुख्य कलाकार दिशा पटानी ने अपने अभिनेत्री बनने के सफर को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया। दरअसल, मेकर्स ने गुरुवार को फिल्म का ट्रेलर जारी किया। इस दौरान फिल्म की पूरी टीम और मेकर्स ने इसमें हिस्सा लिया, जहां पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए दिशा पटानी ने अपने अभिनेत्री बनने के सफर को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया। दिशा ने कहा, जब मैं अठारह साल की थी, तभी करण जौहर ने उन्हें देखा था और उन्हें विश्वास दिलाया था कि मैं एक अभिनेत्री बन सकती हूं। दिशा ने आगे कहा, अगर मैं अभिनेत्री हूं, तो इसका एक यह भी है, जब मैं मॉडलिंग कर रही थी तो उसी दौरान करण ने मुझे देखा था। तब मैं सिर्फ 18 साल की थी। मुझे लगता है कि तब अगर करण ने मुझे पर विश्वास नहीं दिखाया होता तो शायद मैं आज यहां नहीं होती। इस दौरान दिशा ने नेपोटिज्म की ओर इशारा करते हुए कहा, मैं इंडस्ट्री से बाहर की हूं, लेकिन मुझे इसका कभी एहसास नहीं हुआ। मुझे वे मौके मिले,जो मैं चाहती थी। करण ने मुझे योद्धा में जो मौका दिया वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

# ये काली काली आंखें के दूसरे सीजन को लेकर उत्साहित हैं ताहिर राज भसीन




ये काली काली आंखें के दूसरे सीजन की घोषणा के बाद एक्टर ताहिर राज भसीन बेहद खुश हैं। एक्टर ने कहा कि यह थ्रिलर सीरीज उनके लिए इसलिए खास है क्योंकि उन्हें पर्दे पर एक ऐसे नायक का किरदार निभाने का मौका मिला है, जिसमें ग्रे शेड्स भी हैं। सीरीज के बारे में बात करते हुए ताहिर ने कहा, मेरे करियर के पिछले कुछ साल बेहद अच्छे रहे हैं। मेरे काम को चौतरफा प्यार मिलने से लेकर बैक टू बैक हिट तक और शानदार भूमिकाएं निभाने तक मेरी यह यात्रा सफल और उत्साहजनक रही है। उन्होंने आगे कहा, सीरीज ये काली काली आंखें मेरी लिस्ट में सबसे ऊपर है, क्योंकि मुझे स्क्रीन पर एक ऐसे नायक की भूमिका निभाने का मौका मिलता है जो जरूरत पड़ने पर ग्रे शेड्स के साथ भरोसेमंद भी दिखता है। ये काली काली आंखें एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसने शायद मुझे मर्दानी के साथ-साथ सबसे अधिक प्रशंसा दिलाई है। नेटफ्लिक्स पर ये काली काली आंखें के दूसरे सीजन की खबर को लेकर एक्टर बेहद खुश हैं। उन्हें ऐसी उम्मीद है कि इसके जरिए उन्हें और अधिक प्यार और अधिक प्रशंसा मिलेगी।



# अपनी फिल्मों के लिए कैटरीना ने हमेशा खुद की है डबिंग

अभिनेत्री कैटरीना कैफ आज बॉलीवुड का चमकता नाम हैं। पिछले 20 साल से उन्होंने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। पिछले दिनों वे फिल्म मेरी क्रिसमस में नजर आई थीं। दर्शकों ने उनके इस फिल्म को काफी सराहा था। हाल ही में, अभिनेत्री एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया है कि उनकी फिल्मों की डबिंग हमेशा उन्होंने ही की है। साल 2003 में बूम के साथ अपनी अभिनय यात्रा शुरू करने वाली अभिनेत्री कैटरीना कैफ की पहली फिल्म ज्यादा सफल नहीं रही, लेकिन इसके बाद उन्होंने अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन की सरकार जैसी सुपरहिट फिल्मों में छोटी भूमिका निभाई और फिर 2005 में सलमान खान की मैंने प्यार क्यों किया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वहीं, कैटरीना का अभिनय करियर फलने-फूलने लगा। हिंदी में बात न कर पाने के कारण उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा था। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने उन सभी बातों को खारिज किया, जिसमें यह दावा किया गया कि उनकी शुरुआती फिल्मों में एक डबिंग कलाकार ने उनके लिए डबिंग की थी। कैटरीना ने इस बात से इनकार किया है कि किसी और ने उनके लिए डब किया है। इसके बाद अभिनेत्री ने खुलासा किया कि इसके लिए उन्होंने अपने करियर की शुरुआत में हिंदी का प्रशिक्षण लेना शुरू किया था।



# खुद को बहुत लकी मानते हैं अपारशक्ति खुराना

**अपारशक्ति खुराना जी सिने अवार्ड्स शो को भाई आयुष्मान खुराना के साथ होस्ट करते दिखाई देंगे। अपारशक्ति ने एम टीवी के शो रोडीज से अपने सफर की शुरुआत की। अपारशक्ति ना सिर्फ एक्टर बल्कि सिंगर, कॉमेडियन, शो होस्ट और रेडियो जॉकी भी रह चुके हैं।**

होस्टिंग और एक्टिंग में आपको इतना प्यार मिला है। अपने आपको कितना खुशनसीब मानते हैं?

इस पर अपारशक्ति कहते हैं- मैं रोज सुबह खुद को च जी सिने अवार्ड्स में कुछ अनोखा जरूर देखने को मिलेगा।

## मैं फ्लो में काम करने में यकीन करता हूं


अपारशक्ति खुराना ने दंगल, स्त्री, पति, पत्नी और वो, जुबली जैसी फिल्मों में काम किया है। हर फिल्म में आप अपनी एक छाप छोड़ देते हैं। किस तरह से खुद को किरदारों के लिए ढालते हैं? इस पर अपारशक्ति ने कहा- मैं इस बारे में नहीं सोचता कि कोई भी रोल मुझे हटके कैसे करना है। मुझे ऐसा लगता है कि जब आप एक-एक चीज प्लान करके करते हैं तो वो जबरदस्ती पर्दे पर नजर आती है। मैं बस फ्लो के साथ काम करता हूं। इस तरह से मेरी एक्टिंग ईमानदारी के साथ नेचुरल अंदाज में ऑडियंस के सामने आती है।

## मैं पूरी मासूमियत के साथ किरदार निभाता हूं

अपारशक्ति खुराना को लोग अक्सर आयुष्मान खुराना के भाई के नाम से जानते थे। एक्टर से इस बारे में भी पूछा गया कि उन्हें ऐसा सुन कर कैसा लगता था। इस पर अपार ने कहा- सच कहूं तो मेरे दिमाग में कभी ऐसी बातें नहीं आईं। ना पहले कभी आई थीं, ना आज आई हैं और ना ही फ्यूचर में आएंगी। मुझे जैसे जो रोल मिलते हैं, मैं उन्हें दिल से करता हूं। अपनी तरफ से पूरी मासूमियत के साथ किरदार में ढलता हूं। ज्यादा सोचता नहीं हूं। मैंने कभी किसी को ये पॉइंट प्रूव करने की कोशिश नहीं की, कि मेरी खुद की एक आइडेंटिटी है। मैं एक आर्टिस्ट हूं, जिसको अपने काम में मजा आता है। इसलिए मैं बस वही कर रहा हूं।

# विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म करना चाहती हैं रश्मिका

रश्मिका मंदाना साउथ की बेहतरीन हीरोइनों में से एक हैं। हाल ही में वह बॉलीवुड मूवी एनिमल में भी नजर आईं। अब वह विजय देवरकोंडा के साथ किसी फिल्म में दोबारा काम करना चाहती हैं। उन्होंने हाल ही में बताया कि वह और विजय किसी अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं। काफी समय हो गया है रश्मिका ने विजय के साथ कोई फिल्म नहीं की है। अगर कुछ बढ़िया मिलता है, तो ये दोनों जरूर साथ में काम करेंगे। बता दें कि रश्मिका पुष्पा 2 में नजर आएंगी, तो विजय फैमिली स्टार में दिखाई देने वाले हैं।







**संपूर्ण विश्व में बढ़ती हुई जनसंख्या एक गंभीर समस्या है, बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ भोजन की आपूर्ति के लिए मानव द्वारा खाद्य उत्पादन की होड़ में अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए तरह-तरह की रासायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों का उपयोग, प्रकृति के जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान-प्रदान के चक्र को (इकालाजी सिस्टम) प्रभावित करता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति खराब हो जाती है, साथ ही वातावरण प्रदूषित होता है तथा मनुष्य के स्वास्थ्य में गिरावट आती है।**

# जैविक खेती

प्राचीन काल में मानव स्वास्थ्य के अनुकुल तथा प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप खेती की जाती थी, जिससे जैविक और अजैविक पदार्थो के बीच आदान-प्रदान का चक्र श्वष्श्द्यश्द्दद्बष्ड्डद्य ह्य4ह्यह्लद्दद्ब निरन्तर चलता रहा था, जिसके फलस्वरूप जल, भूमि, वायु तथा वातावरण प्रदूषित नहीं होता था। भारत वर्ष में प्राचीन काल से कृषि के साथ-साथ गौ पालन किया जाता था, जिसके प्रमाण हमारे ग्रांथों में प्रभु कृष्ण और बलराम हैं जिन्हें हम गोपाल एवं हलधर के नाम से संबोधित करते हैं अर्थात कृषि एवं गोपालन संयुक्त रूप से अत्याधिक लाभदायी था, जोकि प्राणी मात्र व वातावरण के लिए अत्यन्त उपयोगी था। परन्तु बदलते परिवेश में गोपालन धीरे-धीरे कम हो गया तथा कृषि में तरह-तरह की रसायनिक खादों व कीटनाशकों का प्रयोग हो रहा है जिसके फलस्वरूप जैविक और अजैविक पदार्थो के चक्र का संतुलन बिगड़ता जा रहा है, और वातावरण प्रदूषित होकर, मानव जाति के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। अब हम रसायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों के उपयोग के स्थान पर, जैविक खादों एवं दवाईयों का उपयोग कर, अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं जिससे भूमि, जल एवं वातावरण शुध्द रहेगा और मनुष्य एवं प्रत्येक जीवधारी स्वस्थ रहेंगे।

भारत वर्ष में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि है और कृषकों की मुख्य आय का साधन खेती है। हरित क्रांति के समय से बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए एवं आय की दृष्टि से उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है अधिक उत्पादन के लिये खेती में अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरको एवं कीटनाशक का उपयोग करना पड़ता है जिससे सीमान्य व छोटे कृषक के पास कम जोत में अत्यधिक लागत लग रही है और जल, भूमि, वायु और वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है साथ ही खाद्य पदार्थ भी जहरीले हो रहे है। इसलिए इस प्रकार की उपरोक्त सभी समस्याओं से निपटने के लिये गत वर्षो से निरन्तर टिकाऊ खेती के सिध्दान्त पर खेती करने की सिफारिश की गई, जिसे प्रदेश के कृषि विभाग ने इस विशेष प्रकार की खेती को अपनाने के लिए, बढ़ावा दिया जिसे हम ÷जैविक खेती÷ के नाम से जानते है। भारत सरकार भी इस खेती को अपनाने के लिए प्रचार-प्रसार कर रही है।

## जैविक खेती हेतु प्रमुख जैविक खाद एवं दवाईयाँ

### जैविक खादें

नाडेप
बायोगैस स्लरी
वर्मी कम्पोस्ट
हरी खाद
जैव उर्वरक (कल्चर)
गोबर की खाद
नाडेप फास्फो कम्पोस्ट
पिट कम्पोस्ट (इंदौर विधि)
मुर्गी का खाद
भभूत अमतपानी
अमृत संजीवनी
मटका खाद
गौ-मूत्र
नीम- पत्ताी का घोल/निबोली/खली
मट्ठा
मिर्च/लहसु
लकड़ी की राख
नीम व करंज खली

## जैविक खेती से होने वाले लाभ

**कृषकों की दृष्टि से लाभ –**

भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृध्दि हो जाती है।

सिंचाई अंतराल में वृध्दि होती है ।

रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से कास्त लागत में कमी आती है।

फसलों की उत्पादकता में वृध्दि।

## मिट्टी की दृष्टि से

जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है।

भूमि की जल धारण क्षमता बढ़ती हैं।

भूमि से पानी का वाष्पीकरण कम होगा।

## पर्यावरण की दृष्टि से

भूमि के जल स्तर में वृध्दि होती हैं।

मिट्टी खाद पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण मे कमी आती है।

कचरे का उपयोग, खाद बनाने में, होने से बीमारियों में कमी आती है ।

## फसल उत्पादन की लागत में कमी एवं आय में वृध्दि

अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद की गुणवत्ताा का खरा उतरना।



जैविक खेती, की विधि रासायनिक खेती की विधि की तुलना में बराबर या अधिक उत्पादन देती है अर्थात जैविक खेती मृदा की उर्वरता एवं कृषकों की उत्पादकता बढ़ाने में पूर्णत÷ सहायक है। वर्षा आधारित क्षेत्रों में जैविक खेती की विधि और भी अधिक लाभदायक है । जैविक विधि द्वारा खेती करने से उत्पादन की लागत तो कम होती ही है इसके साथ ही कृषक भाइयों को आय अधिक प्राप्त होती है तथा अंतराष्ट्रीय बाजार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद अधिक खरे उतरते हैं। जिसके फलस्वरूप सामान्य उत्पादन की अपेक्षा में कृषक भाई अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आधुनिक समय में निरन्तर बढ़ती हुई जनसंख्या, पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति का संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य के लिए जैविक खेती की राह अत्यन्त लाभदायक है । मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए नितान्त आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित न हों, शुध्द वातावरण रहे एवं पौष्टिक आहार मिलता रहे, इसके लिये हमें जैविक खेती की कृषि पध्दतियाँ को अपनाना होगा जोकि हमारे नैसर्गिक संसाधनों एवं मानवीय पर्यावरण को प्रदूषित किये बगैर समस्त जनमानस को खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकेगी तथा हमें खुशहाल जीने की राह दिखा सकेगी।



# केंचुआ खाद से मृदा सुधार

**हम सभी अच्छी तरह जानते हैं कि भूमि में पाये जाने वाले केंचुए मनुष्य के लिए बहुपयोगी होते हैं। मनुष्य के लिए इनका महत्व सर्वप्रथम सन् 1881 में विश्व विख्यात जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन ने अपने 40 वर्षों के अध्ययन के बाद बताया। इसके बाद हुए अध्ययनों से केंचुओं की उपयोगिता उससे भी अधिक साबित हो चुकी है जितनी कि डार्विन ने कभी कल्पना की थी।**



## केंचुआ खाद से मृदा सुधार-जानें केचुओं से सम्बंधित कुछ तथ्य

भूमि में पाये जाने वाले केंचुए खेत में पढ़े हुए पेड़-पौधों के अवशेष एवं कार्बनिक पदार्थों को खा कर छोटी-छोटी गोलियों के रूप में परिवर्तित कर देते हैं जो पौधों के लिए देशी खाद का काम करती है। इसके अलावा केंचुए खेत में ट्रैक्टर से भी अच्छी जुताई कर देते हैं जो पौधों को बिना नुकसान पहुँचाए अन्य विधियों से सम्भव नहीं हो पाती। केंचुओं द्वारा भूमि की उर्वरता उत्पादकता और भूमि के भौतिक, रासायनिक व जैविक गुणों को लम्बे समय तक अनुकूल बनाये रखने में मदद मिलती है।

केंचुओं की कुछ प्रजातियां भोजन के रूप में प्रायः अपघटनशील व्यर्थ कार्बनिक पदार्थों का ही उपयोग करती हैं। भोजन के रूप में ग्रहण की गई इन कार्बनिक पदार्थों की कुल मात्रा का 5 से 10 प्रतिशत भाग शरीर की कोशिकाओं द्वारा अवशोषित कर लिया जाता है और शेष मल के रूप में विसर्जित हो जाता है जिसे वर्मीकास्ट कहते हैं। नियंत्रित परिस्थिति में केंचुओं को व्यर्थ कार्बनिक पदार्थ खिलाकर पैदा किए गये वर्मीकास्ट और केचुओं के मृत अवशेष, अण्डे, कोकून, सूक्ष्मजीव आदि के मिश्रण को केंचुआ खाद कहते हैं। नियंत्रित दशा में केंचुओं द्वारा केंचुआ खाद उत्पादन की विधि को वर्मीकम्पोस्टिंग और केंचुआ पालन की विधि को वर्मीकल्चर कहते हैं।

वर्मीकम्पोस्ट का रासायनिक संगठन मुख्य रूप से उपयोग में लाये गये अपशिष्ट पदार्थों के प्रकार, उनके स्रोत व निर्माण के तरीकों पर निर्भर करता है। सामान्य तौर पर इसमें पौधों के लिए आवश्यक लगभग सभी पोषक तत्व सन्तुलित मात्रा तथा सुलभ अवस्था में मौजूद होते हैं। वर्मीकम्पोस्ट में गोबर के खाद की अपेक्षा 5 गुना नाइट्रोजन, 8 गुना फास्फोरस, 11 गुना पोटाश और 3 गुना मैग्निशियम तथा अनेक सूक्ष्म तत्व सन्तुलित मात्रा मे पाये जाते हैं।

## कृषि में केंचुओं का योगदान

यद्यपि केंचुआ लंबे समय से किसान का अभिन्न मित्र हलवाहा के रूप में जाना जाता रहा है। सामान्यतः केंचुए की महत्ता भूमि को खाकर उलट-पुलट कर देने के रूप में जानी जाती है जिससे कृषि भूमि की उर्वरता बनी रहती है। यह छोटे एवं मझोले किसानों तथा भारतीय कृषि के योगदान में अहम् भूमिका अदा करता है। केंचुआ कृषि योग्य भूमि में प्रतिवर्ष 1 से 5 मि.मी. मोटी सतह का निर्माण करते हैं। इसके अतिरिक्त केंचुआ भूमि में निम्न ढंग से उपयोगी एवं लाभकारी है।

## भूमि की भौतिक गुणवत्ता में सुधार

केंचुए भूमि में उपलब्ध फसल अवशेषों को भूमि के अंदर तक ले जाते हैं और सुरंग में इन अवशेषों को खाकर खाद के रूप में परिवर्तित कर देते हैं तथा अपनी विष्ठा रात के समय में भू सतह पर छोड़ देते हैं। जिससे मिट्टी की वायु संचार क्षमता बढ़ जाती है। एक विशेषज्ञ के अनुसार केंचुए 2 से 250 टन मिट्टी प्रतिवर्ष उलट-पलट कर देते हैं जिसके फलस्वरूप भूमि की 1 से 5 मि.मी. सतह प्रतिवर्ष बढ़ जाती है। केंचुओं द्वारा निरंतर जुताई व उलट-पलट के कारण स्थायी मिट्टी कणों का निर्माण होता हैजिससे मृदा संरचना में सुधार एवं वायु संचार बेहतर होता है जो भूमि में जैविक क्रियाशीलता, ह्यूमस निर्माण तथा नाइट्रोजन स्थिरीकरण के लिए आवश्यक है।

संरचना सुधार के फलस्वरूप भूमि की जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है तथा रिसाव एवं आपूर्ति क्षमता बढ़ने के कारण भूमि जल स्तर में सुधार एवं खेत का स्वतः जल निकास होता रहता है।

मृदा ताप संचरण व सूक्ष्म पर्यावरण के बने रहने के कारण फसल के लिए मृदा जलवायु अनुकूल बनी रहती है।

## भूमि की रासायनिक गुणवत्ता एवं उर्वरता में सुधार

पौधों को अपनी बढ़वार के लिए पोषक तत्व भूमि से प्राप्त होते हैं तथा पोषक तत्व उपलब्ध कराने की भूमि की क्षमता को भूमि उर्वरता कहते हैं। इन पोषक तत्वों का मूल स्रोत मृदा पैतृक पदार्थ फसल अवशेष एवं सूक्ष्म जीव आदि होते हैं। जिनकी सम्मिलित प्रक्रिया के फलस्वरूप पोषक तत्व पौधों को प्राप्त होते हैं। सभी जैविक अवशेष पहले सूक्ष्मजीवों द्वारा अपघटित किये जाते हैं। अर्द्धअपघटित अवशेष केंचुओं द्वारा वर्मीकास्ट में परिवर्तित होते हैं। सूक्ष्म जीवों तथा केंचुआ सम्मिलित अपघटन से जैविक पदार्थ उत्तम खाद में बदल जाते हैं और भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाते हैं।

भूमि की जैविक गुणवत्ता में सुधार भूमि में उपस्थित कार्बनिक पदार्थ, भूमि में पाये जाने वाले सूक्ष्म जीव तथा केंचुओं की संख्या एवं मात्रा भूमि की उर्वरता के सूचक हैं। इनकी संख्या, विविधता एवं सक्रियता के आधार पर भूमि के जैविक गुण को मापा जा सकता है। भूमि में मौजूद सूक्ष्म जीवों की जटिल श्रृंखला एवं फसल अवशेषों के विच्छेदन के साथ केंचुआ की क्रियाशीलता भूमि उर्वरता का प्रमुख अंग है। भूमि में उपलब्ध फसल अवशेष इन दोनों की सहायता से विच्छेदित होकर कार्बन को उर्जा स्त्रोत के रूप में प्रदान कर निरंतर पोषक तत्वों की आपूर्ति बनाये रखने के साथ-साथ भूमि में एन्जाइम, विटामिन्स, एमीनो एसिड एवं ह्यूमस का निर्माण कर भूमि की उर्वरा क्षमता को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

## भूमि की रासायनिक गुणवत्ता एवं उर्वरता में सुधार

पौधों को अपनी बढ़वार के लिए पोषक तत्व भूमि से प्राप्त होते हैं तथा पोषक तत्व उपलब्ध कराने की भूमि की क्षमता को भूमि उर्वरता कहते हैं। इन पोषक तत्वों का मूल स्रोत मृदा पैतृक पदार्थ फसल अवशेष एवं सूक्ष्म जीव आदि होते हैं। जिनकी सम्मिलित प्रक्रिया के फलस्वरूप पोषक तत्व पौधों को प्राप्त होते हैं। सभी जैविक अवशेष पहले सूक्ष्मजीवों द्वारा अपघटित किये जाते हैं। अर्द्धअपघटित अवशेष केंचुओं द्वारा वर्मीकास्ट में परिवर्तित होते हैं। सूक्ष्म जीवों तथा केंचुआ सम्मिलित अपघटन से जैविक पदार्थ उत्तम खाद में बदल जाते हैं और भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाते हैं।

भूमि की जैविक गुणवत्ता में सुधार भूमि में उपस्थित कार्बनिक पदार्थ, भूमि में पाये जाने वाले सूक्ष्म जीव तथा केंचुओं की संख्या एवं मात्रा भूमि की उर्वरता के सूचक हैं। इनकी संख्या, विविधता एवं सक्रियता के आधार पर भूमि के जैविक गुण को मापा जा सकता है। भूमि में मौजूद सूक्ष्म जीवों की जटिल श्रृंखला एवं फसल अवशेषों के विच्छेदन के साथ केंचुआ की क्रियाशीलता भूमि उर्वरता का प्रमुख अंग है। भूमि में उपलब्ध फसल अवशेष इन दोनों की सहायता से विच्छेदित होकर कार्बन को उर्जा स्त्रोत के रूप में प्रदान कर निरंतर पोषक तत्वों की आपूर्ति बनाये रखने के साथ-साथ भूमि में एन्जाइम, विटामिन्स, एमीनो एसिड एवं ह्यूमस का निर्माण कर भूमि की उर्वरा क्षमता को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।



## केंचुओं का जीवन चक्र व जीवन से संबंधित जानकारियाँ

केंचुए द्विलिंगी होते हैं अर्थात एक ही शरीर में नर तथा मादा जननांग पाये जाते हैं।

2. द्विलिंगी होने के बावजूद केंचुओं में निषेचन दो केंचुओं के मिलन से ही सम्भव हो पाता है क्योंकि इनके शरीर में नर तथा मादा जननांग दूर-दूर स्थित होते हैं और नर शुक्राणु व मादा शुक्राणुओं के परिपक्व होने का समय भी अलग-अलग होता है। सम्भोग प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद केंचुए कोकून बनाते हैं। कोकून का निर्माण लगभग 6 घण्टों में पूर्ण हो जाता है।

3. केंचुए लगभग 30 से 45 दिन में वयस्क हो जाते हैं और प्रजनन करने लगते हैं।

4. एक केंचुआ 17 से 25 कोकून बनाता है और एक कोकून से औसतन 3 केंचुओं का जन्म होता है।

5. केंचुओं में कोकून बनाने की क्षमता अधिकांशतः 6 माह तक ही होती है। इसके बाद इनमें कोकून बनाने की क्षमता घट जाती है।

6. केंचुओं में देखने तथा सुनने के लिए कोई भी अंग नहीं होते किन्तु ये ध्वनि एवं प्रकाश के प्रति संवेदनशील होते हैं और इनका शीघ्रता से एहसास कर लेते हैं।

7. शरीर पर श्लैष्मा की अत्यन्त पतली व लचीली परत मौजूद होती है जो इनके शरीर के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती है।

8. शरीर के दोनों सिरे नुकीले होते हैं जो भूमि में सुरंग बनाने में सहायक होते हैं।

9. केंचुओं में शरीर के दोनों सिरों (आगे तथा पीछे) की ओर चलने की क्षमता होती है।

10. मिट्टी या कचरे में रहकर दिन में औसतन 20 बार ऊपर से नीचे एवं नीचे से ऊपर आते हैं।

11. केंचुओं में मैथुन प्रक्रिया लगभग एक घण्टे तक चलती हैं।

12. केंचुआ प्रतिदिन अपने वजन का लगभग 5 गुना कचरा खाता है। लगभग एक किलो केंचुए (1000 संख्या) 4 से 5 किग्रा0 कचरा प्रतिदिन खा जाते हैं।

13. रहन-सहन के समय संख्या अधिक हो जाने एवं जगह की कमी होने पर इनमें प्रजनन दर घट जाती है। इस विशेषता के कारण केंचुआ खाद निर्माण के दौरान अतिरिक्त केंचुओं को दूसरी जगह स्थानान्तरित कर देना अत्यन्त आवश्यक है।

14. केंचुए सूखी मिट्टी या सूखे व ताजे कचरे को खाना पसन्द नहीं करते अतः केंचुआ खाद निर्माण के दौरान कचरे में नमीं की मात्रा 30 से 40 प्रतिशत और कचरे का अर्द्ध-सड़ा होना अत्यन्त आवश्यक है।

15. केंचुए के शरीर में 85 प्रतिशत पानी होता है तथा यह शरीर के द्वारा ही श्वसन एवं उत्सर्जन का पूरा कार्य करता है।

16. कार्बनिक पदार्थ खाने वाले केंचुओं का रंग मांसल होता है जबकि मिट्टी खाने वाले केंचुए रंगहीन होते हैं।

17. केंचुओं में वायवीय श्वसन होता है जिसके लिए इनके शरीर में कोई विशेष अंग नहीं होते। श्वसन क्रिया (गैसों का आदान प्रदान) देह भित्ति की पतली त्वचा से होती है।

18. एक केंचुए से एक वर्ष में अनुकूल परिस्थितियों में 5000 से 7000 तक केंचुए प्रजनित होते हैं।

19. केंचुए का भूरा रंग एक विशेष पिगमेंट पोरफाइरिन के कारण होता है।

20. शरीर की त्वचा सूखने पर केंचुआ घुटन महसूस करता है और श्वसन (गैसों का आदान-प्रदान) न होने से मर जाता है।

21. शरीर की ऊतकों में 50 से 75 प्रतिशत प्रोटीन, 6 से 10 प्रतिशत वसा,कैल्शियम, फास्फोरस व अन्य खनिज लवण पाये जाते हैं अतः इन्हें प्रोटीन एवं ऊर्जा का अच्छा स्रोत माना गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में एक और मोस्ट वांटेड आतंकवादी का मर्डर, कश्मीर में किए थे कई हमले

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान से दो दिनों में लगातार दो हार्डकोर आतंकवादियों की मौत की खबर सामने आ रही है। शनिवार को पाकिस्तान स्थित मोस्ट वांटेड आतंकवादी कमांडरों में से एक शेख जमील-उर-रहमान को खैबर पख्तूनख्वा के एबटाबाद में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाया गया है। रहमान यूनाइटेड जिहाद काउंसिल (यूजेसी) का महासचिव और तहरीक-उल-मुजाहिदीन (टीयूएम) का अमीर था। वह कश्मीर के पुलवामा के रहने वाला था। अक्टूबर 2022 में गृह मंत्रालय द्वारा उसे आतंकवादी घोषित किया गया था। उसकी मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। एक अधिकारी ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल था और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ भी काम करता था। आपको बता दें कि हाल के कुछ महीनों में पाकिस्तान में रहस्यमय परिस्थितियों में कई आतंकवादी मारे गए हैं या मृत पाए गए हैं। टीयूएम का गठन जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान में विलय करने और अखिल-इस्लामवादी पहचान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। समूह को अपने शुरुआती वर्षों में एक बड़ा झटका लगा जब इसका संस्थापक यूनुस खान 1991 में एक मुठभेड़ में मारा गया। वहीं, यूजेसी जम्मू-कश्मीर में सक्रिय सभी आतंकवादी संगठनों को एक मंच पर लाने के लिए पाकिस्था स्थित जिहादी संगठनों का एक समूह था। इसमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, अल बद्र, हिजबुल मुजाहिदीन और कई अन्य आतंकी संगठन शामिल थे। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, यूजेसी का इस्लामिक स्टेट से प्रेरित जेके-आईएस और अल-कायदा की शाखा अंसार गजवत-उल-हिंद जैसे आतंकी संगठनों के साथ टकराव चल रहा है।

### नेपाल घूमने जाने वाले विदेशी पर्यटकों की सूची में भारतीय शीर्ष पर

**काठमांडू, एजेंसी।** फरवरी में नेपाल घूमने आने वाले विदेशी पर्यटकों की सूची में भारतीय शीर्ष पर रहे। नेपाल पर्यटन बोर्ड (एनटीबी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। कहा कि पिछले माह कुल 97426 पर्यटक नेपाल आए। इनमें से 25578 भारत से थे। इसके बाद, चीन से 9180 और अमेरिका से 9089 पर्यटकों ने हिमालयी राष्ट्र का भ्रमण किया। एनटीबी के मुताबिक, इस सूची में थाइलैंड 4799 पर्यटकों के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि ब्रिटेन और बांग्लादेश क्रमशः 4571 और 4099 पर्यटकों के साथ पांचवें और छठे स्थान पर हैं। एनटीबी के निदेशक मणि लामिछाने ने कहा, आंकड़े बताते हैं कि फरवरी में 25 हजार से अधिक भारतीयों ने नेपाल का दौरा किया, लेकिन वास्तविक संख्या कई अधिक है क्योंकि भारत से बड़ी संख्या में पर्यटक भूमि मार्ग से भी आए हैं। जनवरी में नेपाल में भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या 18041 थी।

### अमेरिका में कलाकार अमरनाथ घोष की हत्या मामले में मदद कर रहा भारतीय दूतावास

**न्यूयार्क , एजेंसी।** अमेरिका में भरतनाट्यम-कुचिपुड़ी कलाकार अमरनाथ घोष की हत्या मामले में भारतीय दूतावास हर मदद कर रहा है। 34 वर्षीय अमरनाथ की सेंट लुइस में मंगलवार शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हम फोरेंसिक विभाग, पुलिस के साथ सहयोग कर रहे हैं। इस मामले की जांच के लिए पुलिस और विश्वविद्यालय के समक्ष मामले को मजबूती से उठाया गया है। मृतक के रिश्तेदारों को हरसंभव मदद दी जा रही है। हालांकि मृतक के चाचा श्यामल घोष ने कहा कि भतीजे की मौत के बारे में उन्हें अब तक विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। बंगाल के बीरभूम जिले के अमरनाथ वाशिंगटन विश्वविद्यालय में मास्टर आफ फाइन आ?र्ट्स की पढ़ाई कर रहे थे। उन्हें सेंट लुइस एकेडमी और सेंट्रल वेस्ट इंड इलाके की सीमा के निकट कई गोलियां मारी गईं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अमरनाथ की मित्र व टीवी अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने शुक्रवार को पोस्ट कर हत्या की जानकारी दी थी।

# ताइवान के विदेश मंत्री ने भारतीय मीडिया को इंटरव्यू दिया

### चीन बोला- उन्हें झूठ फैलाने का मंच ना दें, ताइवान का जवाब- हम कठपुतली नहीं

**तेहरान एजेंसी।**
ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने हाल ही में एक भारतीय टीवी चैनल को इंटरव्यू दिया था। अब चीन ने इस पर आपत्ति जताई है। भारत में मौजूद चीनी ऐम्बेसी ने शनिवार को कहा- भारतीय मीडिया की वजह से ताइवान को अपनी स्वतंत्रता की वकालत करने और दुनिया में झूठ फैलाने का मंच मिला है।

चीन ने कहा- यह वन-चाइना पॉलिसी के खिलाफ है, इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। चीन के बयान का जवाब देते हुए ताइवान ने कहा- भारत और हम दो आजाद लोकतांत्रिक देश हैं। दोनों में से कोई भी चीन की कठपुतली नहीं है, जो उसके हुक्म का पालन करे। चीन को दूसरे देशों के सामने दादागिरी करने की जगह खुद पर ध्यान देने की जरूरत है।



### चीन बोला- दुनिया में सिर्फ एक चीन, ताइवान हमारा हिस्सा

इससे पहले चीनी ऐम्बेसी ने अपने बयान में कहा था- वन-चाइना पॉलिसी का मतलब है कि दुनिया में सिर्फ एक ही चीन है। ताइवान हमारा हिस्सा है। जिन भी देशों के चीन के साथ कूटनीतिक रिश्ते हैं, उन्हें हमारी नीतियों का सम्मान करना होगा। भारत सरकार भी आधिकारिक तौर पर वन-चाइना पॉलिसी का समर्थन करती है।

ऐम्बेसी ने आगे कहा- हम भारतीय मीडिया से अपील करते हैं कि वे चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े मुद्दों पर सही रुख अपनाएं। वन-चाइना पॉलिसी का पालन करें, ताइवान की आजादी से जुड़ी भावनाओं को मंच न दें और गलत संदेश भेजने से बचें। इससे देश के लोगों और दुनिया पर गलत प्रभाव पड़ेगा।

इससे पहले सितंबर 2023 में भारतीय सेना के 3 पूर्व अधिकारियों ने ताइवान का दौरा किया था। इस पर भी चीन ने आपत्ति जाहिर की थी। उन्होंने भारत को ताइवान से डिफेंस साझेदारी न बढ़ाने की सलाह दी थी।

### ताइवान को लेकर क्या रहा है भारत का स्टैंड

सीनियर जर्नलिस्ट पलकी शर्मा के मुताबिक 1950 में भारत चीन को मान्यता देने वाले पहले एशियाई देशों में से एक रहा। इसके बाद 45 सालों तक भारत और ताइवान के बीच कोई औपचारिक सम्पर्क नहीं रहा। दोनों देशों के बीच गतिरोध की स्थिति बनी रही। ताइवान का रवैया भी भारत को लेकर बहुत पॉजिटिव नहीं था।

ताइवान अपनी वन-चाइना नीति पर अड़ा रहा, जिसमें ताइपे सत्ता का केंद्र था। तिब्बत और मैकमोहन लाइन पर उसकी पोजिशन ठीक वही थी, जो चीन की थी। उसके अमेरिका से गहरे सम्बंध थे, लेकिन भारत जैसे देशों में उसकी अधिक रुचि नहीं थी। लेकिन, 1990 के दशक में भारत की विदेश नीति बदली। उसने लुक-ईस्ट नीति अपनाई, जिसके चलते ताइवान से रिश्ते बढ़ाने की कोशिश की और ताइवान ने भी अच्छी प्रतिक्रिया दी। 1995 में अनधिकृत दूतावासों की स्थापना की गई। 21वीं सदी की शुरुआत तक भारत के चीन से सम्बंध अपने सबसे अच्छे दौर में प्रवेश कर चुके थे।

प्रधानमंत्री वाजपेयी चीन की सफल यात्रा करके लौटे थे। भारत की प्राथमिकताएं एक बार फिर ताइवान से दूर खिसक गईं। 2008 के बाद कुछ छिटपुट कोशिशें की गईं, जब ताइवानी मंत्रियों ने भारत की यात्रा की थी, लेकिन यह भारत को जानने-समझने तक ही सीमित थी। बड़ा बूस्ट 2014 में तब आया, जब प्रधानमंत्री मोदी ने ताइवानी प्रतिनिधियों को अपने शपथ-ग्रहण समारोह में बुलाया। ताइवान को लेकर मोदी के मन में एक राजनीतिक धारणा थी और पहले भी वे ताइवान से रिश्ते बनाने की पहल कर चुके थे। 1999 में मोदी ने भाजपा महासचिव के रूप में ताइवान की यात्रा की थी। 2011 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने भारत में ताइवान के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की थी। प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्होंने ताइवान से सम्बंध बनाए रखे। हालांकि, भारत ने कभी भी ताइवान को अलग देश के रूप में मान्यता नहीं दी है।

## कैमरे की फ्लैशलाइट से बच्चे की बड़ी बीमारी का हुआ खुलासा, फोटो खींचते ही उड़ गए मां के होश


**लंदन, एजेंसी।**
ब्रिटेन के लंदन से एक हैरान करने वाली खबर सामने आ रही है। दरअसल, एक मां ने अपने तीन साल के बच्चे की तस्वीर पर गौर किया तो, उसकी आंख में कुछ अजीब पाखा। इसकी जांच कराने पर पता लगा कि बच्चे को एक दुर्लभ प्रकार का कैंसर है। दरअसल, लंदन के केंट में रहने वाली 40 वर्षीय साराह हेजेज अपने स्मार्टफोन में अपने बच्चे की तस्वीर ले रही थी। साराह अपने किचन में काम कर रही थी, उस दौरान उनकी नजर अपने बच्चे पर गई। उन्हें अपने बच्चे की आंख में अजीब सफेद रोशनी-सा कुछ दिखा। इसके बाद वो अपना काम छोड़कर अपने बच्चे के पास जाती हैं और स्मार्टफोन का फ्लैशलाइट ऑन करके देखती हैं। इसके बाद उन्हें जो कुछ भी दिखता है, उससे सारा परेशान हो जाती हैं।

अपनी चिंता को कम करने के लिए वह इंटरनेट पर सर्च करती हैं, तो उनके होश उड़ जाते हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें पता चला कि उनके बच्चे में जो भी लक्षण है, वो एक दुर्लभ कैंसर रेटिनोब्लास्टोमा पीड़ित के होते हैं।

इसके बाद साराह ने तुरंत डॉक्टर से इसके लिए कंसल्ट किया और बच्चे की जांच के लिए थॉमस को मेडवे अस्पताल में रेफर कर दिया। जांच की रिपोर्ट सामने आने के बाद साबित हो गया कि थॉमस को रेटिनोब्लास्टोमा कैंसर है। इसके बाद बच्चे का इलाज शुरू किया गया।

नवंबर 2022 में ही कीमोथेरेपी के छह सेशन के साथ, कैंसर के खिलाफ थॉमस की लड़ाई शुरू हो गई। लंबे समय तक इलाज होने के बाद 10 मई, 2023 को थॉमस ने आखिरी कीमोथेरेपी कराई और अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। इस बीच, द चाइल्डहुड आई कैंसर ट्रस्ट (सीएचईसीटी) के अनुसार, सफेद चमक के अलावा, आंख का बदला हुआ रूप या सूजी हुई आंखें भी कैंसर का लक्षण है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड एश्टन ने कहा कि लगभग 50 प्रतिशत मामलों में, यदि समय पर उपचार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो मरीज की प्रभावित आंख निकालनी भी पड़ जाती है। थॉमस के मामले में, समय पर निदान से आंख निकाले बिना लक्षणों का इलाज करने में मदद मिली।

## निज्जर की हत्या के खिलाफ खालिस्तान समर्थकों का प्रदर्शन, लेकिन नहीं हो रहा असर



**ओटावा, एजेंसी।** सरे में ओटावा में भारत के उच्चायुक्त की उपस्थिति में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को बाधित करने की घटना के ठीक एक दिन बाद खालिस्तान समर्थक समूहों ने शनिवार को टोरंटो और वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावासों के सामने विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, इसका कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला। आपको बता दें कि यह कार रैली ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में 18 जून को खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के विरोध में आयोजित की गई थी। जिस समय ये विरोध प्रदर्शन हुए उस समय दोनों ही दूतावास साप्ताहिक अवकाश के लिए बंद थे। इसलिए, इसका कोई असर नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों को दूतावासों के करीब आने से रोक दिया गया। कनाडाई पुलिस ने इमारतों की घेराबंदी कर दी, बैरिकेड्स लगा दिए और प्रदर्शनकारियों को दूर रखा। आपको बता दें कि यह इस विरोध-प्रदर्शन की अगुवाई अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के द्वारा बुलाया गया था। शुक्रवार की शाम को उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने शहर के शेरेटन गिल्डफोर्ड होटल में सरे बोर्ड ऑफ ट्रेड को संबोधित किया। आपको बता दें कि इसी इलाके में निज्जर की हत्या हुई थी। एसएफजे ने शहर को युद्ध क्षेत्र बताया और कहा कि वह वर्मा का विरोध जारी रहेगा। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कार्यक्रम स्थल के सभी प्रवेश द्वारों को अवरुद्ध कर दिया। इसके कारण कोई भी प्रदर्शनकारी अंदर दाखिल नहीं हो पाए। मौके पर उग्र झड़पें भी हुईं। आयोजकों ने दावा किया कि कार्यक्रम स्थल पर लगभग 500 प्रदर्शनकारी थे।


### अमेरिका भारत को एमक्यू-9बी ड्रोन बेचने के लिए उठाएगा अगला कदम

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी कांग्रेस की सौदे की समीक्षा के लिए 30 दिन की अवधि शुक्रवार को खत?म हो गई। इसके बाद भारत को गोला-बारूद के साथ 31 एमक्यू-9बी स्काईगार्डियन सशस्त्र ड्रोन बेचने के लिए अगला कदम उठाने का रास्ता अब साफ हो गया है।ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी, टोही और भूमि, वायु और समुद्री युद्ध के लिए हैं। भारत के पास इनमें से दो ड्रोन - एमक्यू-9ए - निर्माता जनरल एटॉमिक्स से कंपनी-लीज और ऑपरेशन के आधार पर हैं।भारत ने गोला-बारूद के साथ ड्रोन के जिस पूरे पैकेज की मांग की है, उसकी अनुमानित लागत 3.99 अरब डॉलर होगी।ड्रोन 161 एम्बेडेड ग्लोबल पोजिशनिंग और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ आएंगे; 35 एल3 रियो ग्रांडे कम्युनिकेशंस इंटेलिजेंस सेंसर सूट; 170 एजीएम-114आर हेलफायर मिसाइलें; 16 एम36ई9 हेलफायर कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइलें; 310 जीबीयू-39बी/बी लेजर छोटे व्यास वाले बम और आठ जीबीयू-39बी/बी एलएसडीबी गाइडेड टेस्ट वाहन लाइव फ्यूज के साथ।

## बांग्लादेश की इमारत में आग लगने के मामले में तीन गिरफ्तार

**ढाका , एजेंसी।**
बांग्लादेश की इमारत में लगी आग के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में 46 लोगों की जान चली गई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार लोगों की पहचान चुमुक नामक भोजनालय के दो मालिकों और कच्ची भाई रेस्तरां के प्रबंधक के रूप में की गई है।

ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के अतिरिक्त आयुक्त खमहिदउद्दीन ने शुक्रवार शाम मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि इमारत के भूतल पर एक खाद्य दुकान में गुरुवार को आग लग गई। उन्होंने कहा कि आग लगने की घटना में हुई मौतों के मामले में लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार का कोई भी व्यक्ति चाहे तो मामला दर्ज करा सकता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या इमारत के मालिकों की ओर से कोई लापरवाही हुई है, तो



उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से अपनी गतिविधियों को सुरक्षा पहले सिद्धांत के अनुसार संचालित करने को कहा। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और प्रधानमंत्री शेख हसीना ने घटना में जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। ढाका के अतिरिक्त उपायुक्त एकेएम हेदायतुल इस्लाम ने कहा, हमने मृतकों के परिवारों को 25 हजार टका की सहायता दी है। इमारत की छत और अलग-अलग मंजिलों से 70 लोगों को बचाया गया, इनमें 42 बेहोश थे।

## पाकिस्तान में फेसबुक, यूट्यूब समेत पूरे सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी, बचकानी वजह बताई



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी हो रही है। पाकिस्तान की सीनेट में एक प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसमें पाकिस्तान में सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, एक्स, यूट्यूब और इंस्टाग्राम आदि पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के सीनेटर बहरामंद तांगी ने सीनेट में प्रस्ताव पेश किया है। खास बात ये है कि तांगी का कार्यकाल 11 मार्च को समाप्त हो रहा है।

### देश के धर्म और संस्कृति के खिलाफ

प्रस्ताव में कहा गया है कि युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया के नकारात्मक असर से बचाने के लिए इस पर प्रतिबंध लगाया जाए। प्रस्ताव के अनुसार, सोशल मीडिया देश की युवा पीढ़ी को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हमारे धर्म और संस्कृति के खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इससे लोगों के बीच भाषा और धर्म के आधार पर नफरत पनप रही है। पाकिस्तान की सीनेट में सोमवार को इस प्रस्ताव पर चर्चा होगी। हालांकि पीपीपी ने तांगी के इस प्रस्ताव से खुद को अलग कर लिया है। पीपीपी ने बीते दिनों तांगी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते पार्टी से बर्खास्त भी कर दिया था।

### पीटीआई ने आम चुनाव में सोशल मीडिया पर ही चलाया था कैंपेन

तांगी ने दावा किया कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल देशहित में नहीं है। सोशल मीडिया के जरिए देश के सुरक्षाबलों के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाया जा रहा है। साथ ही सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें प्रसारित होती हैं, जो देश में फर्जी नेतृत्व को प्रमोट करती हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की मांग ऐसे समय उठ रही है, जब हाल ही में हुए आम चुनाव में सोशल मीडिया की भूमिका बेहद अहम रही। दरअसल इमरान खान की पार्टी पीटीआई पर तमाम सरकारी प्रतिबंधों और दबाव के बावजूद सोशल मीडिया के दम पर ही लोगों के बीच अपनी आवाज पहुंचाई और उसके समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की।

# इस्राइल हमास के साथ छह हफ्ते के युद्धविराम पर सहमत

**यरूशलम, एजेंसी।**
अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि प्रस्तावित गाजा संघर्ष विराम और बंधकों के रिहाई समझौते के लिए इस्राइल सहमत है, लेकिन अब इस पर फैसला हमास को करना है। अधिकारी ने कहा कि इस्राइल ने संघर्ष विराम प्रस्ताव को लगभग स्वीकार कर लिया है। प्रस्ताव के अनुसार गाजा में छह सप्ताह के संघर्ष विराम के साथ-साथ हमास बंधक बनाए गए बीमार, घायल, बुजुर्ग और महिलाओं को रिहा भी करेगा। फिलहाल, गेंद हमास के पाले में है। हम जितना संभव हो सकेगा युद्धविराम के लिए प्रयास करेंगे।

वहीं, अमेरिका ने जॉर्डन के सहयोग से शनिवार को आपात मानवीय सहायता के रूप में विमान के जरिये गाजा में खाद्य सामग्री के 38,000 पैकेट गिराए। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया, राहत सामग्री के 66 बंडल गिराए गए। अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा,



यूएस सेंट्रल कमांड और जॉर्डन की वायु सेना ने शनिवार को अपराह्न तीन से पांच बजे के बीच गाजा में संघर्ष से प्रभावित नागरिकों के लिए जरूरी राहत सामग्री एयरड्रॉप की। इस संयुक्त ऑपरेशन में अमेरिकी वायु सेना और आरजेएएफ सी-130 विमान के सैनिक शामिल थे। हवाई डिलीवरी के लिए बंडल बनाए गए और सैनिकों ने खाद्य सहायता की सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित की।

गाजा में इस्राइल-हमास के बीच करीब पांच महीने से संघर्ष जारी है। सात अक्तूबर को दक्षिण इस्राइल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में तीस हजार से ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। इस्राइली सेना ने शनिवार को रफा सिटी में एक अस्पताल के पास बने शरणार्थी शिविर पर बमबारी की, जिसमें 11 फलस्तीनी नागरिक मारे गए और 50 अन्य घायल हुए हैं। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस्राइली सेना ने दीर अल-बलाह और जबालिया में तीन घरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। इन हमलों में 17 फलस्तीनी मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं।

### ईशनिंदा मामले में अदालत ने दो भाईयों को किया बरी, निजी दुश्मनी के चलते लगाए गए थे आरोप

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने पंजाब प्रांत में एक हाई प्रोफाइल ईशनिंदा मामले में दो भाईयों को बरी कर दिया गया है। गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान कहा गया कि निजी दुश्मनी के चलते दोनों भाईयों को फंसाया गया था। बता दें पाकिस्तान में ईशनिंदा में मौत की सजा का प्रावधान है।

यह मामला 16 अगस्त, 2023 को कुरान के अपमान के आरोप में लाहौर से लगभग 130 किलोमीटर दूर जारनवाला शहर में हजारों मुसलमानों की हिंसक भीड़ द्वारा 24 चर्चों और ईसाइयों के 86 घरों को जलाने से संबंधित है। भीड़ का नेतृत्व कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी, तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने किया था। गौरतलब है कि जरनवाला में हुई घटना के बाद सैकड़ों ईसाई अपने घर छोड़कर भाग गए। चर्चों और ईसाई घरों पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 100 से अधिक लोग वर्तमान में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। पुलिस ने पाकिस्तान दंड संहिता की कई धाराओं के तहत आरोप में दो भाइयों उमर सलीम उर्फ रॉकी और उमैर सलीम उर्फ राजा को भी गिरफ्तार किया था। फैसलाबाद में आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश मुहम्मद हुसैन ने शुक्रवार को दोनों ईसाई भाइयों को बरी करने का आदेश दिया क्योंकि यह पता चला कि उन्हें स्थानीय मुसलमानों ने व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण फंसाया था।

## टीम इंडिया में वापसी के लिए आईपीएल 2024 काफी नहीं!

# ईशान और श्रेयस के सेलेक्शन पर संकट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को उस समय अपने करियर का अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा होगा, जब उनका नाम बीसीसीआई के एनुअल सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2023-24 में नहीं दिखा होगा। बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी करते हुए एक बात लिखी थी कि बोर्ड ने श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को इसलिए अनुबंध की सूची में शामिल नहीं किया है, क्योंकि चयनकर्ताओं ने उनकी सिफारिश नहीं की है।

इसके पीछे का कारण ये सामने आया है कि इन दोनों खिलाड़ियों ने बीसीसीआई की रणजी ट्रॉफी खेलने की चेतावनी को नजरअंदाज किया था। अब खबर है कि इन दोनों की टीम इंडिया में वापसी भी बहुत ही ज्यादा कठिन होने वाली है। बता दें कि नेशनल ड्यूटी से मानसिक थकान का हवाला देकर ब्रेक लेने वाले ईशान किशन पार्टी करते नजर आए थे और आईपीएल की तैयारियां कर रहे थे। वहीं, श्रेयस अय्यर चोट के बहाना बनाकर रणजी ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल से हटे और कोलकाता नाइट राइडर्स के कैंप में नजर आए। अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट कहते है कि दोनों खिलाड़ी आईपीएल भले ही खेलें, लेकिन टीम सेलेक्शन के लिए अभी कंसीडर नहीं किए जाएंगे। उनको फिर से घरेलू क्रिकेट खेलने होगी और फिर टीम में जगह बनानी होगी।

सूत्र ने बताया, ईशान को वह अवकाश मिल गया जो वह चाहते थे, लेकिन उन्होंने एनसीए या राज्य इकाई को रिपोर्ट नहीं किया है, लेकिन अकेले प्रशिक्षण जारी रखा। इन परिस्थितियों में, बीसीसीआई के पास केंद्रीय अनुबंध की पेशकश करने का कोई मौका नहीं था। इसी तरह श्रेयस के साथ भी हम मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार चले। उनके लिए अभी भी दरवाजे खुले हैं, बशर्ते वे नियमित रूप से घरेलू क्रिकेट खेलें। आईपीएल के आधार पर टी20 वर्ल्ड कप के लिए सेलेक्शन होना है। ऐसे में दोनों का सेलेक्शन भी संदेह के घेरे में है।

# लियोन ने रचा इतिहास

**डब्ल्यूटीसी के इतिहास में यह कमाल करने वाले पहले गेंदबाज**

### रवि अश्विन भी रह गए पीछे



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई। न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और उसकी पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट हासिल किए।


अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार मैच में 10 या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइटवॉचमैन के रूप में 41 रन की महत्वपूर्ण पारी भी खेली थी।

### नाथन लियोन ने बनाए ये रिकॉर्ड्स

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन के नाम अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा (10) फाइव विकेट हॉल हो गए हैं, उन्होंने भारत के रविचंद्रन अश्विन (नौ) को पछाड़ दिया है। लियोन अब टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं, उन्होंने दिग्गज क्रिकेटर कर्टनी वॉल्श को पछाड़ दिया। लियोन के नाम अब 128 टेस्ट मैचों में 527 विकेट हो गए हैं और उनका औसत 30.35 का है। उन्होंने अपने करियर में उन्होंने 24 बार पांच विकेट और पांच बार 10 विकेट लिए हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने 11 मैच में लियोन ने 18.90 की औसत से 60 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में उनका औसत पांचवां सर्वश्रेष्ठ है। लियोन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन बार पांच विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा वह न्यूजीलैंड में छह विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर बन गए हैं।

**संक्षिप्त समाचार**



### रिटायरमेंट के 10 बाद ही टीम में वापसी करेंगे नील वैंगनर?

**वेलिंग्टन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की टीम अपने ही घर पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट मुकाबला हार गई। ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन टेस्ट में मेजबान कीवी टीम को 174 रन से मात दी। इस हार के बाद कप्तान टिम सउदी ने इशारा दिया कि 5 दिन पहले संन्यास लेने वाले नील वैंगनर वापसी कर सकते हैं। वैंगनर की वापसी की चर्चा के पीछे का कारण है विल ओ'रोरके का चोटिल होना। टेस्ट के तीसरे दिन रोरके को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव हो गया था। वह अपने 8वें ओवर में पांच गेंदे करके मैदान से बाहर चले गए थे। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में उनकी वापसी नहीं हुई। चौथे दिन उन्होंने बल्लेबाजी की लेकिन वह विकेट्स के बीच दौड़ने में असहज दिखाई दे रहे थे। कीवी कप्तान टिम सउदी ने माना कि दूसरे टेस्ट के लिए उनके टीम सेलेक्शन में गलती हुई। उन्हें चार तेज गेंदबाजों को नहीं खिलाना चाहिए था। यहां गेंद स्पिन हुई। दूसरा टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में खेल जाएगा। यहां कि पिच ज्यादा स्पिन नहीं होती है। अगर रोरके दूसरे टेस्ट के लिए फिट नहीं होते तो टीम को चौथे तेज गेंदबाज की जरूरत होगी और ऐसे में वैंगनर के नाम पर चर्चा हो सकती है। सउदी ने कहा, 'हमने बहुत ज्यादा चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल के हालात कैसे है। फीजियो ने अब तक यह अपडेट नहीं दिया कि विल कब तक फिट होंगे। अगले कुछ दिन में क्या होगा हम नहीं जानते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें फैसला लेना है कि क्राइस्टचर्च में क्या होगा। वैंगनर को पिछले हफ्ते शानदार स्वागत मिला था। वह फैंसके पसंदीदा गेंदबाज रहे हैं। हम ट्रेंट बोल्ट को नहीं बुलाएंगे क्योंकि उनका ध्यान टी20 पर है।'

### भारतीय टीम ने हासिल किया नंबर-1 का ताज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की टीम को 172 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैच में गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। कैमरून ग्रीन ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया और उनकी वजह से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम मैच जीतने में सफल रही। उन्होंने मैच में 174 रनों की पारी खेली। लेकिन ऑस्ट्रेलिया की जीत से भारतीय टीम को तगड़ा फायदा हुआ है। भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर पहुंच गई है और न्यूजीलैंड को नुकसान हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हारते ही न्यूजीलैंड की टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में एक स्थान का नुकसान हुआ है।

# हैदराबाद की कप्तान करते दिख सकते हैं कमिंस, स्टेन को लेकर ये है अपडेट



**आईपीएल- 2024**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच के रूप में अपनी भूमिका से ब्रेक का अनुरोध किया है, भले ही फ्रेंचाइजी 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के आगामी सीज़न के लिए कप्तान के रूप में पैट कमिंस की घोषणा कर सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, कहा जा रहा है कि स्टेन ने फ्रेंचाइजी से इस साल के लिए हैदराबाद में अपनी कोचिंग भूमिका से ब्रेक के बारे में पूछा है। इसमें कहा गया है कि फ्रेंचाइजी अब नए गेंदबाजी कोच की तलाश कर रही है और इस संबंध में जल्द ही घोषणा की जा सकती है।

दक्षिण अफ्रीका के लिए अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर में 93 टेस्ट, 125 वनडे और 47 टी20 मैच खेलने के अलावा, स्टेन ने आईपीएल में अब बंद हो चुकी डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए भी खेला था। 2022 में, स्टेन एक गेंदबाजी कोच की भूमिका में हैदराबाद फ्रेंचाइजी में शामिल हो गए और उन्हें तेज गेंदबाज उमरान मलिक के विकास में एक बड़ी भूमिका निभाने का श्रेय दिया गया, जिन्होंने टी20 और वनडे में भारत की कैप हासिल की और हाल ही में उन्हें बीसीसीआई से तेज गेंदबाजी अनुबंध का मौका मिला। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और आवश्यकताएं पूरी होने तक स्टेन के अगले सीज़न में फ्रेंचाइज़ी में लौटने की उम्मीद है। पिछले साल अंक तालिका में सबसे नीचे रहने के बाद, हैदराबाद को न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर डेनियल विटोरी के रूप में नया मुख्य कोच मिला, जो वर्तमान में ऑस्ट्रेलियाई टीम के सहायक कोच हैं। इस बीच, आईपीएल 2024 के लिए हैदराबाद कप्तानी के बारे में बात करते हुए, उम्मीद है कि पिछले साल दुबई में नीलामी में 20.5 करोड़ रुपये में उन्हें हासिल करने के बाद फ्रेंचाइजी कमिंस को अपना नया कप्तान घोषित करेगी।

कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) और पुरुष वनडे विश्व कप जीता था। पिछले दो सीज़न में हैदराबाद की कप्तानी एडेन मार्करम ने की थी, लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। हालाँकि, मार्करम ने एसए20 के पहले दो सीज़न में हैदराबाद फ्रैंचाइज़ी की सहयोगी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सफलतापूर्वक ट्रॉफी तक पहुंचाया। आईपीएल 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने 2024 अभियान की शुरुआत करेगी, इसके बाद 27 मार्च को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस.के खिलाफ अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी।



# विराट कोहली को लेकर इमाम-उल-हक ने बोला था ये झूठ

## ● आगा सलमान ने किया खुलासा, कहा- मैंने मैसेज किया था लेकिन...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली और गौतम गंभीर की आईपीएल 2023 के दौरान नोकझोंक हो गई थी, जिसकी काफी चर्चा रही। इस घटना के बाद पाकिस्तानी क्रिकेटर आगा सलमान ने इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजा था। वहीं, पाकिस्तानी बल्लेबाज इमाम-उल-हक ने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि सलमान ने मैसेज में कोहली को ईजी हो जा बच्चे लिखा। सलमान को इसपर काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। हालांकि, सलमान ने अब खुलासा किया है कि इमाम ने झूठ बोला था। उन्होंने कहा कि मैंने कोहली को मैसेज जरूर किया था लेकिन बच्चा नहीं कहा।

सलमान इन दिनों पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2024 में खेल रहे हैं। वह पीएसएल में इस्लामाबाद युनाइटेड फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। सलमान ने इस्लामाबाद युनाइटेड को इंटरव्यू दिया, जिसमें उनसे पूछा गया कि आपने विराट को क्या मैसेज किया था. इसपर सलमान ने कहा, इमाम की आधी बातें माना ही ना करें। यह फ्लो में बात काट जाता है और बाद में कवर करते-करते टाइम गुजर जाता है। मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा। मुझे भारतीय लोगों से बहुत गाली पड़ी हैं। हर कोई विराट का सम्मान करता है। कौन सा क्रिकेटर है, जो उनका सम्मान नहीं करता। मैंने उन्हें मैसेज किया था लेकिन ऐसा कुछ नहीं बोला कि ईजी हो जा बच्चे। उन्होंने कहा, कोहली की गंभीर से लड़ाई हुई थी। हीटेड मोमेंट था। फिर इस तरह की सिचुएशन हो गई कि वो फनी ले में जाने लगा। जो देखने वाले थे, वो कहने लगे कि ये क्या कर रहे हैं ग्राउंड में।

मैंने उसके बाद मैसेज किया। उसका जो स्टार्ट था वो विराट भाई है। बाकी आप अंदाजा लगा सकते हैं। मैंने शादाब खान को मैसेज के बारे में बता दिया था। आपने एक वीडियो देखी होगी, जिसमें मैं, शादाब और विराट एकसाथ खड़े (एशिया कप 2023 के दौरान) हैं। सलमान ने आगे कहा, शादाब ने फिर विराट को बताया था कि इसने आपको मैसेज किया। हमने काफी मजाकिया वे में लिया और मैंने उनको बताया कि मैसेज किया था। वो मजाक था। यह शादाब की कारिस्तानी थी। शादाब इंतजार कर रहा था कि एशिया कप आने दे फिर बताऊंगा। शादाब ने जब विराट को बताया तो उन्होंने मजाकिया तौर पर लिया। मैंने उनसे कहा कि आपने मैसेज नहीं देखा। जाहिर बात है, वो कहां मेरा मैसेज देखेंगे। विराट ने कहा कि जाकर देखता हूं और उसका स्क्रीनशॉट लगाऊंगा। मैं विराट की बहुत रिस्पेक्ट करता हूं।

### महिला प्रीमियर लीग 2024 - मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स को 7 विकेट से हराया



**बेंगलुरू, एजेंसी।** यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन 2 के 9वें मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में हार से उबरकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हरा दिया।

मुंबई इंडियंस ने पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए तीन शुरुआती विकेट चटकाए और फिर एलिसे पेरी की 38 गेंदों में नाबाद 44 रनों की पारी के बावजूद 20 ओवरों में 131/6 के मामूली स्कोर तक पहुंच गई। जहां पेरी ने अपनी 38 गेंदों की पारी के दौरान पांच चौके लगाए, वहीं जॉर्जिया वेयरहैम 27 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।जीत के लिए 132 रनों का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने एलिसे पेरी, यास्तिका भाटिया और नैट साइवर-ब्रंट के योगदान की बदौलत 15.1 ओवर में 133/3 का स्कोर बना लिया और 29 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया।

दिल्ली कैपिटल्स पर शुरुआती दौर में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद मुंबई इंडियंस को अपने पिछले मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। शनिवार की जीत के बाद मुंबई इंडियंस चार मैचों में छह अंकों के साथ आगे है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स चार अंकों पर बनी हुई है।

### दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को बॉब जोन्स पुरस्कार

**फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है। वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल हैं।

वुड्स 9 बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने बयान में कहा, 'बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं।

वुड्स को 12 जून को उत्तरी कैरोलिना में यूएस ओपन के दौरान सम्मानित किया जाएगा।



## राजनीति में डेब्यू करेंगे पैरालिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र झाझरिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीजेपी ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में राजस्थान के 15 उम्मीदवारों का नाम भी शामिल है। इन 15 सीटों में चुरू के मौजूदा सांसद राहुल कासवां का नाम शामिल नहीं है। बीजेपी बीते 33 साल से इस सीट पर कासवां परिवार को ही टिकट दे रही थी लेकिन इस बार उन्होंने पैरालंपिक खेलों में दो बार गोल्ड मेडल जीतने वाले देवेंद्र झाझरिया पर भरोसा जताया है।

### 33 साल से बीजेपी के टिकट पर लड़ रहा है कासवां परिवार

कास्वां परिवार बीते कई सालों से राजनीति में है। वह बीते 33 साल से चुरू में बीजेपी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल कासवां 2014 से इस सीट से सांसद हैं। इससे पहले उनके पिता भी तीन बार इसी सीट से सांसद रहे थे। इसके बावजूद बीजेपी ने इस बार इस परिवार को टिकट नहीं दिया है। राहुल कास्वां और राजेंद्र राठौड़ के बीच हुए विवाद को इसका कारण बताया जा रहा है।

### राजेंद्र राठौड़ और राहुल कासवां का विवाद

पिछले साल राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में सात बार के विधायक राजेंद्र राठौड़ तारानगर सीट से चुनाव हार गए थे। इसके बाद उन्होंने कहा कुछ जयचंद है जिनके भितरघात के कारण वह चुनाव हार गए। वहीं उनके समर्थकों ने खुलकर राहुल कासवां को जयचंद बताया था। इसी के बाद विवाद शुरू हुआ था। दोनों के बीच बयानबाजी जारी रही और इसे ही कास्वां का नाम कटने का कारण बताया जा रहा है।

कासवां से बीजेपी ने पैरालंपिक खिलाड़ी देवेंद्र को मौका दिया जो टिकट मिलने पर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, ये मेरे लिए बड़ी खुशी का पल है, देश के 5 से 7 करोड़ दिव्यांग लोगों में खुशी है कि आज भाजपा ने एक दिव्यांग व्यक्ति को टिकट दिया है।

### कौन हैं देवेंद्र झाझरिया

42 साल के झाझरिया को बचपन की त्रासदी जिसके कारण उनका बायां हाथ काटना पड़ा, वह उन कई बाधाओं में से एक थी, जिनसे झाझरिया ने सफलता की सीढ़ी चढ़ने के लिए संघर्ष किया। झाझरिया ने 2004 और 2016 के ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं टोक्यो खेलों में सिल्वर मेडल जीता था। वह 2014 एशियाई पैरा खेलों में रजत विजेता होने के अलावा दो बार पैरा विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता भी हैं। वह विश्व रिकॉर्ड धारक भी रह चुके है।

## संक्षिप्त समाचार

### घाघरा से अयोध्या के लिए साइकिल से युवा रवाना

**गुमलाघाघरा, एजेंसी।** राउरकेला से अयोध्या के लिए साइकिल यात्रा पर निकले छह युवाओं को घाघरा के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जूस पिलाकर स्वागत किया। अयोध्या यात्रा में राउरकेला से साइकिल में सवार होकर निकले युवक कुशल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, कुणाल कुमार, बिशन सिंह, अंकुश आहूजा एवं अभिषेक बंसल शामिल हैं। इनका स्वागत सामाजिक कार्यकर्ता नीरज जायसवाल, अमित सिंह, रविन्द्र साहू, पवन जायसवाल, सुधीर जायसवाल सहित अन्य लोगों ने घाघरा चांदनी चौक में भव्य स्वागत किया। मौके पर साईकिल से अयोध्या यात्रा पर निकले युवाओं को जूस भी पिलाया गया। छह सदस्यी साइकिल यात्रियों ने बताया कि सात मार्च को अयोध्या पहुंचकर भगवान रामलाल का दर्शन करेंगे।

### चैनपुर में ईसाई धर्म प्रचारक को उसके पद से हटाया

**गुमला, एजेंसी।** ईसाई धर्म प्रचारक को उसके पद से हटाने को लेकर रविवार को गिरजा समिति की बैठक आयोजित हुई। गिरजा समिति के अध्यक्ष सैमुअल खलखो के अध्यक्षता में नगर यूनिट गिरजा परिसर में सेक्ड़ो कैथोलिक महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। बैठक में प्रचारक प्रमोद खलखो के संबंध में विचार विमर्श किया गया और सर्व सहमति से उसे धर्म प्रचारक पद से हटाने का निर्णय लिया गया। प्रमोद खलखो को प्रचारक के पद से हटाने का मुख्य कारण राजनीतिक जनप्रतिनिधि व आजसू पार्टी का समर्थन करना है। प्रमोद वर्तमान में चैनपुर प्रखंड के उप प्रमुख भी हैं। वह हमेशा राजनीतिक कार्यक्रम को पहली प्राथमिकता देते है, और गिरजा में विनती प्रार्थना कराने के लिए समय नहीं देते थे। उन पर दान व चंदा के आय व्यय का रिपोर्ट भी नहीं देने का आरोप बैठक में लगाया गया है।

### मुरकुंडा में आयोजित महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**गुमला, एजेंसी।** मुरकुंडा में आयोजित नौ दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ के तीसरे दिन विधि-विधान के बीच पाठ, हवन-आरती का अनुष्ठान अर्पित किया गया। पीतांबरा जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया। कथावाचिका आशिता किशोरी ने रामजन्म पर कथा वाची। शुक्रवार की शनिवार की शाम शिव बारात व रामलीला के मंचन में श्रद्धालु भक्त भक्ति सागर में सरोबोर रहे। शनिवार को भी रोजाना की तरह भंडारे में प्रसाद ग्रहण के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ा। कल्याण बाबा द्वारा सहस्त्र चंडी महायज्ञ, पीतांबर महाराज के श्रीमद् भागवत व असिता किशोरी द्वारा मानस कथा में सनातनी विश्वासी विभोर दिखे। महायज्ञ आयोजन समिति के विजय चौधरी, शिवदयाल साहु, दीपक चौधरी, बजरंग साहु, मुकेश साहु, गुप्तेश्वर पांडे, उमेश चौधरी, संतोष पुरी, अजय साहु, सूरज चौधरी, रामधन सिंह, शंकर हजाम सहित अन्य सक्रीय दिखें।

### बीबीएमकेयू परीक्षा बोर्ड ने दी बीएड सेमे. टू रिजल्ट को मंजूरी

**धनबाद, एजेंसी।** बीबीएमकेयू के परीक्षा विभाग ने शुक्रवार को बीएड सेमेस्टर टू वर्ष 2022-24 व ओल्ड सेशन परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर मुहर लगा दी है। कुलपति प्रो. पवन कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में परीक्षा बोर्ड की बैठक हुई। इसमें धनबाद-बोकारो के 26 बीएड छात्रों का रिजल्ट रखा गया। 3360 कुल छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 2858 पास व 387 प्रमोटेड व 115 फेल हुए। बोर्ड की बैठक में पीएचडी कोर्स की द्वितीय परीक्षा जल्द लेने की सहमति बनी। सत्र 2015 से लेकर वर्ष 2022 तक के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं की जेनरिक द्वितीय विषय की परीक्षा जल्द ली जाएगी। जेनरिक विशेष परीक्षा की री शिड्यूलिंग पर भी विचार किया गया। बैठक में रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी, प्रॉक्टर डॉ अजीत कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुमन कुमार वर्णवाल, परीक्षा ओएसडी समेत अन्य डीन व सदस्य मौजूद थे।

### चोरी का फरार आरोपी 16 साल बाद धराया

**गुमला, एजेंसी।** सदर थाना में दर्ज चोरी मामले के आरोपी टिंकू भुईया उर्फ टिंकू जायसवाल जो 16 सालो से फरार चल रहा था। उसे शुक्रवार को गुमला थाना ने टावर चौक के पंजाबी गली गुमला के समीप से धर दबोचा। आरोपी को थाना लाने के बाद शुक्रवार देर शाम जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार गुमला थाना में 2008 मे दर्ज चोरी मामले मे टिंकू भुईया उर्फ टिंकू जायसवाल के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसके बाद से ही वह पुलिस से फरार चल रहा था।

# अनुभव के आधार पर भाजपा का उम्मीदवार, झारखंड में इन चेहरों पर लगाया दांव; जातीय समीकरण का पूरा ख्याल



**रांची, एजेंसी।** भाजपा ने झारखंड में लोकसभा की 14 में से 11 सीटों पर शनिवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दो सांसदों के टिकट कटे हैं। लोहरदगा से सांसद सुदर्शन भगत और हजारीबाग से जयंत सिन्हा को मौका नहीं मिला है। एसटी आरक्षित सीट लोहरदगा से राज्यसभा सांसद और अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव को टिकट दिया गया है।

दूसरी ओर विधायक मनीष जायसवाल को संसदीय क्षेत्र हजारीबाग से चुनावी रणक्षेत्र में उतारने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा भाजपा की पहली सूची में झारखंड में ज्यादा फेरबदल नहीं किया गया है। शेष बची दो सीटों पर निर्णय अगले चरण में होगा। गिरिडीह एनडीए गठबंधन के तहत आजसू पार्टी में जाएगा।

कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुई गीता कोड़ा को भाजपा ने सिंहभूम से अपना उम्मीदवार बनाया है। राजमहल से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को चुनाव में प्रत्याशी घोषित किया गया है। उन्होंने पार्टी छोड़ी थी और ढाई साल बाहर रहे। उन्होंने बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में मई 2022 में भाजपा में वापसी की और अब उन्हें टिकट भी दिया गया है।

पिछली बार राजमहल सीट पर भाजपा ने हेमलाल मुर्मू को मौका दिया था, लेकिन वे झामुमो के विजय हांसदा से हार गए थे। बाद में हेमलाल झामुमो में शामिल हो गए। एनडीए गठबंधन के तहत गिरिडीह सीट आजसू के हिस्से में जाएगी। धनबाद व चतरा सीट की घोषणा बाद में होगी।

हाल में हुए उपचुनावों में एनडीए का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। ऐसे में कई राजनीतिक विश्लेषक उम्मीद जता रहे थे कि कई सीटों पर भाजपा अपने प्रत्याशियों में फेरबदल करेगी। जिन सांसदों के टिकट संदेह के घेरे में थे उसमें पलामू से वीडी राम, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो, हजारीबाग से जयंत सिन्हा और लोहरदगा से सुदर्शन भगत का नाम था। लेकिन अंतत केवल सुदर्शन भगत और जयंत सिन्हा का टिकट काटा गया है।

उम्मीदवारों की सूची जारी करने में पूर्व की भांति ही जाति और समुदाय के प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा गया दिखता है। भाजपा की ओर से जारी सूची के साथ धनबाद के प्रधानमंत्री के भाषण पर गौर करें तो संसदीय चुनाव के लिए झारखंड के परिपेक्ष्य में पार्टी का आत्मविश्वास दिखता है। प्रधानमंत्री के भाषण से यह भी निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि भाजपा इस बार के चुनाव में झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन के विरुद्ध भ्रष्टाचार को एक बड़ा मुद्दा बनाएगी।

#### शुरुआती दौर में गठबंधन पर बढ़त

महागठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा अभी तय नहीं हो पाया है। राज्य में महागठबंधन में बड़े भाई की भूमिका निभाने वाला झामुमो निश्चित रूप से कांग्रेस के सामने ज्यादा सीटों की मांग रख रहा है। वामदलों के गठबंधन में शामिल होने से कोडरमा और हजारीबाग के सीट पर क्रमश सीपीआई माले एवं सीपीआई की ओर से दावेदारी की जा रही है। ऐसा में सियासी जानकारों की मानें तो चुनावी समर में प्रत्याशियों का नाम समय पर घोषित कर भाजपा ने फिलहाल महागठबंधन के सामने बढ़त बना ली है। यह बढ़त वास्तविक जीत में बदल पाती है या नहीं यह देखना होगा। फिलहाल मोदी की गारंटी, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के लहर पर सवार भाजपा निश्चित रूप से आत्मविश्वास से भरी दिख रही है। वहीं दूसरी ओर महागठबंधन अपने नेता के जेल में होने अनिर्णय की स्थिति में दिख रही है।

#### धनबाद-चतरा में जातीय समीकरण को ले मशक्कत

भाजपा की पहली सूची में दो सीटों चतरा और धनबाद पर उम्मीदवारों की घोषणा अगले चरण में होगी। एनडीए गठबंधन के तहत गिरिडीह सीट आजसू पार्टी के हिस्से जाएगी। धनबाद सीट से फिलहाल पीएन सिंह सांसद है, चतरा से सुनील सिंह वहीं गिरिडीह सीट सहयोगी आजूस के खाते में है, जहां से चंद्रप्रकाश चौधरी सांसद हैं।

#### ओबीसी पर नजर, सोशल इंजीनियरिंग पर ध्यान

भाजपा ने हजारीबाग, जमशेदपुर, कोडरमा और रांची की सामान्य सीट पर ओबीसी समाज के प्रत्याशी को उतारा है। गोड्डा से निशिकांत दुबे ब्राह्मण समाज से हैं। अन्य सीटें सुरक्षित श्रेणी की हैं। वैश्य समाज से मनीष जायसवाल, महतो ( कुड़मी) समाज से विद्युत वरण महतो और यादव समाज से अन्नपूर्णा देवी को टिकट देकर पार्टी ने ओबीसी समाज को साधने की भी भरपूर कोशिश की है। चतरा और धनबाद दोनों ही सीट भाजपा के पास है। चतरा से सुनील सिंह और धनबाद से पीएन सिंह दोनों राजपूत समुदाय से आते हैं। इन दोनों सीटों पर एक ही समुदाय के प्रत्याशी देने से पार्टी बचने का प्रयास कर रही है। कहा जा रहा है कि दोनों सीटों पर भाजपा में जातीय समीकरण को लेकर मशक्कत जारी है।

#### रास चुनाव को लेकर भी गणित तेज

झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों पर 21 मार्च को चुनाव होंगे। राज्यसभा सांसद समीर उरांव को लोकसभा का टिकट दिए जाने के बाद स्पष्ट हो गया है कि भाजपा किसी अन्य को राज्यसभा चुनाव में उतारेगी। कई नामों की चर्चा हो रही है। पूर्व मेयर आशा लकड़ा के बाद अब टिकट कटने के बाद सुदर्शन भगत का नाम भी उभर रहा है। जयंत सिन्हा ने प्रत्याशियों की घोषणा से पहले ही खुद को राजनीति से दूर करने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी।

# झारखंड की इस सीट पर पहली बार बीजेपी ने उतारी महिला उम्मीदवार



**चाईबासा, एजेंसी।** सिंहभूम सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट से गीता कोड़ा ही लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। शनिवार को भाजपा ने सिंहभूम सीट से अपने प्रत्याशी के तौर पर गीता कोड़ा के नाम की घोषणा कर दी है।

झारखंड प्रदेश भाजपा चुनाव समिति की ओर से सिंहभूम लोकसभा के लिए कांग्रेस से भाजपा में आयी वर्तमान सांसद गीता कोड़ा और चाईबासा विधानसभा सीट से 2015 और 2020 को चुनाव लड़ चुके जेबी तुबिद के नामों को भेजा गया था। प्रदेश समिति द्वारा उपरोक्त दोनों नामों को केंद्रीय समिति के पास भेजने के बाद गीता कोड़ा के नाम पर ही अंतिम सहमति बनी। दो बेटियां व एक बेटा की मां गीता कोड़ा भाजपा से सिंहभूम सीट से चुनाव लड़ने वाली पहली महिला प्रत्याशी हैं। 26 सितंबर 1983 को जन्मी गीता कोड़ा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 2009 में जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से जीत दर्ज कर की थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्हें भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण गिलुवा से हार का सामना करना पड़ा था। इसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में गीता कोड़ा ने जगन्नाथपुर विधानसभा से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। इसके बाद 2019 में गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट से सिंहभूम सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा और भाजपा प्रत्याशी रहे लक्ष्मण गिलुवा को बड़े अंतर से हराकर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायी थी।

2024 का चुनाव अब गीता कोड़ा भाजपा के टिकट से लड़ेंगी। भाजपा की ओर से सिंहभूम लोकसभा से गीता कोड़ा नाम बतौर प्रत्याशी घोषित करने की खबर से पश्चिमी सिंहभूम के भाजपाइयों में हर्ष देखा जा रहा है। खासकर सिंहभूम में पिछले पांच साल में कोई विकास का काम नहीं हुआ।

# टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम में निवेश कर रहा है, दूसरे क्षेत्र में भी संभावना तलाश रहे हैं : चंद्रशेखरन



**जमशोदपुर, एजेंसी।** टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने संस्थापक दिवस पर संस्थापक जेएन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पोस्टल पार्क में शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम में निवेश कर रहा है। टाटा स्टील यह संभावना भी तलाश कर रहा है कि यहां अन्य किस क्षेत्र में निवेश किया जा सकता है। ताकि इस शहर के साथ टाटा स्टील का जो लगाव है उसे और मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील का भविष्य काफी अच्छा है। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों को बताया और विश्व स्तर पर हो रही बदलाव में भारत की भूमिका का भी उन्होंने उल्लेख किया। इसके पहले उन्होंने सुबह टाटा मोटर्स में संस्थापक को श्रद्धांजलि दिया। टाटा स्टील में एमडी टीवी नरेंद्रन के साथ उन्होंने जेएन टाटा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एन चंद्रशेखरन ने पोस्टल पार्क से सामाजिक संगठनों द्वारा निकाली गयी झांकियों को झंडा दिखाकर रवाना किया।

# रांची में फिर लूट की वारदात, पिस्टल की नोक पर दुकानदार से 1 लाख का जेवर लेकर फरार



**रांची, एजेंसी।** राजधानी में अपराधी और बदमाश बेखौफ हो चुके हैं। उनमें पुलिस प्रशासन का भय समाप्त हो गया है। यही कारण है कि रांची में लगातार लूट की वारदातों को अंजाम अंजाम दिया जा रहा है। नया मामला सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के हरमू स्थित मधुकम का है। यहां आधुनिक ज्वेलर्स के संचालक श्याम प्रसाद से हथियार के बल पर अपराधियों ने एक लाख रुपए से अधिक के जेवरात लूट लिए। वारदात मंगलवार की रात को उस समय हुई, जब जेवर व्यवसायी प्रतिष्ठान को बंद करके घर जा रहा था। प्रतिष्ठान संचालक श्याम प्रसाद ने सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

**शोर सुनकर आसपास रहने वाले लोग जुटे :** घटना के बाद उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग भी जुट गए। लेकिन तब तक दोनों अपराधी जेवर लेकर भाग निकले थे। इसके बाद वह सुखदेवनगर थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के बाद पुलिस ने खोजबीन की। मगर अब तक अपराधियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

पीछाकर करके स्कूटी रुकवा ली लुटेरों ने

हरमू निवासी श्याम ने पुलिस को बताया कि उनकी दुकान पिस्कामोड़ में है। वह रोज की तरह भतीजा के साथ घर जा रहे थे। मधुकम क्राउन स्कूल के पास स्कूटी से पहुंचे, तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने पीछाकर गाड़ी रुकवा ली। अपराधियों ने दोनों पर पिस्टल सटा दी और जेवरात से भरा थैला, दुकान व लॉकर की चाबी को लूट लिया।

#### इधर, फिर कार का शीशा तोड़ लैपटॉप व कागजात की चोरी

रांची के हेहल निवासी डॉ निर्मल कुमार की कार का शीशा तोड़कर अपराधियों ने उसमें रखे लैपटॉप और कागजातों से भरे बैग को पार कर दिया। इस संबंध में डॉ निर्मल ने पंडरा ओपी में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज करायी है। डॉ निर्मल ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार की शाम पिस्कामोड़ दूध लाने के लिए गए थे। कार को मोर्या बैंक्वेट हॉल के पास खड़ा कर दिया था। दूध लाने के लिए वह भीतर गली में गए। कुछ देर बाद जब लौटे तो कार का शीशा टूटा पाया। जांच की तांच कार में रखा लैपटॉप व कागजातों से भरा बैग गायब था। अपराधियों ने शीशा तोड़ने के दौरान कार को स्क्रैच भी कर दिया। इसके बाद वह पंडरा ओपी पहुंचे और मामला दर्ज कराया। हालांकि अब तक पुलिस को चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

# कोल्हान में 742 क्रशर हो जाएंगे बंद

**जमशेदपुर, एजेंसी।** कोल्हान में क्रशर प्रोसेसिंग यूनिट पर संकट गहराने लगा है। नए नियम प्रभावी होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। 2022 से अधिकतर क्रशर यूनिट की खनन पट्टों की अवधि समाप्त हो गई है। नए नियम के अनुसार, खनन पट्टा से 5 किमी के दायरे में ही क्रशर का संचालन करने का निर्देश है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के पहले के लिए गए निर्णय से क्रशर संचालकों की परेशानी बढ़ गई है। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शशि मौर्या ने बताया कि बोर्ड के इस नियम के प्रभावी होने से पहले से संचालित अधिकांश क्रशर के बंद होने की आशंका बढ़ जाएगी। कोल्हान में कम से कम 742 क्रशर प्रोसेसिंग यूनिट बंद होने के कगार पर है। माइंस एंड मिनरल उपसमिति के चेयरमैन नितेश शारदा ने कहा कि अधिकांश खनन पट्टों की अवधि समाप्त हो गई है, जिसके चलते इस नियम के प्रभावी होने से अधिकांश क्रशर उद्योग प्रभावित होंगे। उद्योगों के बंद होने की स्थिति में क्रशर व्यवसायियों को वित्तीय नुकसान तो होगा। वहीं, इस उद्योग से जुड़े लाखों लोगों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या भी उत्पन्न हो जाएगी और राजस्व का बड़ा नुकसान होगा।

# साथ बैठ कर शराब पी रहे दोस्त ने ही युवक को गला रेत कर मार डाला

**धनबाद/झरिया, एजेंसी।** झरिया थाना क्षेत्र के भालगोरा में युवक अहमद अंसारी (22 वर्ष) की नृशंस हत्या कर दी गई। हत्यारों ने तेज धारदार हथियार से गला रेतने के बाद युवक के प्राइवेट पार्ट को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। अहमद का शव भालगोरा चार नंबर तारा बागान मैदान की खुली झाड़ी में शनिवार की शाम करीब पांच बजे मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव को देखने के लिए आसपास के काफी संख्या में लोग जुट गए। बाद में शव की पहचान शमशेर नगर इमामबाड़ा निवासी रहमत अली का बड़े पुत्र अहमद अंसारी (22 वर्ष) के रूप में की गई। हत्या से आक्रोशित लोगों ने झरिया-सिंदरी मुख्य सड़क को चार घंटे जाम कर दिया। हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर झरिया थाने का भी घेराव किया। मामले में पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है।

जानकारी मिली है कि अहमद अपने कुछ दोस्तों के साथ तारा बागान स्थित मैदान में गया था। सभी दोस्तों ने वहीं के रहने वाले संतोष नामक एक शराब विक्रेता से शराब मंगवाई और शराब पीने बैठे थे। इसी दौरान उनमें से ही एक युवक ने धारदार हथियार से अहमद अली का गला रेत दिया। इसके बाद सभी युवक भाग खड़े हुए। गला रेतने के बाद अहमद अली दौड़ते हुए मैदान की तरफ गया और गिर गया। वहीं पर उसकी मौत हो गई।

#### पुलिस पर भड़के परिजन

अहमद का शव मिलने की सूचना पर उसकी मां के कैशर परवीण, पिता रहमत अली, भाई सहमत, अजमत, बहन नासिर और आफरीन घटनास्थल पहुंचकर रोने लगे और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। मां कैसर परवीन ने हत्या का आरोप वहीं के रहनेवाले अहमद के दोस्त अनवर ढकइया का पुत्र छोटू एवं फजल का पुत्र भोंन्टा उर्फ विक्की पर हत्या का आरोप लगाया। खबर पाकर झरिया पुलिस झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार और बोर्रागढ़ पुलिस ने पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने शव उठने नहीं दिया। लोगों ने करीब चार घंटे तक झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग को तीन जगहों पर जाम कर दिया। झरिया थाना का भी घेराव किया। लोग आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने किसी तरह से लोगों को समझाया बुझाया और छह लोगों को हिरासत में लिया। इसके बाद समझा बुझाकर कर परिजनों को शांत किया। रात करीब नौ बजे शव को पुलिस ने धनबाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है। यहां स्थिति अनियंत्रित देख अतिरिक्त पुलिस बल भी मंगा लिया गया है। सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र कुमार राउत, झरिया सीओ राम सुमन प्रसाद के अलावा काफी संख्या में अधिकारी और पुलिस बल पहुंच गए थे।


मृतक अहमद अंसारी राजस्थान में चूड़ी का काम करते थे। कुछ माह पूर्व ही झरिया आए थे। वहीं अहमद की पत्नी जुलेखा, डेढ़ साल की बेटी के साथ मायके गिरिडीह बेंगाबाद में रहती रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिनों से वह अत्यधिक शराब पी रहा था। आज सुबह से ही कुछ दोस्तों के साथ शराब पीते देखा गया। वही जिस क्षेत्र में हत्या हुई है, उस क्षेत्र में आसपास के भारी संख्या में अवैध रूप से शराब व जुआ अड्डा है। इससे पूर्व भी कई अपराधी घटना भी घट चुकी है। हत्या क्यों हुई है, इसका खुलासा पुलिस जांच से ही हो पाएगा।

# सेना भूमि घोटाले में अफसर अली की जमानत पर ईडी से मांगा जवाब, 15 मार्च को होगी सुनवाई

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद की अदालत में बरियातू स्थित सेना की जमीन खरीद-बिक्री मामले में आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 15 मार्च को निर्धारित की गई।

प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया उसके खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। वह पिछले साल 14 अप्रैल से जेल में है।

इसे देखते हुए उसे जमानत प्रदान की जाए। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व ईडी कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।



बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

बता दें कि झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने ईडी से सवाल किए और जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

इधर, सेना भूमि घोटाला मामले में ही सुप्रीम कोर्ट में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई हुई। इस मामले में भी कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है।